CMYK

अधिकतम :23°C
न्यूनतम: 08°C
73,198.10
22,124.70
87,325
97,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, सोमवार 3 मार्च 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 52 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2081 2 रमजान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

# यूपी में एक्सप्रेस-वे पर नहीं बिक सकेगी शराब

## सड़क हादसों को लेकर मुख्यमंत्री योगी गंभीर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में होने वाले सड़क हादसों को रोकने के लिए हाईवे के किनारे स्थित दुकानों में शराब बिक्री रोकने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि ओवर स्पीडिंग, ड्रंकन ड्राइव, गलत साइड पर गाड़ी चलाना, जंपिंग रेड लाइट एवं मोबाइल फोन का उपयोग सड़क दुर्घटना घटित होने के मुख्य कारण हैं। इसके लिए लोगों में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि अक्सर यह देखा गया है कि शराब की दुकानों के साइनेज बहुत बड़े होते हैं, इन्हें छोटा किया जाए। बिना परमिट की बसें सड़कों पर न चलने पाएं। डग्गामार वाहनों एवं ओवरलोडेड ट्रकों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करें। दूसरे प्रदेश से आने वाले बिना परमिट के वाहनों को बॉर्डर पर रोकें। सीएम योगी ने कहा कि ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन एवं व्हीकल एसोसिएशन से संवाद स्थापित कर यह सुनिश्चित कराएं कि लंबी दूरी के वाहनों पर दो ड्राइवर हों। बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने इसको नियंत्रित करने के लिए दुर्घटना के कारकों को खोजने एवं लोगों में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यह आवश्यक है कि जनपद स्तर पर प्रत्येक माह एवं मंडल स्तर पर त्रैमासिक मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक अनिवार्य रूप से हो। उन्होंने कहा कि प्रदेश के छह मंडलों अयोध्या, प्रयागराज, वाराणसी, आजमगढ़, सहारनपुर एवं आगरा मंडल में पिछले वर्ष हुई सिर्फ एक ही बैठक हुई है, जिसे बढ़ाने की आवश्यकता है। बस्ती, लखनऊ, गोरखपुर और मिर्जापुर में हुई चार बैठकों पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटना में घायल हुए लोगों के उपचार के विषय में चिंता करते हुए कहा कि सभी एक्सप्रेस-वे के दोनों तरफ फूड प्लाजा की तरह अस्पताल की व्यवस्था करें। साथ ही सभी मंडल मुख्यालयों के -शेष पृष्ठ दो पर



### राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में दिए निर्देश

- बिना परमिट की बसें सड़कों पर न चलने पाएं
- दूसरे प्रदेश से आने वाले बिना परमिट के वाहनों को बॉर्डर पर रोकें
- डग्गामार वाहनों एवं ओवरलोडेड ट्रकों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करें
- लंबी दूरी के वाहनों पर दो ड्राइवर हों

### वर्ष 2024 में 46052 सड़क दुर्घटनाएं हुई 24 हजार से अधिक लोगों की गई जान



सड़क दुर्घटनाओं के वार्षिक आंकड़ों पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2024 में 46052 सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं। इसमें 34600 लोग घायल हुए हैं, जबकि 24 हजार से अधिक मौतें हुई हैं, जो कि अत्यंत दुखद है। इसे हर हाल में न्यूनतम करना होगा। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाकर सामूहिक प्रयासों के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करें। साथ ही प्रदेश के सभी मार्गों पर ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर उन्हें ठीक कराएं। मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटना में घायल हुए लोगों के उपचार के विषय में चिंता करते हुए कहा कि सभी एक्सप्रेस-वे के दोनों तरफ फूड प्लाजा की तरह अस्पताल की व्यवस्था करें।

# चमोली एवलॉन्च में 8 की मौत, रेस्क्यू अभियान पूरा

## 46 श्रमिक सुरक्षित निकाले गए, घायलों को एम्स में कराया भर्ती

शाह टाइम्स संवाददाता



**चमोली।** चीन सीमा पर माणा के पास शुक्रवार को हिमस्खलन की चपेट में आए सभी लोगों को ढूंढ़ लिया गया है, जिसमें से 46 सुरक्षित हैं, जबकि आठ की मौत हो गई। रविवार को लापता सभी चार श्रमिकों के शव रेस्क्यू टीम ने बरामद कर लिए हैं। जबकि चार श्रमिकों के शव शनिवार को बरामद हो गए थे।

वहीं, रविवार को एक अन्य घायल को एम्स ऋषिकेश के लिए रेफर कर दिया गया है, जबकि एक घायल श्रमिक शनिवार को रेफर किया गया था। इसके साथ ही तीन दिनों से चला आ रहा रेस्क्यू अभियान भी समाप्त हो गया। बता दें कि माणा के पास शुक्रवार तड़के भारी हिमस्खलन हुआ था, जिसकी चपेट में बीआरओ के 54 श्रमिक आ गए थे। हादसे के दूसरे दिन शुक्रवार को 17 लोगों को निकाला गया था। शनिवार को 33 लोग निकाले गए थे। इन्हीं में से चार लोगों की मौत हुई थी। पहले लापता मजदूरों की संख्या 55 बताई गई थी, लेकिन शनिवार को पता चला कि एक मजदूर बिना बताए कैंप से अपने गांव चला गया था। आईटीबीपी और सेना के जवानों ने शुक्रवार सुबह रेस्क्यू अभियान शुरू किया था। पहले दिन 33 श्रमिकों को सुरक्षित निकाला गया था। शनिवार को रेस्क्यू अभियान में एनडीआरएफ भी शामिल हुई। शनिवार तक रेस्क्यू टीमों ने 46 श्रमिकों को सुरक्षित निकाल लिया था, जबकि चार श्रमिकों के शव -शेष पृष्ठ दो पर

### मृतकों का विवरण

अनिल कुमार (21) पुत्र ईश्वरी दत्त, ठाकुर नगर रुद्रपुर ऊधमसिंह नगर, उत्तराखंड।
अशोक (28) पुत्र रामपाल, गंगहोल बेनाऊ फतेहपुर, उत्तर प्रदेश।
हरमेश (31) पुत्र ज्ञानचंद्र, कुठार ऊना, हिमाचल प्रदेश।
मोहिंदर पाल (42) पुत्र देशराज, हिमाचल।
आलोक यादव, निवासी कानपुर, उत्तर प्रदेश।
मंजीत यादव पुत्र शंभू, निवासी सरवान, उत्तर प्रदेश।
जितेंद्र सिंह (26) पुत्र कुलवंत सिंह, बिलासपुर, उत्तर प्रदेश।
अरविंद कुमार सिंह (43) पुत्र देवेंद्र कुमार, निवासी गोकुल धाम भगत निवास, न्यू कालोनी क्लेमेंटाउन, देहरादून।

## ऊंचाई वाले स्थानों पर रहने वाले को किया जाए अलर्ट: सीएम पुष्कर धामी

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार प्रात: राज्य आपदा परिचालन केंद्र पहुंचे और चमोली में हुई आपदा के सर्च एवं रेस्क्यू अभियान का अपडेट लिया। उन्होंने घटनास्थल पर सर्च और रेस्क्यू अभियान में लगे हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि रेस्क्यू किए गए सलामत 46 लोगों को समुचित चिकित्सा के लिए हायर सेंटर रेफर करें। मृतकों को समुचित औपचारिकता पूर्ण करते हुए उनके परिजनों को सुपुर्द किया जाए। मुख्यमंत्री ने स्थानीय जिला प्रशासन और संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि जहां -शेष पृष्ठ दो पर

### दूसरा रोज़ा

## रोज़ा ईमान की कसावट



रोजा ईमान की कसावट है। रोजा सदाकत की तरावट और दुनियावी ख्वाहिशों पर रुकावट है। दिल अल्लाह के जिक्र की ख्वाहिश कर रहा है, तो रोजा इस ख्वाहिश को रवानी देता है और ईमान को नेकी की खाद और पाकीजगी का पानी देता है, लेकिन रोजा रखने पर दिल दुनिया की ख्वाहिश करता है, तो रोजा इस पर रुकावट पैदा करता है। मुकद्दस रमजान में अल्लाह का फरमान है, कुरआन पाक के मानने वालों रोजा तुम पर फर्ज है।




## मोदी ने रमजान महीने की शुरुआत पर दी शुभकामनाएं



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने रविवार को रमजान का महीना शुरू होने पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए इस अवसर पर समाज में शांति और सद्भाव की कामना की है। श्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि रमज़ान का पवित्र माह शुरू हो रहा है, उम्मीद है कि यह हमारे समाज में शांति और सद्भाव लेकर आएगा। यह पवित्र महीना आत्मचिंतन, कृतज्ञता और आस्था का प्रतीक है, साथ ही यह हमें करुणा, दया और सेवा के मूल्यों की याद दिलाता है।

# पूर्व सेबी चीफ माधबी बुच और 5 अन्य के खिलाफ होगी FIR

मुंबई, वार्ता

**शेयर बाजार धोखाधड़ी मामले में मुंबई की एक विशेष अदालत ने जारी किया आदेश**

**मुंबई की एक** विशेष अदालत ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को शेयर बाजार में कथित धोखाधड़ी और विनियामक उल्लंघन के आरोप में पूर्व सेबी अध्यक्ष माधबी पुरी बुच और पांच अन्य अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है।

मुंबई स्थित विशेष एसीबी अदालत के न्यायाधीश शशिकांत एकनाथराव बांगर ने कहा कि प्रथम दृष्ट्या विनियामकीय चूक और मिलीभगत के सबूत हैं, जिसकी निष्पक्ष जांच की आवश्यकता है। अदालत ने कहा कि वह जांच की निगरानी करेगा और 30 दिनों के भीतर मामले की स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। अदालत ने आदेश में यह भी कहा है कि आरोपों से संज्ञेय अपराध का पता चलता है, जिसके लिए जांच जरूरी है। आदेश में कहा गया है कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की निष्क्रियता के कारण सीआरपीसी (आपराधिक प्रक्रिया संहिता) के प्रावधानों के तहत न्यायिक हस्तक्षेप की जरूरत है। शिकायतकर्ता, जो एक मीडिया रिपोर्टर है, ने कथित अपराधों की जांच की मांग की थी, जिसमें बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी, विनियामक उल्लंघन और भ्रष्टाचार शामिल है।

## केंद्रीय मंत्री रक्षा खडसे की बेटी से छेड़छाड़

**जलगांव।** महाराष्ट्र के जलगांव में केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे की बेटी के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। जलगांव के मुक्ताई नगर इलाके में एक मेले के दौरान कुछ लड़कों ने केंद्रीय मंत्री की बेटी और उसकी सहेलियों से छेड़खानी की। मामले की शिकायत खुद मंत्री रक्षा खडसे ने मुक्ताई नगर थाने में की है। एसडीपीओ कृष्णत पिंगले ने बताया कि 28 फरवरी को कोथली गांव में एक यात्रा थी। इसी यात्रा में अनिकेत घुई और उसके 7 दोस्तों ने 3-4 लड़कियों का पीछा किया और उनके साथ छेड़छाड़ की। हमने पोक्सो (प्रिवेंशन ऑफ चाइल्ड फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंस) एक्ट के साथ-साथ आईटी (इन्फार्मेशन) एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया है। एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाकियों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें भेजी गई हैं।




# मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को सभी पदों से हटाया



**बसपा प्रमुख ने कहा: अब मेरे जीवित रहने तक कोई नहीं होगा उत्तराधिकारी**

**लखनऊ।** यूपी में कभी राज करने वाली बसपा में घमासान चल रहा है। रविवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने बड़ा फैसला किया। उन्होंने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया। आकाश के ससुर अशोक सिद्धार्थ के निष्कासन के बाद उनका यह दूसरा बड़ा फैसला है।

वहीं आकाश के भाई आनंद कुमार और रामजी गौतम को बड़ी जिम्मेदारी दी। दोनों को नेशनल कोऑर्डिनेटर बनाया गया है। इस मौके पर मायावती ने कहा कि अब मेरे जिंदा रहने तक कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा। पार्टी और मूवमेंट के हित में रिश्ते नातों का कोई महत्व नहीं है। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि अब मैंने खुद भी यह फैसला लिया है कि मेरे जीते जी व मेरी आखिरी सांस तक भी अब पार्टी में मेरा कोई भी उत्तराधिकारी नहीं होगा। जिस फैसले का पार्टी के लोगों ने दिल से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मेरे लिए पार्टी व मूवमेन्ट पहले है। भाई-बहन व उनके बच्चे तथा अन्य रिश्ते नाते आदि सभी बाद में हैं।



# बहस का अभेद्य किला है संसद संवाद : धनखड़

**तिरुवनंतपुरम, वार्ता**



■ तिरुवनंतपुरम में बोले उपराष्ट्रपति

संसद में संवाद और विचार-विमर्श और बहस का अभेद्य किला है। संसद को लोगों के लिए आदर्श बनना चाहिए। यह एक ऐसा मंच होना चाहिए जो लोगों की आकांक्षाओं को वास्तविकता में बदल सके। ये विचार उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने व्यक्त किए। वे रविवार को तिरुवनंतपुरम में 4वीं श्री पी. परमेश्व. रन मेमोरियल व्याख्यान में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत अब सपेरों के देश के रूप में नहीं पहचाना जाता है। भारत पूरी दुनिया को अपने सामर्थ्य से आकर्षित कर रहा है, जो पूरी दुनिया के लिए संभावनाओं से भरा हुआ है।

भारत की हालिया दशक में वृद्धि की दिशा पर विचार करते हुए जगदीप धनखड़ ने कहा कि जन-केंद्रित नीतियों और पारदर्शी, जिम्मेदार शासन ने पारिस्थितिकी तंत्र में उत्तेजना प्रदान की है। 1.4 बिलियन की जनसंख्या वाला एक राष्ट्र भारत है, जो परिवर्तन ग्रामीण क्षेत्र में आया है, उससे भारत की आर्थिक वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा किहर घर में शौचालय, बिजली कनेक्शन, पानी कनेक्शन आने वाला है। गैस कनेक्शन, कनेक्टिविटी, इंटरनेट और सड़क, रेल और स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में सहायक नीतियां, ये हमारे विकास की दिशा को परिभाषित करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह आर्थिक पुनर्जागरण, जो कुछ साल पहले तक कल्पना से परे, विचार से परे, सपनों से परे था, वह हमारे सनातन का सार है। समावे. शिता, भेदभाव रहित, समान और निष्पक्ष विकास के परिणाम और फल एक और सभी के लिए हैं। यह प्रयास किया गया है, चाहे कोई भी योग्यता, जाति, धर्म, रंग हो, लाभ उन तक पहुं. चना चाहिए जो आखिरी लाइन में हैं और यह बड़ी सफलता से किया जा रहा है। संवाद और विचार-विमर्श के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि मैं आपको अपनी चिंता, अपना दर्द साझा करना चाहता हूं। संसद को लोगों के लिए आदर्श बनना चाहिए। यह एक ऐसा मंच होना चाहिए, जो लोगों की आकांक्षाओं को वास्तविकता में बदल सके। इसे संवाद, बहस, चर्चा और विचार-विमर्श का अभेद्य किला होना चाहिए और ये पहलू संविधान सभा द्वारा तीन वर्षों में 18 सत्रों में प्रदर्शित किए गए थे और आज हम क्या देखते हैं? संवाद, विचार-विमर्श और अन्य पहलुओं को विघटन और व्यवधान ने दबा लिया है।

# ऋण उपलब्ध कराने में तेजी लाएं अधिकारी: योगी

## यूपी के सभी 18 मंडलों के लिए सीएम आदित्यनाथ का बड़ा निर्णय

**लखनऊ, वार्ता**



■ प्रदेश से पीतल, कारपेट और ग्लास का बड़े पैमाने पर हो रहा निर्यात

शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारी, बैंकर्स कमेटी से जुड़े लोग नए वित्तीय वर्ष 2025-26 में सीडी रेशियो 67 से 70 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य लेकर प्रयास करें। ये आदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऋण जमानुपात (सीडी रेशियो) व मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा बैठक में दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे युवाओं के पास विजन और इनोवेशन के साथ युवाओं में आगे बढ़ने का सामर्थ्य है। बैंकों के सहयोग से राज्य सरकार मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के माध्यम से युवाओं को पूंजी उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है, ताकि यहां के युवा नए भारत के नए उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा को और आगे बढ़ा सकें। इस अभियान से जुड़ने वाले युवाओं की ट्रेनिंग भी कराई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में सर्वाधिक युवा आबादी वाले उत्तर प्रदेश के युवाओं की असी. मित क्षमता को गति देने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की शुरुआत 24 जनवरी 2025 (यूपी दिवस) को की गई थी। इसके अंतर्गत एक वर्ष में कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कम से कम एक लाख युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ना है। इस अभियान से उत्पाद व सेवा क्षेत्र में एक लाख नई इकाइयां स्थापित होंगी। अभियान के अंतर्गत प्रथम चरण में प्रत्येक लाभार्थी युवा को पांच लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। दूसरे चरण में यह धनराशि 10 लाख रुपये होगी। इस योजना के अंतर्गत एक माह में ही लगभग ढाई लाख पंजीकरण किए जा चुके हैं, जिनमें 93 हजार से अधिक आवेदन बैंकों को प्रेषित किए गए हैं। बैंकों द्वारा 9013 युवाओं को 348 करोड़ रुपये के ऋण प्रदान भी किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि संबंधित बैंक मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराने में तेजी लाएं। इसके लिए बैंक हर जनपद की हर ब्रांच का टारगेट तय करें। परंपरागत कार्यों से जुड़े युवाओं को ऋण उपलब्ध कराने में वरीयता दी जाए तथा विभिन्न सेक्टर से जुड़े युवाओं को ऋण प्रदान किए जाएं। बैंक द्वारा उपलब्ध कराया गया ऋण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा बैंकों के व्यवसाय को आगे बढ़ाने में कारगर सिद्ध होगा। ऋण वितरण के लिए सभी 18 मंडलों में कैंप लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि युवा ने जिस क्षेत्र में ट्रेनिंग प्राप्त की है, उस क्षेत्र में ही उसे बैंकों द्वारा ऋण उपलब्ध कराया जाए। बैंक में लोन के लिए अप्लाई करने से पहले आवेदकों की स्क्रीनिंग की जाए।

### समय-समय पर आयोजित कराएं रोजगार मेले

उत्तर प्रदेश 15.16 हजार करोड़ रुपये के पीतल उत्पाद (मुरादाबाद), 12.14 हजार करोड़ रुपये के कारपेट (वाराणसी, मीरजापुर, भदोही) और चार से पांच हजार करोड़ रुपये के ग्लास आइटम्स (फिरोजाबाद) का निर्यात कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संबंधित विभागों द्वारा समय-समय पर रोजगार मेले आयोजित कराए जाएं। सीडी रेशियो में पिछड़े 20 से 25 जनपदों में आगामी मार्च-अप्रैल माह में रोजगार मेले लगाए जाएं। इसमें विभिन्न कंपनियों को शामिल किया जाए तथा युवाओं को रोजगार के सर्टिफिकेट वितरित किए जाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### आगरा में दो बाइकों की भिड़ंत में पांच लोगों की मौत

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा के थाना कागारौल क्षेत्र में जगनेर मार्ग के गहर्राकलां रोड पर शनिवार देर रात बुलेट मोटर साइकिल और बाइक की आमने-सामने की जबरदस्त टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल है। हादसा कल रात करीब साढ़े दस बजे हुआ। एक बाइक पर चार व दूसरी बुलेट बाइक पर दो युवक थे। बुलेट सवार दो युवकों में एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। दूसरी बाइक सवार चारों युवकों की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव एसएन मेडिकल कॉलेज में भिजवाए। मृतकों में चार सैंया क्षेत्र के रहने वाले थे और एक किरावली का रहने वाला था। पुलिस के अनुसार सैंया में रेलवे स्टेशन के पास रहने वाले चार लोग गढ़मुक्खा में शादी समारोह से लौट रहे थे। चारों आपस में चाचा-ताऊ के लड़के थे। बेहद गरीब परिवार के थे। पुलिस ने बताया कि सैंया के रहने वाले भगवान दास (35), वकील (30), रामस्वरूप (28) और सोनू (25) शनिवार की शाम को अपनी बाइक से रिश्तेदार की साली की शादी में भाग लेने के लिए गढ़मुक्खा गए थे। वहीं बुलेट पर गहर्राकलां, कागारौल निवासी करन और कन्हैया कागारौल जा रहे थे। एसीपी देवेश कुमार ने बताया कि घटनास्थल पर पांच लोगों की मौत हो चुकी थी, जबकि घायल कन्हैया को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### कांग्रेस ने पार्टी कार्यकर्ता हिमानी की हत्या पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने हरियाणा के रोहतक में पार्टी कार्यकर्ता हिमानी नरवाल की हत्या पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए घटना की जांच करने की राज्य सरकार से मांग की है। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक एक्स पेज पर कहा कि हरियाणा के रोहतक में कांग्रेस कार्यकर्ता हिमानी नरवाल की बर्बर हत्या का समाचार बहुत दुखद और पीड़ादायक है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति और परिजनों को दुख सहने की शक्ति दें। मुश्किल समय में हम पूरे परिवार के साथ खड़े हैं। पार्टी ने घटना की जांच की मांग करते हुए इसे शर्मनाक बताया है और कहा है, हिमानी के साथ हुई इस क्रूर और शर्मनाक घटना की निष्पक्ष जांच हो और अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले।

## अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर बोला जबरदस्त हमला

# यूपी में लूट व बेईमानी की सरकार: सपा

**लखनऊ, वार्ता**



■ सरकारी संस्थाओं का निजीकरण करके नौकरियां और आरक्षण खत्म करने की साजिश कर रही

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी सरकार सरकारी संस्थाओं का निजीकरण करके नौकरियां और आरक्षण खत्म करने की साजिश कर रही है। साथ ही भाजपा सरकार 'लूट, झूठ और बेईमानी' की नीति पर काम कर रही है।

यादव ने रविवार को यहां जारी बयान में कहा कि पहले केन्द्र की भाजपा सरकार ने कई सरकारी संस्थाओं को निजी हाथों में सौंपा। अब उसी रास्ते पर चलते हुए उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार भी निजीकरण को बढ़ावा दे रही है। भाजपा सरकारें पूंजीपतियों के लिए काम करती है। उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत निगम को निजी हाथों में देने पर अमादा है। सरकार निजीकरण की आड़ में अरबों की सम्पत्तियां पूंजीपतियों को देना चाहती है। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार संविधान और आरक्षण विरोधी है। भाजपा पीडीए को नौकरियों और आरक्षण से दूर करने के लिए हर दिन नए-नए षड्यंत्र कर रही है।

भाजपा की नीति पीडीए विरोधी है। वह पीडीए से नफरत करती है। निजीकरण से सरकारी नौकरियां खत्म हो जाती है। निजी क्षेत्र मनमानी करके महंगाई बढ़ाते है, जिसका असर आम जनता पर पड़ता है। इसके साथ ही सरकारी संस्थाओं के निजी क्षेत्र में चले जाने से पीडीए को बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा संविधान में दिए गए आरक्षण का अवसर नहीं मिलता है। आज भाजपा सरकार की इस नीति के खिलाफ कर्मचारी और आम जनता सभी है, लेकिन अपने चंदे, मुनाफा और लाभ के लिए भाजपा सब कुछ अपने करीबी पूंजीपतियों के हाथों में सौंपने को तैयार है। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा की जन विरा. `धी सरकार को हटाने के लिए संकल्पित है।

### खड़गे, राहुल और प्रियंका ने दी देशवासियों को रमजान पर शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रमजान पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए सबकी खुशहाली की कामना की है। खड़गे ने रविवार को कहा कि रमज़ान शुरू हो गया है। हम सब भी प्रार्थना, क्षमा और दूसरों की सेवा की प्रतिबद्धता के लिए नए सिरे आशीर्वाद के रूप में इस पवित्र महीने को अपनाये। आइए हम अपने समुदायों में करुणा, शांति और सौहार्द फैलाने का प्रयास करें। रमज़ान मुबारक। गांधी ने कहा कि रमज़ान मुबारक।

### यूपी में अब दलितों की बारात भी नहीं रही सुरक्षित: सांसद चंद्रशेखर



**बिजनौर।** नगीना लोकसभा क्षेत्र के सांसद आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि उत्तर प्रदेश में दलितों की बारात अब सुरक्षित नहीं रही है। एक समाज विशेष द्वारा जानबूझकर दलितों के मान सम्मान पर हमला बोला जा रहा है। पिछले कुछ दिनों में दलितों पर अत्याचार की बाढ़ आ गई है। नगीना सांसद ने रविवार को अपने कैंप कार्यालय पर क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों से वार्ता कर निदान कराने का प्रयास किया। इस मौके पर उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि योगी सरकार दलितों पर अत्याचार पर चुप्पी साधे बैठी है। मथुरा में दो बेटियों के अपमान पर योगी सरकार मात्र एक लाख की सहयोग राशि देने की घोषणा करती है। पिछले कुछ दिनों में जितनी भी घटनाएं हुई हैं। उनसे वह बहुत दुखी हैं। भारत का संविधान हर व्यक्ति को आत्म सम्मान के साथ जीने का अधिकार देता है। आज दलित, पीड़ितों को ही पीटा जा रहा है। न्याय के लिए कोई आवाज उठाता है तो उसकी आवाज बंद करा दी जाती है। उन्होंने कहा कि चार मार्च को उड़ीसा के भुवनेश्वर और नौ मार्च को बिहार में रैली है। छह मार्च को पार्लियामेंट कमेटी की बैठक है। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन सहित लोकसभा क्षेत्र के काफी लोग मौजूद रहे। मुजफ्फनगर के भोकरहेड़ी से मेरठ में सरधना के ठाकुर चौबीसी के कालंदी गांव में आई बरात पर शनिवार दोपहर 10-12 युवकों ने हमला कर दिया।

# पार्टी लाइन के साथ चलें नेता: राहुल गांधी

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ केरल में हलचल के बीच बोले राहुल गांधी
■ वे एक हैं, इरादों को लेकर एकजुट भी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी की केरल यूनिट को मजबूत करने के लिए अनुशासन, एकता सुनिश्चित करने और खाली पदों को भरने पर जोर दिया था। बैठक के बाद दासमुंशी ने बताया कि यह एक स्पष्ट संकेत था और अगर कोई व्यक्तिगत रूप से कुछ भी कहता है, तो हम कड़ी कार्रवाई करेंगे, क्योंकि हमें यहां के लोगों का अपमान करने का कोई अधिकार नहीं है।

केरल कांग्रेस में भी हलचल को लेकर पार्टी नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि पार्टी के केरल के नेता एक हैं और मकसद के इरादे से एक हैं। राहुल का यह बयान कुछ दिन पहले कांग्रेस के शीर्ष नेताओं द्वारा अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले रणनीति और आगे के रास्ते पर चर्चा करने के लिए 'इंदिरा भवन' में पार्टी के नेताओं से विचार-विमर्श के बाद आया है। बैठक के बाद केरल के नेताओं की ओर से मीडिया को दी गई जानकारी की फोटो पोस्ट करते हुए राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर लिखा, वे एक हैं, वे मकसद की रोशनी से एकजुट हैं। अपने पोस्ट में उन्होंने हैशटैग 'टीम केरल' भी लिखा था। कांग्रेस के इंदिरा भवन मुख्यालय में करीब 3 घंटे तक चली बैठक में स्थानीय नेताओं के साथ हुई बैठक में राहुल गांधी ने कहा कि नेताओं को राजनीतिक रणनीति के बारे में बहुत सावधान रहना चाहिए। इसके अलावा उन्हें ऐसा कुछ भी नहीं करना या कहना चाहिए जो पार्टी लाइन के अनुरूप न हो। खड़गे और राहुल गांधी के अलावा, एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल, वायनाड से लोकसभा सांसद प्रियंका गांधी, केरल कांग्रेस प्रमुख के सुधाकरन, केरल विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता वी डी सतीशन, तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर और केरल की एआईसीसी प्रभारी दीपा दासमुंशी सहित अन्य लोग बैठक में मौजूद थे।

## अर्थ व्यापार

# वैश्विक व्यापार तनाव का रहेगा बाजार पर असर

**मुंबई, वार्ता**



वैश्विक व्यापार तनाव बढ़ने से जोखिमपूर्ण परिसंपत्तियों में निवेशकों का भरोसा डगमगाने से हुई बिकवाली से बीते सप्ताह करीब तीन प्रतिशत का भूचाल देख चुके घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मैक्सिकन और कनाडाई वस्तुओं पर 25 प्रतिशत का प्रस्तावित टैरिफ 04 मार्च से प्रभावी होने की घोषणा और स्थानीय स्तर पर फरवरी की वाहन बिक्री के आंकड़ों का असर रहेगा।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 2112.96 अंक अर्थात 2.81 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस को 73198.10 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 671.2 अंक यानी 2.94 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ 22124.70 अंक पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में अधिक बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 1782 अंक अर्थात 4.41 प्रतिशत कमजोर रहकर सप्ताहांत पर 38592.02 अंक और स्मॉलकैप 2773.1 अंक यानी 6.05 प्रतिशत लुढ़ककर 43082.90 अंक पर आ गया। विश्लेषकों के अनुसार, वैश्विक व्यापार तनाव बढ़ने से जोखिमपूर्ण परिसंपत्तियों में निवेशकों का भरोसा डगमगाने से बाजार में बीते सप्ताह भूचाल आ गया। इसका असर अगले सप्ताह भी बने रहने की आशंका है। ट्रंप ने गुरुवार को घोषणा की है कि मैक्सिकन और कनाडाई वस्तुओं पर 25 प्रतिशत का प्रस्तावित टैरिफ 04 मार्च से प्रभावी होगा। साथ ही चीनी आयात पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत शुल्क भी लागू किया जाएगा। यह निर्णय शुल्क में देरी होने की उम्मीद कर रहे निवेशकों की उम्मीदों के विपरीत है। इससे अगले सप्ताह पर बाजार पर दबाव रहने की संभावना है। साथ ही स्थानीय स्तर पर अगले सप्ताह फरवरी 2025 में वाहनों की हुई बिक्री का आंकड़ा जारी होगा, जिसका बाजार की चाल निर्धारित करने में अहम भूमिका होगा। इस बार के केंद्रीय बजट में ऑटोमोबइल क्षेत्र को समर्थन देने के लिए किए गए उपायों की बदौलत उम्मीद की जा रही है कि वाहनों की बिक्री के आंकड़े मजबूत रहेंगे। इनके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के रुख पर भी निवेशकों की नजर रहेगी।

### विदेशी मुद्रा भंडार उछलकर 640.5 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकारी (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढ़ोतरी होने की बदौलत 21 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.8 प्रतिशत के इजाफे के साथ 640.5 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन सप्ताह बाद 2.54 अरब डॉलर लुढ़ककर 635.7 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 21 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.3 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 543. 8 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इस अवधि में स्वर्ण भंडार 42.6 करोड़ डॉलर के इजाफे के साथ 74.6 अरब डॉलर हो गया।

# खाद्य तेलों में उबाल, दालों में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों में भारी गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग में तेजी रहने की बदौलत बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल उबल गए जबकि दालों में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा सप्ताहांत पर 118 रिंगिट लुढ़ककर 4731 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.57 सेंट की गिरावट लेकर 45.46 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान खाद्य तेलों में उबाल रहा। सरसों तेल 365 रुपये, सूरजमुखी तेल 219 रुपये, सोया रिफाइंड 294 रुपये, पाम ऑयल 366 रुपये और वनस्पति तेल 292 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया। वहीं मूंगफली तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। सप्ताहांत पर सरसों तेल 16116 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 18462 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16703 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 15751 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13553 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16336 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। दाल-दलहन: बीते सप्ताह दाल-दलहन बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 50 रुपये, दाल चना 50 रुपये और मूंग दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती जबकि अरहर दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई। वहीं मसूर दाल और उड़द दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सप्ताहांत पर चना 5950-6050, दाल चना 6950-7050, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9300-9400, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 7850-7950 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपये और चावल 3150-3250 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: बीते सप्ताह मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। साप्ताहांत पर चीनी एस. 3590-3690, चीनी एम. 4300-4400, मिल डिलीवरी 3470-3570 और गुड़ 4250-4350 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**यूपी में..** मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी मंडल मुख्यालयों के अस्पतालों में ट्रामा सेंटर, एंबुलेंस एवं ट्रेंड स्टाफ की तैनाती भी सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2024 में प्रदेश के 75 जनपदों में हुई दुर्घटनाओं में सबसे ज्यादा 20 जनपदों- हरदोई, मथुरा, आगरा, लखनऊ, बुलन्दशहर, कानपुर नगर, प्रयागराज, सीतापुर, उन्नाव, बाराबंकी, लखीमपुर खीरी, बरेली, अलीगढ़, गौतमबुद्धनगर, शाहजहांपुर, गोरखपुर, कुशीनगर, बदायूं, मेरठ और बिजनौर में जनहानि हुई है। प्रदेश में कुल हुई दुर्घटना मृत्यु में 42 प्रतिशत इन जनपदों से है। अस्पतालों में ट्रामा सेंटर, एंबुलेंस एवं ट्रेंड की स्टाफ को तैनाती भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेस-वे एवं हाइवे पर क्रेन, पेट्रोलिंग वाहन और एंबुलेंस की संख्या बढ़ाएं। प्रदेश में एनएचआई की 93 सड़कें हैं, इनमें से सिर्फ चार सड़कों पर कैमरे लगें, बाकी सड़कों पर भी कैमरे लगाएं। सीएम योगी ने कहा कि अक्सर यह देखा गया है कि सड़क पर करते समय भी बहुत सी दुर्घटनाएं हो जाती हैं, इसके दृष्टिगत एनएचआई की बहुत सी सड़कों पर फुट ओवर ब्रिज की आवश्यकता है, स्थानों को चिन्हित कर उनका भी निर्माण कराएं।

**चमोली एवलॉन्च...** बरामद हुए थे। उसके बाद लापता चल रहे चार अन्य श्रमिकों की खोजबीन के लिए रविवार को फिर तीनों रेस्क्यू टीमों ने सर्च अभियान चलाया। दोपहर करीब एक बजे पहले एक शव बरामद हुआ। उसके बाद दो अन्य श्रमिकों के शव भी बरामद हुए। अंतिम लापता व्यक्ति का शव दोपहर करीब चार बजे बरामद कर लिया गया। जिसके बाद हादसे में मृतकों की संख्या आठ हो गई। सात शव आर्मी अस्पताल ज्योतिर्मठ पहुंच गए हैं, एक शव अभी माणा क्षेत्र में है, उसे भी हेलीकॉप्टर से लाने की कार्रवाई की जा रही है। अंतिम व्यक्ति का शव मिलने के साथ ही रेस्क्यू अभियान भी समाप्त कर दिया गया। माणा से सभी श्रमिकों को हेलीकॉप्टर से ज्योतिर्मठ स्थिति सेना के अस्पताल में लाया गया है। सबसे बाद में मिले शव को भी लाने का प्रयास किया जा रहा है। रेस्क्यू अभियान में सेना के सात और एक निजी हेलीकॉप्टर की मदद ली गई। जिनसे श्रमिकों को माणा से ज्योतिर्मठ लाया गया। दो श्रमिक एम्स ऋषिकेश भेजे गए। अन्य का आर्मी अस्पताल ज्योतिर्मठ में उपचार चल रहा है। सबसे ज्यादा यूपी-बिहार और उत्तराखंड के मजदूर :-54 मजदूरों में बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के 11-11, हिमाचल प्रदेश के 6, जम्मू-कश्मीर और पंजाब के 1-1 मजदूर हैं।

**ऊंचाई वाले....** जहां सड़क और संचार कनेक्टिविटी बाधित हो चुकी है उसको तत्काल बहाल किया जाए। आगामी 3 मार्च को मौसम विभाग के हायर अलर्ट को देखते हुए ऊंचाई वाले स्थानों पर रहने वाले लोगों को इसकी पहले से ही जानकारी देने तथा स्थानीय स्तर पर सभी तरह की पूर्व तैयारी करने के निर्देश दिए।

# आप ने पैसे कमाने को घर में खोले मोहल्ला क्लीनिक: सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी लोगों को सेवाएं देना है, लेकिन आम आदमी पार्टी जनता की सेवक कम और दिल्ली की दुश्मन ज्यादा थी। उन्होंने कहा कि आप ने जानबूझकर कभी सीएजी की रिपोर्ट पेश नहीं की। वे हमेशा अपने भ्रष्टाचार को छिपाते रहे।

वीरेंद्र सचदेवा ने रविवार को पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी सरकार पर जमकर निशाना साधा। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आपने आबकारी नीति में हमारे नेताओं और मंत्रियों को सुना है। कैसे जानबूझकर नीति बदली गई। तीन ब्रांडों ने आबकारी नीति को बदल दिया गया। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया ने यह खेल खेला। उन्होंने कहा कि इसकी जांच की जाएगी और दोषियों को माफ नहीं किया जाएगा। बीजेपी नेता ने मोलल्ला क्लीनिक पर भी रिपोर्ट लाने की बात कही है। वीरेंद्र सचदेवा ने दिल्ली के अस्पतालों की स्थिति पर सवाल उठाया। जब बेड नहीं थे, तो अस्पतालों में फर्श पर सोते थे? यह आम आदमी पार्टी का योगदान नहीं है, वे लुटेरे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में हम सब कुछ पूरा करेंगे। बीजेपी नेता ने कहा कि वे मोहल्ला क्लीनिक पर भी रिपोर्ट लाएंगे, जिससे सब कुछ सामने आ जाएगा। उन्होंने पैसे कमाने के लिए अपने घर में क्लीनिक खोला और वहां कोई डाक्टर और दवा नहीं थी। उन्होंने सिर्फ 30 सेकंड में मरीज का इलाज कर दिया। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आयुष्मान भारत अब दिल्ली में स्वीकृत हो गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं।
21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सूचित किया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिप्राय जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विरुद्ध करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# अस्पताल में महिला की मौत पर परिजनों का हंगामा

■ प्रसव पीड़ा के चलते महिला को कराया गया था भर्ती

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के जानसठ रोड पर स्थित प्राइवेट नर्सिंग होम में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा कर अस्पताल में तोडफोड कर दी। उसके बाद परिजन कार्रवाई की मांग को लेकर अस्पताल के बाहर धरने पर बैठ गए। मौके पर आयी पुलिस ने परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

खतौली थाना क्षेत्र के गांव पलड़ी निवासी पूनम की शादी 2 मार्च 2024 को भोपा थाना क्षेत्र के गांव निरगाजनी निवासी सुमित के साथ हुई थी। 28 फरवरी को पूनम को प्रसव पीडा होने पर नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के जानसठ रोड पर स्थित गर्ग हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। उसी रात उसने एक बेटी को जन्म दिया था। रविवार को महिला की अस्पताल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। आक्रोशित लोगों अस्पताल में तोड़फोड़ कर दी, जिससे स्टाफ ने अपने आप को अस्पताल में बंद कर लिया। परिजन शव को अस्पताल के गेट पर रखकर धरने पर बैठ गए। सूचना पर नई मंडी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने हंगामा कर रहे परिजनों व लोगों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत किया।

परिजनों का आरोप है कि डाक्टरों की लापरवाही के कारण पूनम की मौत हुई है। थाना प्रभारी दिनेश चंद बघेल का कहना है कि मामले में परिजनों की तरफ तहरीर दी गयी है।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

## जहर खाकर युवक ने दी जान

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंसूरपुर।** जहर सेवन के कारण मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज में उपचार करा रहे नोना निवासी रामकिशोर की आज मौत हो गई। वह 55 साल का था और उसे 23 फरवरी को मंसूरपुर पुलिस ने अस्पताल में भर्ती करवाया था। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि उसने जहर का सेवन खुद किया था या किसी और ने उसे दिया था। थाना क्षेत्र के गांव नोना निवासी रामकिशोर पर 2015 में गांव के एक व्यक्ति के साथ झगड़े का मामला दर्ज था, जो कोर्ट में विचाराधीन था। पुलिस ने उसे वारंट के आरोप में 23 फरवरी को गिरफ्तार किया था और हवालात में बंद कर दिया था। रामकिशोर की हालत बिगड़ने पर पुलिस ने उसे तुरंत बेगराजपुर मेडिकल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों द्वारा बताया गया कि उसने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन किया हुआ है। वहां पर उसका उपचार चल रहा था, लेकिन हफ्ते भर बाद उसकी हालत बिगड गई और उसकी मौत हो गई। शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



दूसरा रोज़ा इफ्तार

03 मार्च सोमवार

| | |
|---|---|
| सुन्नी...................... | 06:20 |
| शिया...................... | 06:29 |

तीसरा रोज़ा सहरी

04 मार्च मंगलवार

| | |
|---|---|
| सुन्नी...................... | 05:16 |
| शिया...................... | 05:26 |

माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



हाजी ज़ियाउर्रहमान

वरिष्ठ नेता लोकदल

# ट्रैक्टर-ट्राली की ट्रक से भिड़ंत में तीन घायल

■ करनाल हाईवे फ्लाई ओवर पर हुआ हादसा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बुढ़ाना।** ट्रेक्टर ट्राली और ट्रक की भिडंत में तीन लोग घायल हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया और रास्ते से दोनों वाहनों को हटवाया।

शामली जनपद के कस्बा झिंझाना का रहने वाला कासिम अहमद मजदूर मोहसिन अली और आशू अहमद के साथ हरियाणा राज्य के जनपद करनाल से भूसा लेकर बुढाना आ रहा था। जब वह बुढाना ब्लाक के फुगाना क्षेत्र में स्थित मेरठ वाया करनाल हाइवे पर फुगाना फ्लाई ओवर के ऊपर से गुजरा तो पीछे से आए एक ट्रक के चालक ने भूसे भरी ट्राली में ट्रक की टक्कर मार दी।

इस घटना में ट्राली के पलटने से भूसा बिखर गया। ट्रैक्टर डिवाइडर से टकराकर टूट गया। ट्रैक्टर का चालक कासिम, मजदूर आशू और मोहसीन ट्रैक्टर से नीचे गिरकर घायल हो गए। इस घटना की सूचना मिलते ही फुगाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और तीनों घायल युवकों को चिकित्सालय में भर्ती करवाया। इस घटना के बाद चालक ट्रक सहित मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पुलिस ने घायलों के परिजनों को दे दी। फुगाना पुलिस ने इस बारे मे बताया कि अगर पीडित की तरफ से कोई भी तहरीर आई तो कार्रवाई की जाएगी। इनमे से एक घायल को मेरठ के लिए रैफर किया गया है।



बुढ़ाना: करनाल फुगाना हाईवे पर फ्लाई ओवर पर ट्रक व ट्रैक्टर की भिड़ंत के बाद लगा जाम।

# यातायात व्यवस्था के लिए नई एडवाइजरी की जारी

■ बिना दस्तावेज दौड़ने वाली ई-रिक्शा होंगी सील

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** शहर में बढ़ते यातायात को कंट्रोल करने के लिए यातायात पुलिस ने ई रिक्शा पर शि. कंजा करते नई एडवाइजरी जारी की है।

दरअसल अवैध ई रिक्शाओं यातायात व्यवस्था के लिए सबसे बड़ी बाधा बनी ई रिक्शाओं के शहर के साथ ही जनपद भर में अवैध संचलन के साथ साथ बाइक की जुगाड़ वाले रेहडे और ठेलों पर भी अब प्रतिबंध लगाने को प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है इसके लिए यातायात विभाग की ओर से एक नई एडवाइजरी जारी करते हुए अवैध ई रिक्शाओं को सड़कों पर उतारने पर सीज की कार्यवाही करने और बाइक वाले रेहडे व ठेलों को पकड़कर उनको तत्काल ही खुर्द-बुर्द करने की कार्वाई शुरू होगी।

ई-रिक्शाओं का अवैध संचलन शहर में जाम का मुख्य कारण माना जाता रहा है, इसके लिए समय समय पर अनेक बाद मुद्दा भी उठाया गया और चैकिंग अभियान भी चलाये गये, लेकिन बावजूद इस कार्यवाही के अवैध संचलन नहीं रोका जा सका है। फाल्गुन मास की कांवड़ यात्रा के दौरान भी यातायात पुलिस द्वारा कांवड़ मार्ग पर ई रिक्शाओं के संचलन के लिए लगाये गये प्रतिबंध के दौरान चैकिंग अभियान में अवैध ई रिक्शाओं को पकड़कर कार्यवाही की गई थी। इसी को देखते हुए अब जनपद भर में ई रिक्शाओं का अवैध संचलन रोकने और बाइक वाले रेहडे तथा ठेलों पर कार्यवाही करने के लिए पुलिस अधीक्षक यातायात अतुल कुमार चौबे ने नई एडवाइजरी कर दी है। उन्होंने बताया कि सुडक सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद में यातायात को सुगम बनाने के लिए ई रिक्शा और अनाधिकृत रूप से निर्मित किये गये रेहडे व ठेलों के संचलन के लिए निर्देश जारी कर दिये गये हैं। इसके बाद विभाग इन निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए पूरे जिले में बड़ा चैकिंग अभियान भी शुरू करेगा। एसपी ट्रैफिक अतुल चौबे ने बताया कि जनपद में मोटरसाइकिल इत्यादि को जोड़कर बनाये गये जुगाड़ वाहन जैसे रेहडे और ठेले पूर्णतया प्रतिबंधित किये गये हैं। इनके खिलाफ चैकिंग अभियान चलेगा और पकड़े जाने पर ऐसे जुगाड़ वाहनों को तत्काल ही सीज कर खुर्द-बुर्द किया जायेगा।



# वित्त आयोग से पालिका को मिले 10.61 करोड़

■ शासन ने दो नगर पालिका व आठ पंचायतों के लिए राशी की जारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** शासन ने पंचम राज्य वित्त आयोग से जनपद की दस निकायों को करीब 15.37 करोड की धनराशि जारी की गई है। जिसमें नगर पालिका मुजफ्फरनगर को 10.61 करोड और नगर पालिका खतौली को 1.47 करोड की धनराशि मिली है। वहीं कान्हा पशु आश्रय योजना में दो निकायों को 21.84 लाख की धनराशि मिली है। पंचम राज्य वित्त आयोग से सामान्य समनुदेशन में फरवरी माह का भुगतान जारी कर दिया गया है। दो पालिका और आठ नगर पंचायतों को 15 करोड 37 लाख 82 हजार 985 रुपये की राशि जारी की गई।

मुजफ्फरनगर नगर पालिका को करीब 10 करोड 61 लाख 82 हजार 446 रुपये, खतौली पालिका को 01 करोड 47 लाख 74 हजार 14 रुपये मिले है। नगर पंचायत पुरकाजी को 45 लाख 99 हजार 991, चरथावल को 37 लाख 29 हजार 493, शाहपुर को 34 लाख 17 हजार 998, जानसठ को 33 लाख 63 हजार 214, भोकरहेडी को 30 लाख 23 हजार 548, सिसौली को 26 लाख 51 हजार 381, बुढाना को 69 लाख 11 हजार 634 और मीरापुर को 51 लाख 29 हजार 266 रुपए मिले है। वहीं कान्हा पशु आश्रय योजना में नगर पंचायत सिसौली को 11.83 लाख और नगर पंचायत चरथावल को 10.01 लाख रुपये मिले हैं।

# महाकुंभ में लगी डिपो की बसों के वापस आने से मिली राहत

■ 45 दिन के महाकुंभ समापन के बाद डिपों पर लौटी 65 बसें

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** महाकुंभ के समापन के बाद निगम की बसें वापस आने से यात्रियों को राहत मिली हैं। मुजफ्फरनगर डिपो द्वारा प्रयागराज महाकुंभ के पहले चरण में 110 बसे व दूसरे चरण में 65 बसों को भेजा गया था। जिससे विभिन्न रूटों पर आवागमन करने वाले यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पडा। जिससे यातायात भी प्रभावित रहा।

महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भारी भीड जाने से परिवहन निगम द्वारा विभिन्न जनपदों से निगम की बसों को रवाना किया गया था। रोडवेज की वरिष्ठ स्टेशन प्रभारी पूनम तोमर ने बताया कि मुजफ्फरनगर से पहले चरण में निगम की 110 बसों को भेजा गया था। जबकि दूसरे चरण में 65 बसों को मुजफ्फरनगर से प्रयागराज के लिए रवाना किया गया था। विभिन्न रूटों पर बसों का संचालन घटने से यात्रियों के साथ ही मुजफ्फरनगर डिपो को भी काफी परेशानियों का सामना करते हुए डिपो पर मौजूद बसो के फेरे बढाए गए थे। 45 दिन तक चले महाकुंभके समापन के बाद मुजफ्फरनगर डिपो की 65 बसें वापस आने से यात्रियों के सफर में सुगमता के साथ ही परिवहन निगम को भी राहत मिली।

मुजफ्फरनगर परिवहन निगम द्वारा हरिद्वार, सहारनपुर, बिजनौर, दिल्ली, मेरठ सहित विभिन्न रूटों पर निगम की 159 बसों के साथ 41 अनुबंधित बसों का संचालन किया जा रहा हैं। इसके अलावा अन्य डिपों की बसे भी महाकुंभ में भेजी गई थी, जो अब धीरे-धीरे महाकुंभ के समापन के बाद वापस लौट रही है जिससे यात्रियों को राहत है।

## पालिका को मिले दो जेई, कार्यों में किया विभाजन

**मुजफ्फरनगर।** नगर पालिका के निर्माण विभाग में अब दो जेई हो गए है। जेई कपिल कुमार पूर्व से नगर पालिका में कार्यरत है, लेकिन अब नगर निगम बनारस से जेई राजीव कुमार सोनकर नगर पालिका भेजे गए है।

चेयरपर्सन के आदेश पर दोनों जेई के कार्यों में विभाजन किया गया है। जेई राजीव कुमार को शहर के 25 वार्डों की जिम्मेदारी दी गई है। जिसमें वार्ड संख्या 1 से 4, 8, 9, 12, 15, 17, 18, 21, 23, 27, 29, 30, 32, 38, 51, 52 और 55 शामिल है। जेई राजीव कुमार के द्वारा उक्त वार्डों में निर्माण कार्य देखा जाएगा। वहीं शहर के शेष 30 वार्ड का दायित्व अवर अभियंता निर्माण कपिल कुमार पर रहेगा।



मुजफ्फरनगर: नगर पालिका में प्रदर्शन करते गौ सेवक।

# चोरी किए सामान सहित एक गिरफ्तार

## सिविल लाइन पुलिस ने किया चोरी के मामले का खुलासा

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर पुलिस ने चोरी के एक मामले का सफल अनावरण करते हुए एक चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चोर के पास से चोरी किया गया सामान भी बरामद किया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 5 लाख रुपये है।

गिरफ्तार चोर का नाम अजय कुमार पुत्र जगन्नाथ प्रसाद निवासी रैनबसेरा एस.डी तिराहा थाना सिविल लाइन ने बताया गया है जिसे भोपा पुल के पास से गिरफ्तार किया गया, उसके पास से 02 घडी, 01 हीरे की अंगूठी, 01 ब्रेसलेट, और 01 सोने की चौन बरामद की गई। गौरतलब है कि थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज किया गया था। आगरा निवासी तपन जैन ने बताया कि वह होटल रेडियंस गोल्ड में एक शादी समारोह में भाग लेने के लिए आया हुआ था उसकी गाडी से एक बैग चोरी हो गया था जिसमें उसे सामान रखा हुआ था। उल्लेखनीय है की शादी समारोह में अक्सर बाहरी तत्व घुसकर इस प्रकार की चोरी कर लेते हैं इसलिए पुलिस ने इसे गंभीरता से लिया और यह इंसान बिन के बाद चोर को गिरफ्तार कर उसे चोरी किया गया सामान बरामद कर लिया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक शानू चौधरी व पंकज सागर, हेड कांस्टेबल कृष्णवीर, कांस्टेबल संकेत कुमार शामिल थे।

## सात को पेश होगा 28 करोड़ वाला बजट

**मुजफ्फरनगर।** शहर के विकास का खाका तैयार करते हुए पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने 248 करोड़ रूपयें की आय का बजट पेश करने की तैयारी शुरू कर दी है। सात मार्च को ग्यारह बजे सभाकक्ष में बैठक के दौरान यह बजट रखा जाएगा। ईओ डॉक्टर प्रज्ञा सिंह ने बताया कि आगामी वित्तीय वर्ष में बोर्ड के साथ मिलकर शहर के विकास के लिए कार्य योजना चलाई जाएगी।

सभी देशवासियों को माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद

डा0 रिज़वान अली
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन)

डा0 मो. शुऐब
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन)

डा0 ज़ैनब इनाम
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ. (स्त्री एवं प्रसूती रोग विशेष)

दीवान हॉस्पिटल
सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर-251001
☎ 0131-2634069, 9837335711




## गौवंश के अंतिम संस्कार को पालिका से मांगा सहयोग

**मुजफ्फरनगर।** गौसेवा समिति से जुड़े मोहित चौधरी, सन्नी, निकुंज चौहान, नवीन, रोहित त्यागी, सुमित बजरंगी ने नगर पालिका में प्रदर्शन करते हुए कहा कि पालिका प्रशासन की ओर से पूर्व में मृतक गौवंश के अंतिम संस्कार के लिए जेसीबी दी गई थी कुछ दिन चलकर वह व्यवस्था खत्म हो गई। आरोप है कि खुद को जेसीबी का इंचार्ज बताने वाला इरशाद नामक ड्राइवर पहले भी विवादों में रहा है और वह अब भी इस मामले में जेसीबी देने के लिए तैयार नहीं है। प्रदर्शनकारियों से ईओ से इस मामले में अनुदान की मांग की।

# डीएवी कॉलेज में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

■ सचिव एम.के. बंसल ने किया खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन


शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** डीएवी महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेलकूद स्पर्धाओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉक्टर एम.के. बंसल, सचिव, प्रबंध समिति द्वारा किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर गरिमा जैन ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और खेलकूद के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम आयोजन सचिव प्रोफेसर विपिन कुमार जैन ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विजेता: पुरुष वर्ग में शावेज ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। महिला वर्ग में वैशाली ने सभी प्रतियोगियों को पछाड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। खेलकूद प्रतियोगिता दौड, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक का आयोजन किया गया। विजेताओं को मुख्य अतिथि और प्राचार्य द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रोफेसर विजय कुमार प्रोफेसर सचिन कुमार प्रोफेसर निर्देश पाल मालिक, प्रोफेसर वेदपाल सिंह, प्रोफेसर अमित मलिक, प्रोफेसर सुनीता शर्मा, प्रोफेसर संगीता श्रीवास्तव, प्रोफेसर सुविता कुमारी, प्रोफेसर अर्चना सिंह, प्रोफेसर संध्या जैन, प्रोफेसर योगेश कुमार आदि एवं महाविद्यालय के कर्मचारीगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



मुजफ्फरनगर: यह नजारा किसी गांव के तालाब का नहीं, बल्कि शहरी क्षेत्र से खालापार होकर सुजडू को जाने वाले मुख्य मार्ग का है, इसे नगर पालिका व प्रशासन की अनदेखी नहीं तो और क्या कहें? सड़क ने तालाब का रूख ले लिया है।



# सड़क चौड़ीकरण में बाधा बने अतिक्रमण करने वाले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** मुज़फ्फरनगर थानाभवन मार्ग का चोडीकरण कार्य जहाँ लगभग पूरा होने के करीब हे और चरथावल नगर के अंदर को छोड़कर मुख्य मार्ग का दधेडु तक और बिरालसी से आगे तक चरथावल थानाभवन मार्ग का चोडीकरण कार्य लगभग पूरा हो चूका हे वही चरथावल नगर मे चोडीकरण का कार्य मार्किट और पक्का निर्माण होने के कारण रुका हुआ था हालांकि निशानदेही पहले ही हो चुकी थी और अतिक्रमणधारियों को प्रशासन द्वारा अलाउन्स के जरिए कई बार अपना पक्का निर्माण जोकि सड़क की जद मे आ रहा था उसे हटाने के लिए कहा जा चूका था लेकिन अतिक्रमणधारियों के कानो पर जु नही रेंग रही थी ,जबकि लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क के दोनों ओर चालीस फीट पर मकानों - दुकानों पर निशानदेही कर दी गयी थी। कुछ भवन तथा दुकान स्वामियों द्वारा विभाग द्वारा लगाए गये निशानों के अनुसार ही अपने भवनों व दुकानों को तोड़ दिया गया। इस मुद्दे पर भाजपा के स्थानीय नेता भी दो फाड़ हो गये। यह रोड हरिद्वार - करनाल रोड के नाम से भी जाना जाता है।

प्रदेश में बड़े स्तर पर सड़कों का नवनिर्माण और चौड़ीकरण किया जा रहा है। क्षेत्रवासी इस रोड पर वाहनों की अत्यधिक संख्या के कारण लम्बे समय से इस मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण की मांग कर रहे थे। यह मार्ग मेजर डिस्ट्रिक्ट रोड (एम डी आर) की श्रेणी में आता है। गत वर्ष टेंडर आदि की प्रक्रिया पूरी होने के बाद इस मार्ग पर चौड़ीकरण का काम शुरू किया गया था लोकनिर्माण विभाग ने सड़क के दोनों ओर बने मकानों तथा दुकानों पर दोनों ओर 40 फीट की दूरी पर अवैध निर्माण तोड़ने हेतु निशान लगा दिये, हालांकि विभाग का कहना है कि सम्पत्ति रजिस्टर और विभागीय सजरे के अनुसार सड़क के बीच से दोनों ओर लोक निर्माण विभाग की भूमि 55 फीट है। क्षेत्रवासियों का ज़्यादा नुकसान न हो इसालिये 40 फीट पर निशान लगाए गये हैं। पिछले दिनों कुछ अतिक्रमण धारियों ने किसान संगठनों को आगे कर मार्ग चोडीकरण का कार्य कुछ दिनों के लिए रुकवा दिया था और किसान संगठनों को आगे कर अतिक्रमणधारी मार्ग के चौड़ा होने मे रूकावत डालना चाहते हे अब ज़ब बाहरी छोर पर मुख्य मार्ग का चोडीकरण कार्य पूरा हो चूका हे और केवल नगर के अंदर ही चोडीकरण कार्य रुका हुआ हे जिस पर नगर मे मुख्य मार्ग का चोडीकरण शुरू किया गया जिसमे अतिक्रमण धारियों और किसान नेता मे जमकर तू तू मे मे हुई कुछ अतिक्रमणधारी जोकि मार्ग के चोडीकरण की जद मे आ रहे हे सिर्फ वही हंगामा कर रहे है जबकि मार्ग पर आए दिन जाम लगा रहता हे मार्ग के चौड़ा होने से क्षेत्रवासियो को जाम की समस्या से निजात मिल जाएगी और क्षेत्र का विकास होगा जबकि अनेको लोगो ने विभाग की निशानदेही पर ही अपना अपना निर्माण हटा लिया हे जिससे की मार्ग चौड़ा हो जाए और क्षेत्रवासियों ने शासन प्रशासन से मांग की है की सड़क पर भारी वाहनों का भी आवागमन अत्यधिक बढ़ गया है इसालिये इस सड़क का चौड़ीकरण 40 फीट या उससे अधिक पर कराया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि सर्दियों का मौसम चल रहा है जिस कारण चीनी मिलों में जाने वाले गन्ना से भरे ट्रकों ,ट्रालों तथा किसानों के ट्रैक्टर-ट्राली आदि भारी वाहनों से जाम व जान माल के नुकसान का हर समय खतरा बना रहता है।और बहुत बहुत देर तक जाम लगा रहता है।

सड़क चौड़ी होने से भरपूर विकास होगा और बहुत बड़ी समस्या से निजात मिल जाएगी क्षेत्रवासियो ने सड़क चोडीकरण मे बाधा डालने वाले अतिक्रमणधारियों से सख्ती से निपटने की मांग करते हुए कहा हे अतिक्रमणधारी सरकार की छवि को पलिता लगाना चाहते हे जिससे क्षेत्र का विकास रुक जाए वही अतिक्रमण हटाने के दौरान किसान नेता और एक भाजपा नेता मे जमकर तू तू मे मे हुई जोकि चर्चा का विषय बनी रही किसान नेता मानक के अनुसार ही सड़क चोडीकरण का कार्य करने की मांग कर रहा है।

# विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

## पीड़िता ने ससुरालियों के खिलाफ तहरीर देकर लगाई न्याय की गुहार

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** ससुराल वालों ने अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए एक विवाहिता को घर से मारपीट कर बहार निकाल दिया। और तलाक देने की धमकी दी, जिसके बाद पीड़िता ने पूरी घटना की जानकारी अपने परिजनों को देने के बाद कोतवाली पहुचकर पुलिस को ससुराल वालो के खिलाफ तहरीर देकर अपनी जान माल की सुरक्षा की गुहार और ससुराल पक्ष पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की हैं। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

खतौली थाना क्षेत्र के गांव भूड़ निवासी शाजिया पुत्री साजिद खतौली थाने में पुलिस को तहरीर देकर बताया की उसकी शादी जावेद पुत्र इस्लाम निवासी हाल पता पंजाब के साथ हुई थी, विवाहिता के परिजनों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने शादी में अपनी पुत्री को हैसियत से भी अधिक दान दहेज दिया था। आरोप है कि विवाहिता के ससुराल वाले शादी में दिए दान दहेज से खुश नजर नही आये और कम दहेज लाने पर शाजिया के ससुराल वाले और उसका पति, ससुर, सास, ननद आदि विवाहिता के साथ रोजाना मारपीट करने लगे, वही विवाहिता के परिजनों ने बताया कि पति अतिरिक्त दहेज की मांग में पांच लाख रुपये गाड़ी की मांग करते हुए उसे घर मे नही रखने की धमकी देने लगा, तू दहेज में कम समान लाई है। विवाहिता के परिजनों ने आरोप लगाया कि ससुराल वालों ने एक राय होकर विवाहिता से अतिरिक्त दहेज की मांग पर उसकी साथ जमकर मारपीट और गाली गलौज की तथा जान से मारने की नीयत से उसे एक कमरे में बंद कर दिया। आरोप हैं ससुराल वालो ने विवाहिता को 27 फरवरी को पंजाब रेलवे स्टेशन पर एक ट्रेन में उसके तीन साल के बच्चे के साथ बैठा कर खतौली उसके मायके भेज दिया है। वही रविवार को पीड़ित विवाहिता ने कोतवाली पहुचकर पुलिस को आप बीती बताई ससुराल वालों से अपनी जान माल का खतरा बताया विवा. हता ने पुलिस को पति जावेद समेत अपने ससुराल वालों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर पुलिस से कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है। उधर पुलिस ने पीड़ित विवाहिता से तहरीर लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## इबादत में मशगूल रहे कस्बे के रोजेदार

**मीरापुर।** रमजान माह का पहला रोजा शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। सोमवार को रोजेदारों ने पूरी आस्था और भक्ति के साथ पहला रोजा रखा और शाम को इफ्तार किया। मस्जिदों और घरों में इबादत का माहौल बना रहा। इस दौरान बाजारों में भी चहल-पहल देखने को मिली। खासतौर पर फल, खजूर और अन्य जरूरी सामान की खरीदारी के लिए लोग दिनभर बाजारों में जुटे रहे, जिससे बाजारों में रौनक बनी रही। रमजान के पहले दिन नगर की जामा मस्जिद समेत विभिन्न मस्जिदों में विशेष नमाज अदा की गई। जामा मस्जिद के इमाम मौलाना आस मोहम्मद ने नमाज अदा कराने के बाद देश में अमन-शांति और आपसी भाईचारे की दुआ कराई। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना इबादत और संयम का महीना है, इसमें अधिक से अधिक नेक कार्य करने चाहिए। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन भी सतर्क रहा। प्रमुख मस्जिदों और बाजारों में पुलिस बल तैनात किया गया था।

## अलग-अलग गांवों के दो युवकों से मारपीट

**छपार।** दो अलग-अलग गांवों के दो युवकों ने अपने साथ कहासुनी होने पर गाली गलौज व मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव बरला निवासी जतिन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसके भाई सन्नी की गांव के ही दो युवकों से कहासुनी हो गई जिस पर उन्होंने गाली गलौज करते हुए उसकी पिटाई की ओर मौके से फरार हो गये। दूसरी घटना में गांव जयभगवानपुर निवासी मनदीप ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि शनिवार को वह अपनी गली से जा रहा था। रास्ते में चार युवक मिले। बिना कोई बात हुए गाली गलौज करने लगे विरोध करने पर उन्होंने ने लात घुस्सों से पिटाई की शोर मचाने पर आरोपी फरार हो गये। पुलिस ने गांव के ही नामजद ओर दो अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# हिन्दू मोर्चा की बैठक में प्रशासन के निर्णय पर जताई सहमति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** संयुक्त हिंदू मोर्चा के तत्वाधान में आज हिंदू व सामाजिक संगठन के पदाधिकारियों की बैठक आज पुरानी तहसील स्थित संपर्क कार्यालय पर संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय सदस्य राधेश्याम विश्वकर्मा व संचालन हिंदू क्रांति दल के कशिश गोयल ने किया। बैठक में इस्लामिया इंटर कॉलेज प्रकरण की समीक्षा करते हुए प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर संतुष्टि जताई गई और आशा व्यक्त की गई कि बोर्ड परीक्षाएं समाप्त होने पर समस्या का समाधान हो जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से संयुक्त हिंदू मोर्चा अध्यक्ष मनोज सैनी , बागे. सअग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष, राजेश कश्यप मंडल महासचिव, कमलदीप



हिंदू जागरण मंच ,हरीश पालीवाल जिला अध्यक्ष हिंदू महासंघ , अनुराग सिंगल अध्यक्ष एंटीकरप्शन ,राजीव गोस्वामी एडवोकेट नागरिक अधिकार सुरक्षा मंच ,सरदार सिंह गुरुद्वारा कमेटी ,हरेंद्र शर्मा जिला अध्यक्ष हिंदू क्रांति सेना ,चेतन देव विश्वकर्मा अध्यक्ष श्रीमद्भागवत मंच, संजय गोयल मंडल उपाध्यक्ष क्रांति सेना , जितेंद्र गोस्वामी ,आशीष शर्मा नगर अध्यक्ष ,मोनू खटीक ,राहुल गोगालिया आदि उपस्थित थे।

# श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के विद्यार्थियों का चयन

**10 छात्रों को मिला रोजगार का अवसर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों एमबीए, बीबीए, बीकॉम, बीजेएमसी, बीटेक, बीएससी, फार्मेसी आदि के सभी संकायों के विद्यार्थियों के चयन हेतु प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कंपनी प्रतिनिधि आलोक कुमार ने पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन द्वारा सभी विद्यार्थियों



को कंपनी के बारे में जानकारी दी।

प्लेसमेंट प्रक्रिया को 2 चरणों मे विभाजित किया गया। प्रथम चरण में ग्रुप डिस्कशन में 90 छात्र/छात्राओं में से 37 छात्र/छात्राएं अन्तिम चरण के लिये चयनित हुये जिनमें से द्वितीय चरण सेल्स राउण्ड साक्षात्कार में चयनित 10 छात्रों को कम्पनी द्वारा 3.5 एलपीए तक के वेतन का ऑफर लैटर प्रदान किया गया। कालेज चेयरमैन डा. एससी कुलश्रेष्ठ ने सभी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन इं. शिवानी कौशिक ने किया।

# शिवसेना की बैठक में संगठन के विस्तार पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शिवसेना नगर कार्यकारिणी की एक बैठक प्रकाश मार्केट स्थित कार्यालय पर संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता महानगर महासचिव आदित्य कश्यप द्वारा की गई और संचालन महानगर उपाध्यक्ष उज्ज्वल पंडित ने किया उपस्थित सहारनपुर मंडल अध्यक्ष शरद कपूर ने नगर कमेटी के सभी पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा नगर क्षेत्र में प्रत्येक वार्ड में शिवसेना की इकाई का गठन पूरी गंभीरता से करें क्योंकि अब शिवसेना राजनीतिक रूप से समाज में अपनी पहचान बनाने के लिए गंभीर है सभी शिव सैनिक आम जनता से जनसंपर्क कर उन्हें शिवसेना से जोड़ने के लिए प्रेरित करें क्योंकि शिवसेना नगर निकाय के चुनाव में अबकी बार पूरी गंभीरता के साथ चुनाव लड़ेगी इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता



की जिम्मेदारी है वह नगर क्षेत्र में संगठन को प्रत्येक वार्ड में मजबूत करने के लिए अपनी कमर कसलें उन्होंने कहा कहा जब तक हम राजनीतिक रूप से मजबूत नहीं होंगे हमारी कोई पहचान नहीं होगी अब तक हमने भाजपा को सपोर्ट किया है लेकिन भाजपा शिवसेना कार्यकर्ताओं को कोई सम्मान नहीं देती इसलिए शिवसेना को अब महाराष्ट्र से बाहर उत्तर प्रदेश में राजनीतिक रूप से मजबूत होना होगा तभी हम हिंदू समाज में अपनी पहचान बना सकेंगे। बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ शिवसेना नेता अनुज चौधरी, जिला उपप्रमुख संजीव वर्मा, महानगर वरिष्ठ उपप्रमुख आशीष मिश्रा, महानगर महासचिव ललित रोहिल्ला, महानगर उपाध्यक्ष राजेंद्र तायल, अमन वर्मा, राजेश अरोड़ा, राकेश धीमान, प्रदीप जैन, अंकुर जैन, ऋतिक ठाकुर, शैलेंद्र विश्वकर्मा, हेम कुमार, पंडित कुलदीप मिश्रा, आशु कौशिक, सैनिक यादव, पंडित गगनदीप उपाध्याय आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## मेकअप कराने आई दुल्हन के अपहरण का प्रयास

**छपार।** ब्यूटी पार्लर में मेकअप कराने आई दूल्हन का कार सवार चार युवकों ने जबरन कार में बैठाने का प्रयास किया। दूल्हन के साथ आई महिलाओं ने विरोध किया तो छीना-झपटी में ब्यूटी पार्लर की दुकान के शीशे टूट गये। आरोपी कार छोड़कर फरार हो गये। क्षेत्र एक गांव में दूल्हन की बारात आई हुई थी दूल्हन छपार एक ब्यूटी पार्लर में मेकअप कराने आई थी उसी वक्त वहां कार सवार चार युवक आये ओर दूल्हन को जबरन कार में बैठाने लगे । दूल्हन की साथी महिलाओं ने विरोध किया तो उनके साथ भी हाथापाई की जिससे दुकान के शीशे भी टूट गये। खुद को घिरा देखकर आरोपी कार छोड़कर फरार है गये। परिजन भी मौके पर पहुंचे ओर दूल्हन को घर ले जाकर शादी की रस्म पूरी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार को कब्जे में कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि तहरीर आने पर उचित कार्रवाई की जायेगी। आरोपियों की तलाश की जा रही है।



चरथावल:सड़क चौड़ीकरण को लेकर लोगों में हुई नोक-झोंक।



पुरकाजी:होली मिलन कार्यक्रम पर चर्चा करते कार्यकर्ता।

# बैठक में भाजपा के मिलन कार्यक्रम पर चर्चा

**9 मार्च को ग्राम रेता नंगला में होगा होली मिलन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** 13 विधानसभा पुरकाजी के ग्राम रेतानगला जनपद मुजफ्फरनगर में डा.अजब सिंह के आवास पर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित समाज के नेताओं द्वारा आगामी 9 मार्च को होने वाले होली मिलन के कार्यक्रम हेतु विचार हुआ।

बैठक का संचालन देवव्रत त्यागी पूर्व जिला अध्यक्ष द्वारा हुआ,बैठक में श्री गजे सिंह एमडीए सदस्य,डॉ धन प्रकाश ब्लॉक प्रमुख पति,डॉ अजब सिंह पूर्व जिला उपाध्यक्ष अनु मोर्चा,डॉ अजब सिंह ,डॉ अजब सिंह जिला कार्यकारिणी सदस्य पुरकाजी,प्रवीण कुमार सदस्य जिला पंचायत,सचिन करानिया सदस्य जिला पंचायत,

यशवीर सिंह क्षेत्रीय मंत्री अनु मोर्चा,अजय सागर जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा,सुबोध कुमार, रोशन लाल छालिया सदस्य रेलवे बोर्ड, सागर वाल्मीकि जिला कार्यकारिणी सदस्य,अमित सुधा जिला महामंत्री अनु मोर्चा,जोगिंदर गुर्जर जी, मंडल प्रभारी, अनिल तोमर आदि उपस्थित रहे!

# चोरों ने चार ट्यूबवैलों को बनाया निशाना, चुराया कीमती सामान

**दीवार फाड़कर हजारों का सामान साफ किया।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** शुक्रतारी के जंगल मे चोरो ने रात के समय चोरी की घटनाओ को अंजाम देते हुए चार टड्ब वैल की दीवार को तोड़कर कीमती सामान को चुरा लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच की।पीड़ित किसानो ने अज्ञात चोरो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी निवासी किसान काज़ी मंसूर अख्तर , अमित कुमार ने बताया की उनकी टड्बवैल भोकरहेड़ी -शुक्रतारी के सीमावर्ती जंगल मे है।रविवार की सुबह जब वह अपनी टड्बवैल पर पहुंचे तो टड्बवैल की दीवार को टूटा हुआ पाया चोरो ने दीवार तोड़कर केबल सहित अन्य कीमती सामान को चुरा लिया।इसके अलावा चोरो ने पास मे ही स्थित विक्रम व ;षि वामन की टड्बवैल की तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानक. ारी की। पीड़ित किसानो ने अज्ञात चोरो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम PRAKASH CHANDRA CHAKRAV से बदलकर PRAKASH CHANDRA CHAKRAVARTY रख लिया है। मुझे भविष्य में मुझे PRAKASH CHANDRA CHAKRAVARTY के नाम से जाना पहचाना जाए।

**प्रकाश चन्द्र चक्रवर्ती पुत्र छज्जू सिंह चक्रवर्ती सरवनपुर उर्फ नूरपुर डेहरा नजीबाबाद, बिजनौर उत्तर प्रदेश 246763**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट में मेरे पिता का नाम SATISH CHANDRA AGARWAL दर्ज है। जोकि सहवन गलती से दर्ज है। जबकि मेरे पिता का सही नाम SATISH CHANDRA है तथा मेरे शैक्षिक प्रमाण पत्र में भी मेरे पिता का नाम SATISH CHANDRA ही दर्ज है। जोकि सही है।

**रुचि अग्रवाल पत्नी देवेश कुमार चक्रवर्ती 31/22 अ सिद्धार्थ कालोनी साउथ सिविल लाइन राधा कृष्णा मंदिर के पास आर्य समाज रोड मुजफ्फरनगर उ.प्र.251001**

## छुरा लेकर युवक के पीछे दौड़ा दुकानदार

**छपार।** दुकान पर मांस खरीदने गये युवक की भाव को लेकर दुकानदार से कहासुनी हो गई जिस पर दुकानदार ने गाली गलौज की ओर जाने से मारने की नीयत से छुरी लेकर पीछे दौड़ा। पीड़ित ने भागकर जान बचाई। पीड़ित के पिता ने आरोपी के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है।

गांव छपार निवासी अहसान ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसका पुत्र उस्मान रविवार को सुबह साढ़े सात बजे गांव के ही सानू उर्फ़ अहसास की मांस की दुकान से मांस खरीदने गया तो भाव को लेकर कहासुनी हो गई जिस पर दुकानदार ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से छुरी निकाल ली। पीड़ित ने भागकर जान बचाई। पुलिस ने तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस के आगे भी बेखौफ होकर निकलते हैं ओवरलोड वाहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ओवरलोडिंग वाहनों के आवागमन के कारण कोतवाली क्षेत्र में आए दिन कोई ना कोई घटना घटती रहती है। ऐसा नहीं है कि यह वाहन चोरी छिपे चलते हैं बल्कि बुढ़ाना पुलिस के सामने को होकर ये ओवरलोडिंग वाहन बड़े ही धड़ल्ले से बैखोफ होकर निकलते हैं।

क्या मजाल कि कोई पुलिसकर्मी इनको रोक टोक ले। महावीर तिराहे पर हमेशा पुलिस रहती है लेकिन फिर भी इन ओवरलोडिंग वाहनों का आवागमन समझ से परे है। शायद कोई बड़ी दुर्घटना घटे तब ही पुलिसकर्मी एलर्ट होंगे ऐसा लोगों का मानना है। बताया जाता है कि मिट्टी और रेत से भरे ओवरलोड वाहन धड़ल्ले से सड़क पर फर्राटा भर रहे हैं। इन ओवरलोड वाहनों के कारण कभी भी बड़ी घटना हो सकती है। इस दिशा में किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। अगर स्थिति नहीं सुधरी और लगातार रही तो कोई बडा हादसा हो सकता है।

इन ओवरलोड वाहनों के चलते बुढ़ाना क्षेत्र के कई मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये हैं। इन बड़े ओवरलोड वाहनों को आसानी से गुजरवाने के लिए सड़कों में बने बड़े बड़े गड्ढों में ईंट या गिट्टियां डाली जा रही हैं वहीं छोटे वाहनों व बाइकों के लिए ये रास्ते अब खतरनाक हो गये हैं। मिट्टी खनन करने वालों की खूब मौज आ रही है शायद प्रशासन इनके आगे नतमस्तक है।

# वूशु में मौहम्मद शाहवेज ने जीता सिल्वर मेडल

**बुढ़ाना।** पंजाब राज्य के चंडीगढ़ विश्वविद्यालय की ओर से मोहाली में बीती 22 फरवरी से लेकर बीती 27 फरवरी तक आयोजित किए गये अखिल भारतीय विश्वविद्यालय पुरुष एवं महिला वुशु प्रतियोगिता में जय नारायण व्यास विश्व विद्यालय की टीम ने जहां 02 स्वर्ण एवं 01 कांस्य पदक जीते हैं और 70 किलोग्राम भार की महिला वर्ग में पायल सारण ने स्वर्ण पदक हासिल किया है वहीं दूसरी और पुरुष वर्ग में प्रियांशु ने सिंगल वेपन में स्वर्ण पदक तथा रिषभ परिहार ने कांस्य पदक हासिल कर जेएनवीयू का नाम रोशन किया है। इसके अलावा माता शाकुम्भरी यूनिवर्सिटी सहारनपुर के होनहार छात्र मोहम्मद शाहवेज कुरैशी ने सिल्वर मेडल जीतकर कस्बा बुढ़ाना का नाम रोशन किया है। बताया जाता है कि चंडीगढ़ विश्वविद्यालय मोहाली में बीती 22 फरवरी से लेकर बीती 27 फरवरी तक आयोजित किए गए आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वूशु टूनामेंट में शाकुम्भरी यूनिवर्सिटी सहारनपुर के छात्र मोहम्मद शाहवेज कुरैशी ने परचम लहराया है। मोहम्मद शाहवेज ने 90 प्लस केटेगरी में एक सिल्वर मेडल प्राप्त किया। कोच अमीर आलम सैफी ने रविवार के दिन बुढ़ाना में शाहवेज का फूलों से स्वागत किया। यहां जतिन पांचाल,



शोएब, परवेज़ व आर्यन आदि लोग मौजूद रहे।

# दो बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** जौली -बेहड़ा मार्ग पर दो बाइको की तेज़ भिड़ंत मे तीन युवक घायल हो गये घायलों को भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर लाया गया जहां एक घायल को मृत घोषित कर दिया गया दो अन्य घायलों का उपचार किया गया।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव बेहड़ा सादात -जौली मार्ग पर निवादा पुलिया के पास रविवार की शाम दो बाइको की भिड़ंत हो गयी। जिसमें एक बाईक पर सवार सोनू पुत्र मेनपाल 19 वर्ष व उसके साथी राजा पुत्र बिट्टू 18 वर्ष निवासीगण गांव मंदौड़ थाना सिखेड़ा व ऋतिक पुत्र पवन 18 वर्ष निवासी अलमासपुर थाना नई मंडी मुज़फ्फरनगर घायल हो गये। घायलों को एम्बुलेंस द्वारा भोपा अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक ने सोनू को मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची ककरौली पुलिस ने घटना की जानकारी कर मृतक के परिजनों को सूचना दी। वहीं दूसरा बाईक सवार मौके पर बाइक छोड़कर फरार बताया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ककरौली थाना क्षेत्र के गांव दरियापुर मे सोनू के फुफेरे भाई की शादी थी जिसकी बारात शुक्रताल गयी थी। तीनो युवक शादी समारोह से वापस लौट रहे थे।



## श्रीमद्भागवत कथा का शुभारम्भ

**मुजफ्फरनगर।** लक्ष्मण विहार में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया गया। कथा में पंडित गंगोत्री तिवारी मृदुल महाराज ने गोकर्ण धुंधकारी के प्रसंग सुनाया। मंगल कलश रखकर बैंडबाजे की धुन पर नृत्य करते हुए विभिन्न गलियों से भ्रमण करते हुए कथा स्थल पर पहुंचे। कथा व्यास गंगोत्री तिवारी मृदुल महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा में गोकर्ण धुंधकारी के प्रसंग को श्रवण कराते हुए कहा कि धुंधकारी उच्च कुल में जन्म लेकर जब नीच कर्म किया तो उसे प्रेत योनि प्राप्त हुई तो गो कर्ण महाराज जी ने उसे भागवत कथा श्रवण कराकर प्रेतत्व योनि से मुक्ति दिलाई। इस अवसर पर संजय वर्मा, आलोक वशिष्ठ ने सपत्नीक भागवत व व्यास का पूजन कराया। एनके तनेजा, सत्य प्रकाश गोयल, गायत्री वर्मा, गीता वर्मा, पूजा मलिक, मुनेश मलिक, अर्जुन तिवारी, दया शंकर तिवारी समेत श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# ओवरलोड गन्ने से भरा ट्रैक्टर ट्रॉला हुआ बेकाबू

**■ पेड तोड़कर सात गाड़ियों को किया क्षतिग्रस्त**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** गन्ने से भरा तेज रफ्तार एक ओवरलोड ट्रेक्टर ट्रोला हच के घूमने से बेकाबू हो गया। ट्रेक्टर गन्ने से भरे ट्रोले सहित सड़क पर खड़े एक पेड़ को तोड़ता हुआ एक कार मिस्त्री की दुकान में घुस गया। तब दुकान के बाहर खड़े आधा दर्जन से भी अधिक वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गये।

लगभग 10 लाख रूपये से अधिक की कीमत का नुकसान बताया जा रहा है। ट्रेक्टर चालक ट्रेक्टर ट्रोले को छोड़कर मौके से भाग जाने में सफल रहा। गुस्साए दुकानदारों ने आरोपी चालक को भागकर पकड़ना चाहा लेकिन वो हाथ नहीं लग सका।

इस दौरान लंबा जाम लग गया। किसी की सूचना पर बुढ़ाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाकर गुस्साए दुकानदारों को शांत कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी। इसमें तीन दुकानदारों के भी चोटिल होने की खबर है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर बाद गन्ने से भरा ओवरलोडिंग तेज रफ्तार एक ट्रेक्टर ट्रोला बड़ौत रोड की और से आ रहा था। जो कि गन्ना लेकर शुगर मिल में जा रहा था। जब ट्रेक्टर ट्राला बुढ़ाना कस्बे के दयानंद चौराहे के समीप आया तो अचानक से तेज रफ्तार ट्रेक्टर ट्रोला का बीच का हच अचानक से पूरी तरह से घूम गया तो ट्रेक्टर ट्रोला एकदम से बेकाबू हो गया। इससे पहले ट्रेक्टर चालक कुछ समझ पाता तब तक गन्ने से भरा ट्रैक्टर ट्रोला सड़क पर खड़े एक पेड को तोड़ता हुआ एक दुकान के बाहर खड़े हुए सात वाहनों को क्षतिग्रस्त करता हुआ अंदर घुस गया। जिसमें बुढाना निवासी मिस्त्री राजू, मनव्वर और फुरकान मामूली रुप से चोटिल हो गये जबकि ईको कार, एक्टिवा स्कूटी, बाइक, दो स्विफ्ट कार, एसेंट कार और बुलेट गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गये। तब गुस्साए हुए दुकानदारों ने भाग रहे ट्रेक्टर चालक को पकड़ना चाहा लेकिन चालक भाग जाने में सफल रहा। इस दौरान अफरा तफरी मच गयी और आते जाते वाहनों की वजह से जाम लग गया।

घटना की सूचना पर बुढाना पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित दुकानदारों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया। पुलिस ने क्रेन मंगाकर मौके से ट्रेक्टर ट्राले को हटाने का काम शूरु कर दिया था और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी गयी थी। बताया जा रहा है कि इस हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर कुछ ही देर बाद किसी व्यक्ति के द्वारा वायरल कर दिया गया। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना के समय बाहर दुकानों पर काम रही लेवर और मिस्त्रियों ने भागकर अपनी जान बचा ली नहीं तो कोई बड़ा जानी नुकसान भी हो सकता था।



बुढाना: चरण सिंह की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम पर मंथन करते नेतागण।

# रालोद नेताओं ने अनावरण कार्यक्रम में पहुंचने का किया आह्वान

## पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने भीड़ जुटाने की बात कही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** आगामी आठ मार्च को भारत रत्न से सम्मानित और देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की कई सालों से पन्नी में लिपटी हुई प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा।

अनावरण कार्यक्रम बुढाना कोतवाली क्षेत्र के गांव जौला के समीप कांधला रोड पर स्थित गायत्री वाटिका में किया जाएगा। यह जानकारी गठवाला खाप के गांव फुगाना में रविवार को पूर्व प्रधान थाम सिंह के आवास पर हुई एक पंचायत में बुढाना ब्लाक के पूर्व प्रमुख और राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता विनोद मलिक ने अपने संबोधन में ग्रामीणों को दी। इस आयोजित पंचायत में गठवाला खाप के गांव खेडा मस्तान, करौदा महाजन और खरड गांव के ग्रामीण मौजूद रहे। इस पंचायत में सभी वक्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने का सभी से आह्वान किया। यहां पर वक्ताओं ने कहा कि केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह सहित भाजपा के कई दिग्गज नेता कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। इस मौके पर पूर्व मंत्री योगराज सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तरस पाल मलिक, संदीप मलिक, मुकेश मलिक, थाम सिंह, पूर्व प्रधान मोनू और जोगेंद्र मलिक आदि ग्रामीण मौजूद थे। पंचायत में सैंकड़ों लोगों की मौजूदगी रही।

## 8 मार्च को होगा चौ.चरण सिंह की मूर्ति का अनावरण

**मुजफ्फरनगर।** चौधरी चरण सिंह की मूर्ति के अनावरण को लेकर रालोद ने फुगाना में बैठक की। रालोद नेताओं ने ग्रामीणों से कार्यक्रम में भारी संख्या में भीड़ जुटाने की अपील की। गांव फुगाना मे पूर्व प्रधान थाम सिंह मलिक के प्रतिष्ठान पर रालोद की बैठक हुई, जिसमें आगामी 8 मार्च को जौला में चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के अनावरण की तैयारी की गई। रालोद प्रमुख जयंत चौधरी व भाजपा के दिग्गज नेता भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। बैठक में पूर्व मंत्री योगराज सिंह, तरसपाल मलिक, संदीप मलिक, प्रभात तोमर, विनोद मलिक, मोनू प्रधान, मुकेश मलिक, थाम सिंह, जोगिंदर मलिक आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### आसपाकां के मंडल उपाध्यक्ष बनाए गए जावेद

**बुढ़ाना।** आजाद समाज पार्टी कांशीराम मुस्लिम मोर्चा भाईचारा कमेटी के सहारनपुर मंडल अध्यक्ष कारी मसरूफ चौधरी ने आजाद समाज पार्टी कांशीराम भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना लोकसभा क्षेत्र के सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद के निर्देश पर बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला काजीवाडा निवासी डाक्टर जावेद उस्मानी को आजाद समाज पार्टी कांशीराम मुस्लिम मोर्चा भाईचारा कमेटी का सहारनपुर मंडल का नया उपाध्यक्ष बनाया है। डाक्टर जावेद उस्मानी को यह जिम्मेदारी आजाद समाज पार्टी कांशीराम भीम आर्मी के जिला प्रभारी और जिला अध्यक्ष दिनेश बाबरा की संस्तुति के उपरांत दी गयी है। डाक्टर जावेद उस्मानी को जो नियुक्ति पत्र दिया गया है उसमें बताया गया है कि आजाद समाज पार्टी कांशीराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर आजाद के निर्देश पर बाबा साहेब डाक्टर भीमराव अम्बेडकर एवं कांशीराम साहब की विचार धारा बहुजन हिताय बहुजन सुखाय को आगे बढाने के लिए डाक्टर जावेद उस्मानी पुत्र मोहम्मद डाक्टर अतहर उस्मानी निवासी मौहल्ला काजीवाड़ा बुढ़ाना पूरी मेहनत करेंगे और उनसे यह भी अपेक्षा की जाती है कि वह अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण ईमानदारी एवं निष्ठा से निभाते हुए दिशा निर्देशों का पालन करेंगे।

### आईपीएल की तर्ज पर होगा क्रिकेट टूर्नामेंट



**मुजफ्फरनगर।** क्रिकेट एसोसिएशन जनपद की प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए जल्द ही आईपीएल की तर्ज पर मुजफ्फरनगर प्रीमियर लीग कराएगा, जिसमें 90 खिलाड़ी भाग लेंगे। यह निर्णय आज एसोसिएशन की एक बैठक में लिया गया। रविवार को भगीरथ चौक स्थित क्रिकेट एसोसिएशन के कार्यालय में आयोजित बैठक में एसोसिएशन के सचिव मनोज पुंडीर ने बताया कि टी 20 लीग में सिर्फ जनपद के खिलाड़ी ही खेल सकेंगे। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के उपाध्यक्ष कुशलपाल सिंह ने की। प्रत्येक भाग लेने वाली टीम उत्तर प्रदेश से दो बोर्ड ट्रॉफी प्लेयर जनपद से बाहर के भी टीम में खिला सकेगी। रंगीन कपड़ों में खेली जाने वाली लीग के प्रथम संस्करण में छह टीमें ही भाग लेंगी। लीग में कुल 14 मैच खेले जाएंगे।खिलाड़ियों का चयन ट्रायल के आधार पर ही होगा। बैठक में मुजफ्फर नगर क्रिकेट एसोसिएशन के कार्यालय बनाने पर भी सहमति जताई गई। बैठक में एसोसिएशन की बैठकों में नदारद निष्क्रिय सदस्यों को भी हटाने पर निर्णय लिया गया। बैठक में आय-व्यय का ब्यौरा रखा गया। प्रदेश स्तर पर जनपद के नाम रोशन करने पर प्रदेश की टीम में मैनेजर, कोच और फिजियो रहे विकास राठी, पारुल चौधरी और डॉक्टर शिवानी लाल को सम्मानित करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में चेयरमैन भीम कंसल, उपाध्यक्ष इंदर माथुर, संजय शर्मा कोषाध्यक्ष, अजय जैन सीए, संयुक्त सचिव ओमदेव सिंह, रोहित चौधरी, और विकास राठी, अरविंद भारद्वाज आदि सदस्य भी मौजूद रहे।

# जनता की मांग: विकास कराना है तो पश्चिमी यूपी अलग हो







**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** पश्चिमी यूपी बने अलग प्रदेश, यूपी के बंटवारे की फिर उठी मांग, जनता बोली छोटे राज्य की जरूरत पश्चिमी यूपी को अलग प्रदेश बनाने की मांग करते हुय उन्होंने कहा कि यूपी का बंटवारा होगा तो पश्चिमी यूपी में किसानों का राज होगा।

इस बारे में जनता ने कुछ इस तरह अपनी प्रतिकिर्या देते हुय राजबीर सिंह वर्मा की मांग का समर्थन करते हुय कही ये बाते।

कस्बा निवासी इरफान कहा है कि छोटे राज्य वक्त की जरूरत है। यूपी का बंटवारा होगा तो पश्चिमी यूपी में किसानों का राज होगा। कहा कि विकास के लिए बंटवारा जरूरी है, इसके लिए जनता उठ खड़ी होगी तो मांग पूरी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजबीर सिंह टीटू कई वर्षो से अलग प्रदेश की मांग कर रही है। नए प्रदेश में खुशहाली और यहां की जनता को रोजगार, शिक्षा और विकास के अवसर प्राप्त होंगे। यूपी देश का सबसे बड़ा राज्य है, जिसकी आबादी 25 करोड़ के करीब है। यूपी का बड़ा आकार होने की वजह से यूपी कई राज्यों से पिछड़ा हुआ है, यदि इसका विभाजन हुआ तो पश्चिमी यूपी को इसका बड़ा लाभ मिलेगा। राजबीर सिंह की इस मांग का हम समर्थन करते है। अंकुर सिंह ने भी अलग प्रदेश का समर्थन किया और कहा कि क्षेत्रीय विकास पार्टी हमेशा से छोटे राज्यों का पक्षधर रही है। छोटे राज्यों का विकास आसानी से किया जा सकता है। यूपी बड़ा राज्य नहीं बल्कि एक देश के समान है। हमारे क्षेत्र से राजधानी लखनऊ और हाईकोर्ट प्रयागराज काफी दूर है, जिससे न्याय पाने के लिए यहां के लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। यहां पांच लाख से ज्यादा केस हाईकोर्ट में लंबित हैं। छोटे राज्यों में प्रशासनिक व्यवस्था एवं कार्यशैली सुख्रढ़ हो जाती है। हम भी राजबीर सिंह की मांग का समर्थन करते है।

संदीप कुमार ने कहा कि उत्तराखंड, झारखंड, पंजाब, हरियाणा, छत्तीसगढ़ एं तेलांगना इसके उदाहरण हैं। इसे लेकर जनता को जागरूक करने के लिए सेमिनार एवं यात्राओं का आयोजन करना चाहिये। उन्होंने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश पश्चिमी यूपी से भी पिछड़ा हुआ है, उन्होंने उत्तराखंड का जिक्र करते हुए कहा कि उत्तराखंड हमसे अलग होकर प्रदेश बना और आज उसकी प्रगति देखिए, महाराष्ट्र आबादी के हिसाब से हमसे छोटा है, लेकिन वहां की जीडीपी देखिए. ऐसे में हमें इस बात को समझना होगा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश बन जाने से पश्चिमी यूपी का बेहतर विकास हो सकेगा और ये जरूरी भी है। राजबीर सिंह के साथ जनता को जुड़ना होगा तभी अलग राज्य बन पाएगा।

## डीएम आफिस पर धरने पर बैठने का आह्वान

**बुढ़ाना।** आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी मुस्लिम मोर्चा भाईचारा कमेटी के सहारनपुर मंडल के नव नियुक्त उपाध्यक्ष डॉक्टर जावेद उस्मानी ने रविवार को देर रात एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि पार्टी हाईकमान के आद. शानुसार सांसद चंद्रशेखर आजाद राष्ट्रीय अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी के काफिले पर हुए हमले के विरोध में 03 मार्च को सोमवार के दिन सभी आसपा कार्यकर्ता मुजफ्फरनगर डीएम कार्यालय पर पहुंचकर पार्टी के विरोध प्रदर्शन में शामिल होकर अपना सहयोग दें।

## युवक की मौत का अज्ञात टैंकर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**रामराज।** क्षेत्र में समाना पेट्रोल पंप के सामने हाईवे पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद मृतक के चचेरे भाई ने अज्ञात टैंकर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

शनिवार दोपहर करीब एक बजे ग्राम खेड़ी-सराय निवासी मौ. साबिर अपने चचेरे भाई शाहनवाज के साथ मोटरसाइकिल से मीरापुर की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे समाना पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, सामने से आ रहे तेज रफ्तार और लापरवाह टैंकर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों सड़क पर गिर गए, जबकि शाहनवाज टैंकर के नीचे आ गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और शाहनवाज को एंबुलेंस से जानसठ अस्पताल भेजा गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद टैंकर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मौ. साबिर की शिकायत पर अज्ञात टैंकर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। थाना रामराज पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और टैंकर चालक की तलाश की जा रही है। हादसे के बाद मृतक के परिवार में मातम पसरा हुआ है, वहीं गांव में भी शोक की लहर है।

# अब गांव जौला में पहुंची सपा की पीडीए यात्रा

**बुढ़ाना।** विधानसभा के सेक्टर 3 जोगियाखेडा व सेक्टर 4 जौला में समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए चर्चा कार्यक्रम संपन्न किया गया। सपा नेता सत्येन्द्र पाल ने कहा कि गरीब, किसान व नौजवानों के सपनो को सच बनाने के लिए पीडीए परिवार को इकजुट होना पड़ेगा। पीडीए परिवार का जो गुलदस्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दिया है उसे हमें फूलों से भरना होगा व यूपी में 2027 के सत्ताधीस राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को बनाना है। ग्राम जोगियाखेड़ा में कार्यक्रम की अध्यक्षता इकराम खान प्रधान ने की। कार्यक्रम में जाकिर, दिलशाद, अल्मुद्दीन, हसरत, अब्दुल्ला राणा, रफीक अहमद, मुशर्रत, मोहम्मद शाहिद, जमील, खलील, तासीन, इखलाख, फरमान, असलम, मोमीन, इरफ़ान, इक़बाल राणा, गुलजार, सलीम, वसीम, आदिल, हसमत, अमीर आलम, शोकीन राणा, आमिर, आरिफ राणा, राजा व इनाम आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में जुल्फुक्कार प्रधान व मोहम्मद शाहिद का विशेष योगदान रहा। ग्राम जौला में कार्यक्रम की अध्यक्षता इक़बाल अली ने की। कार्यक्रम में वसीम अली, आरिफ अली, इमरान, आबिद, समीर, कैफ, यासिर, दिलशाद, शहजाद, आरिफ, साहबान व फारुक राणा आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में भावी जिला पंचायत प्रत्याशी वसीम राणा व राशिद राणा का विशेष योगदान रहा।




बुढाना: जौला में पीडीए यात्रा का स्वागत करते सपाई।

# सांसद व अधिकारियों ने की गंगा घाट की सफाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** सरकार द्वारा तीर्थ स्थलों को साफ व सुंदर रखने के उद्देश्य को लेकर प्राचीन व पौराणिक तीर्थ नगरी शुकतीर्थ मे स्वच्छता अभियान बीते एक सप्ताह से जारी है। तीर्थ नगरी को साफ व सुंदर बनाने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए दूसरे रविवार को भी स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें बिजनौर सांसद चंदन चौहान सहित अपर जिलाधिकारी वित्त गजेंद्र, एस डी एम सुबोध कुमार सहित अनेक अधिकारियो ने भाग लिया।

तीर्थनगरी शुकतीर्थ मे गंगा घाट पर चलाये गये सफाई अभियान मे घाट से कूड़े को हटाया गया व गंगा मे फैली जल कुम्भी व अन्य गंदगी को बाहर निकाला गया बिजनौर सांसद चंदन चौहान व ए डी एम गजेंद्र ने गंगा मे जाकर पानी मे फैली जलकुम्भी आदि को बाहर निकाला साथ ही घाट पर एक जागरूकता रैली को निकालकर श्रद्धालुओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।सांसद चंदन चौहान ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री, प्रदेश के मुख्यमंत्री व जयंत चौधरी का उद्देश्य स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत के निर्माण का है।स्वच्छता से ही स्वस्थ भारत का निर्माण होगा। शुकतीर्थ एक प्राचीन व पोराणिक प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है। जहां श्रद्धालू स्वच्छ माहौल मे मां गंगा का आचमन करके जाएं ऐसे प्रयास शुरू किये गये हैं। मुज़फ्फरनगर --शुकतीर्थ मार्ग पर फेले भारी अतिक्रमण को लेकर उच्चधिकारियो से बात की जायेगी।अपर जिलाधिकारी गजेन्द्र सिंह ने कहा की जिलाधिकारी के आदेशानुसार प्रत्येक रविवार को शुकतीर्थ मे सफाई अभियान चलाया जायेगा। पूरी प्रशासनिक टीम ने सफाई अभियान मे भाग लेकर साफ सफाई की है आगे भी यह कार्यक्रम जारी रहेगा।एसडीएम जानसठ सुबोध कुमार ने कहा की जल कुम्भी गंगा घाट पर न आये इसके स्थाई समाधान के लिए कार्ययोजना पर विचार किया जायेगा। इस अवसर पर तहसीलदार सतीशचंद बघेल, नायब तहसीलदार ब्रजेश सिंह, बीडीओ अक्सीर खान, कानून गो ललित मोहन शर्मा पं. विनोद शर्मा,प्रसिद्ध कथा आचार्य अंतर्राष्ट्रीय संत महासभा मन्त्री अजय कृष्ण शास्त्री, ग्राम प्रधान राजपाल सैनी,देवेन्द्र आर्य,आलोक कुमार आदि उपस्थित रहे।



# एसडीएम ने रोड पर उतरकर अतिक्रमण हटवाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** रविवार के दिन बुढ़ाना एसडीएम राजकुमार भारती ने खुद पैदल सड़कों पर उतरकर नायब तहस. ीलदार अमन सिंह के साथ भारी पुलिस बल लेकर अतिक्रमण हटवाया और अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दे डाली। जिसको लेकर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों में अफरा तफरी और हड़कंप मच गया। यह अतिक्रमण कांधला रोड कस्साबान पुलिया के इर्द गिर्द हटाया गया। एसडीएम ने यहां पर जब जाम देखा तो रोड पर खड़ी ई-रिक्शा संचालकों को जमकर हड़काया और सड़क के किनारे रखे दुकानदारों के सामान को जब्त करने की चेतावनी देते हुए बाज आने की चेतावनी दी। बताया जाता है कि कस्बे के कांधला रोड की हालत जाम के मामले में बहुत ही खस्ता है। यहां के दोनों साइड के अधिकांश दुकानदार अपनी दुकानों के अंदर रखा हुआ सामान बाहर सड़क के किनारे रख देते हैं। जिसके चलते रास्ता और भी संकरा हो जाता है। रही सही कसर इन दुकानों पर सामान खरीदने वाले ग्राहक अपने वाहनों को खड़ा करके कर देते हैं। यहीं नहीं ई-रिक्शा चालक भी इन्हीं के आगे अपने ई-रिक्शा खड़े कर सवारी भरते हुए जाम में इजाफा कर देते हैं। फिर ओवरलोडिंग गन्ना वाहन पूरे कस्बे को जाम की चपेट में लाकर बड़ी समस्या पैदा कर देते हैं। इन शिकायतों का संज्ञान लेकर बुढाना एसडीएम राजकुमार भारती ने नायब तहसीलदार अमन सिंह को साथ लेकर अतिक्रमण हटवाया और दुकानदारों कोध हिदायत दी कि वे आईंदा बाहर सामान नहीं रखेंगे।



**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# शामली महोत्सव की तैयारियों को लेकर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान ने आज जनपद में आगामी 7 मार्च से 10 मार्च 2025 तक होने वाले शामली महोत्सव की तैयारियों को लेकर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ शामली महोत्सव आयोजन स्थल वीवी डिग्री कॉलेज का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए मौके पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहां की जनपद में भव्य शामली महोत्सव होने जा रहा है अत: व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की कमी ना हो समय से सभी व्यवस्थाएं पूर्ण हो जाए यह सुनिश्चित किया जाए।निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, अपर जिलाधिकारी संतोष कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह आदि अधिकारी एवं इवेंट कंपनी के लोग मौजूद रहें।देखा जाए तो इस महोत्सव में प्रसिद्ध कलाकारों



के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ स्थानीय विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्रों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसके अलावा, खाना खजाना में शामली और अन्य स्थानों के स्वादिष्ठ व्यंजन उपलब्ध होंगे, जबकि शॉपिंग स्टॉल्स पर विविध प्रकार की वस्तुएं बिक्री के लिए उपलब्ध रहेंगी। स्वच्छ शामली संकल्प-स्वच्छता एवं जागरुकता अभियान। महोत्सव के प्रचार-प्रसार हेतु प्रशासन द्वारा स्वच्छ शामली संकल्प नामक एक जागरुकता अभियान भी दिनांक 28 फरवरी 2025 से प्रारंभ किया गया है, जिसका उद्देश्य स्वच्छता और स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है। इस प्रकार है शामली महोत्सव की रूपरेखा दिनांक 07 मार्च को शामली स्वास्थ्य मार्च-एक अनूठी प्लॉगिंग पहल महोत्सव की शुरुआत शामली स्वास्थ्य मार्च से होगी, जिसमें प्लॉगथॉन द्धदौड़ते हुए कचरा उठाने की गतिविधिक्र का आयोजन किया जाएगा। इस पहल का नेतृत्व प्रसिद्ध फिटनेस प्रेमी और पर्यावरणविद् रिपु दमन बेल्वी करेंगे। यह प्लॉगथॉन 7 मार्च 2025 को प्रात: 6:00 बजे से वीवी पीजी कॉलेज के प्रांगण से आरंभ होकर एक निर्धारित मार्ग पर आयोजित किया जाएगा। सायं 5 बजे से 5 बजे तक शामली महोत्सव का उद्घाटन होगा।

## इन निर्धारित तिथियों को रद्द रहेंगी ट्रेनें

**नजीबाबाद।** गोरखपुर रेलवे स्टेशन और गोरखपुर कैंट क्षेत्र में रेल ट्रैक विकास कार्य होना है। इस दौरान रेलवे द्वारा कुछ ट्रेनों को मार्च और अप्रैल में निर्धारित तिथियां में रद्द रखा जाएगा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने संबंधित स्टेशनों को यात्री सुविधा के लिए ट्रेन रद्द होने की सूचना जारी की है। मुजफ्फरपुर से देहरादून के बीच संच. ालित 15001अप तीन और 10 मार्च को, 21 और 28 अप्रैल को रद्द रहेंगी। देहरादून से मुजफ्फरपुर के बीच संचालित 15002 डाउन 19 अप्रैल 26 अप्रैल और तीन को संचा. लित नहीं होगी। गोरखपुर से देहरादून के बीच संचालित 15005 अप 16, 18, 23, 25 और 30 अप्रैल के अतिरिक्त दो मई को संचालित नहीं होगी। देहरादून से गोरखपुर के लिए संचालित 15006 डाउन 15, 17, 22, 24, 29 अप्रैल के अतिरिक्त एक मई को रद्द रहेगी। जनसेवा एक्सप्रेस 14617 अप 20 अप्रैल से 30 अप्रैल तक, दो मई से चार मई तक संचालित नहीं होगी।

# 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर वापस गांव लौटे रोमित योगी का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** क्षेत्र के गांव शीतल गढ़ी निवासी रोमित योगी भारत भ्रमण के दौरान 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर साइकिल से वापस गांव लौटे तो परिवार सहित क्षेत्र के लोगों ने फूल माला से स्वागत किया। साइकिल द्वारा 295 दिन की यात्रा के अनुभव को रोमित योगी ने परिवार के लोगों के साथ साझा किया।

शनिवार को साइकिल द्वारा चारों धाम की 295 दिनों की यात्रा पूर्ण कर वापस लौटे रोमित योगी ने बताया कि उसने झिंझाना क्षेत्र के गांव शीतल गढ़ी से साइकिल द्वारा 12 मई 2024 को यात्रा शुरू की थी, जिसमें वह सबसे पहले उत्तराखंड के चारों धाम यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ के साथ-साथ पंच केदार, पंच बद्री में पहुंचे तथा कर्म अनुसार आगे बढ़ता गया। उन्होंने बताया कि भारत के 13 राज्यों में अलग-अलग भाषा के साथ-साथ अलग-अलग प्रकृति का अनुभव किया। साइकिल से चलने पर कठिनाइयां भी आई, लेकिन लोगों का सहयोग भी भरपूर



झिंझाना। रोमित का स्वागत करते प्रशंसक। छाया शाह टाइम्स

मिला। उन्होंने बताया कि साइकिल से चलने का एक फायदा मुझे यह हुआ कि मैं अपने आप से मिला। भगवान की या ब्रह्म की खोज करने से पहले आपको अपने आप से मिलना होगा। यात्रा के दौरान बहुत से साधु संतों से मिलकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। भगवान के 12 ज्योतिर्लिंग तथा चार धाम की यात्रा में साइकिल से कुल 295 दिन लगे। रोमित योगी द्वारा चार धाम की यात्रा पूर्ण कर लौटने पर परिवार के साथ-साथ क्षेत्र के लोगों ने भी फूल मालाओं से स्वागत किया।

## किसान ने अज्ञात पर सैकड़ों नाशपाती व पोपलर के पौधों को काटने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** किसान ने खेत में नाशपाती का बाग तैयार करने के लिए लगाए 364 व मेढ़ पर लगाए गए 220 पौधे काट कर व उखाड़ कर खेत में डालने का आरोप लगाया। वही कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

रविवार को क्षेत्र के गांव बधुपूरा निवासी आसिफ अली पुत्र नानू ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि पूर्व में कृषि भूमि खसरा नंबर 159,175,174 में नासपत्ती के 364 पौधे व चकरोड की बराबर में अपनी मेढ पर पोपलर के 220 पौधे लगाए थे जो अब हरे भरे हो गए थे। गत शनिवार की रात्रि अज्ञात ने खेत में खड़े सभी नासपत्ती व पोपलर के पौधों को नुकसान पहुंचाने की गरज से काटकर व उखाडकर नीचे डाल दिए। रविवार की प्रात: पीड़ित खेत पर पहुंचा तो देखा कि खेत में पौधे कटे व उखड़े पड़े है। अज्ञात ने काफी नुकसान कर दिया है। पीड़ित ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी और पुलिस पुलिस मौका मुआना करने के पश्चात वापिस चली गई। पीड़ित ने आरोपियो के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत छात्राओं ने किया थाने का भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बेटी बचाओं बेटी पढाओं योजना के अन्तर्गत इंटर कालेज की छात्राओं का महिला थाने का भ्रमण कार्यक्रम किया। जहां वन स्टॉप सैंटर प्रभारी व महिला थाना पुलिस द्वारा छात्राओं को कार्य योजनाओं की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया।

गत दिवस जिला प्रोबेशन अधिकारी हामिद हुसैन के निर्देशन पर वन स्टॉप सैंटर प्रभारी गजाला त्यागी व महिला थाना प्रभारी निधि चौधरी द्वारा प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना बेटी बचाओं बेटी पढाओं कार्यक्रम के अन्तर्गत इंटरमीडिएट कालेज की छात्राओं का



भ्रमण कार्यक्रम हुआ। जिसमें महिला थाने पहुंची छात्राओं को महिला थाने में होने वाले कार्यो की जानकारी दी। साथ ही महिला पुलिस की कार्यशैली से अवगत कराया। इस दौरान वन स्टॉप सैंटर प्रभारी गजाला त्यागी ने छात्राओं को प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम की जानकारी दी। साथ ही हेल्पलाईन नंबरों 112, 1090, 108, 102 आदि की जानक. ारी दी। इस दौरान स्कूली छात्राओं में काफी उत्साह नजर आए।

## एक नजर

### टावर से डिवाइस चोरी करने वाले दबोचे



**शामली।** तरंग संगल पुत्र प्रदीप संगल निवासी मौहल्ला पाल विहार जनपद शामली ने अज्ञात चोर के विरुद्द घर की छत पर लगे एयरटेल टावर से डिवाइस चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर तहरीर दी थी। थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में शामिल 5 चोरों को चोरी की हुई टावर डिवाइस व घटना में चोरी की प्रयुक्त स्कूटी सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तगण आकाश पुत्र खेमचन्द निवासी गली नं0 3 जगतपुरी निवाडी रोड थाना मोदीनगर जनपद गाजियाबाद, विकास उर्फ वीरु पुत्र रमेश निवासी गली नं0 6 जगतपुरी निवाडी रोड, थाना मोदीनगर, जनपद गाजियाबाद, आशीष पुत्र मनोज निवासी गली नं0 3 जगतपुरी निवाडी रोड, थाना मोदीनगर, जनपद गाजियाबाद, सौरभ पुत्र डैनी निवासी गली नं0 3 जगतपुरी निवाडी रोड, थाना मोदीनगर, जनपद गाजियाबाद, अंकुर पुत्र राजेन्द्र निवासी गली नं0 6 जगतपुरी निवाडी रोड, थाना मोदीनगर, जनपद गाजियाबाद हैं।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला दबोचा

**शामली।** थाना आदर्श मण्डी क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग को बहला फुसलाकर होटल ले जाने व दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में पीडिता के परिजन द्वारा थाना आदर्श मण्डी पर तहरीर दी गई थी। थाना आदर्श मण्डी पुलिस द्वारा नाबालिग को बहला फुसला कर ले जाने व दुष्कर्म करने के मामले में वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना आदर्श मण्डी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त विशाल पुत्र सोमपाल निवासी ग्राम गढी अब्दुल्ला थाना गढीपुख्ता जनपद शामली है।

### शराब बनाने की भट्टी के साथ आरोपी पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** स्थानीय पुलिस ने अवैध शराब बनाने की भट्टी के साथ एक आरोपी गुरमुख पुत्र दर्शन सिंह निवासी डेरा दर्शन सिंह ग्राम डोगपुरा थाना झिंझाना को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए अवैध शराब तस्कर के खिलाफ पहले भी थाना कैराना तथा झिंझाना में आबकारी अभिनियम के कई मामले दर्ज हैं। पुलिस पकड़े गए अवैध शराब तस्कर के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए चलनी कार्रवाई कर रही है।

### पत्रकार संगठन कैराना के अध्यक्ष संदीप इन्सां को मातृशोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कैराना।** दिल्ली से प्रकाशित दैनिक समाचार-पत्र के स्थानीय तहसील प्रभारी व पत्रकार संगठन कैराना के अध्यक्ष संदीप इन्सां की माता संतोष देवी का बीमारी के चलते आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से मीडिया जगत में शोक व्याप्त है। ब्लॉक क्षेत्र के गांव कंडेला निवासी तथा दिल्ली से प्रकाशित एक दैनिक समाचार-पत्र के स्थानीय तहसील प्रभारी एवं पत्रकार संगठन कैराना के अध्यक्ष संदीप इन्सां की माता संतोष देवी का विगत शनिवार देर रात्रि बीमारी के चलते निधन हो गया। वह करीब 62 वर्ष की थी। उनके निधन की सूचना से क्षेत्र के मीडिया जगत में शोक की लहर दौड़ गई। रविवार प्रात: उनका पार्थिव शरीर गांव में पहुंचा। जहां पर गांव में स्थित शमशान घाट पर गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया। ज्एष्ठ पुत्र होने के नाते संदीप इन्सां ने उनकी चिता को मुखाग्नि दी। संदीप इन्सां चार भाई बहनों में सबसे बड़े बताए गए हैं। इस दौरान पत्रकार संगठन के संरक्षक सुधीर चौधरी, महराब चौधरी सहित सभी सदस्यगण व संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

**शोकसभा आयोजित कर दी गई श्रद्धांजलि**

पत्रकार संदीप इन्सां की माता के आकस्मिक निधन पर कस्बे के मीडियाकर्मियों में भी शोक व्याप्त हो गया। रविवार को कस्बे के मुख्य पानीपत-शामली मार्ग पर चौधरी सिताब सिंह मार्किट में स्थित पत्रकार संगठन कैराना के कार्यालय पर एक शोकसभा का आयोजन किया गया, इस दौरान संगठन के संरक्षक सुधीर चौधरी व महराब चौधरी, वरिष्ठ पत्रकार ताराचंद सैनी, मामचंद चौहान, यूसुफ त्यागी, सुनील धीमान, लेखक रियासत अली ताबिश, मौलवी बिलाल, अंसार सिद्दीकी, मेहरबान अली कैरानवी, इकबाल हसन, सलीम फारूकी, अब्दुल सत्तार, महताब शानू, सालिम अंसारी, डॉ। अजमतुल्ला, अहसान सैफी, सन्नी गर्ग, इरफान चौधरी, पुनीत गोयल, सलीम चौधरी, स्वदेश पंवार, फिरोज खान, वाजिद अली, आशीष सैनी, दीपक बालान, शेखर चौहान, अलताफ चौधरी, फारुख फरीदी, जीशान अली, सलमान चौधरी, देवराज चौहान आदि मौजूद रहे। वहीं, शामली नपा चेयरमैन अरविंद संगल व सेंट आरसी कॉन्वेंट स्कूल कैराना के निदेशक यशपाल पंवार ने भी संदीप इन्सां के आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।



झिंझाना। पुलिया का शुरू किया गया निर्माण कार्य।

# जैन मंदिर में भव्य रथयात्रा महोत्सव का आयोजन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र के गांव भैसवाल में 1008 पार्श्वनाथ अतिशय दिगम्बर जैन मंदिर द्वारा भव्य रथयात्रा महोत्सव एवं कल्याण मंदिर स्रोत विधान का आयोजन किया गया। सुबह 7 बजे जी का अभिषेक एवं शांतिधारा के बाद रथयात्रा का आयोजन किया गया। रथयात्रा गांव के विभिन्न मार्गो से धूमधाम के साथ निकाली गई।

रविवार को गांव भैंसवाल स्थित 1008 पार्श्वनाथ अतिशय दिगम्बर जैन मंदिर में 105 समर्पण सागर जी महाराज के सानिध्य में भव्य रथयात्रा महोत्सव एवं कल्याण मंदिर स्रोत विधान का आयोजन किया गया। सुबह साढे 6 बजे धर्म ध्वजारोहण किया गया। सुबह 7 बजे जी का अभिषेक एवं शांतिधारा हुई। साढे 7 बजे कल्याण मंदिर स्रोत विधान का आयोजन हुआ। पूजा अर्चना पं। नरेश चंद जैन हस्तिनापुर वालों ने संपन्न कराई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनूप कुमार जैन, सारिका जैन रहे। सुबह 11 बजे जी की रथयात्रा का शुभारंभ हुआ जो मंदिर से प्रारंभ होकर गांव के मुख्य मार्गो से धूमधाम से निकाली गई। रथयात्रा में कई बैंड बाजे, सुंदर एवं आकर्षक झाकियां एवं जी का रथ आकर्षण का केन्द्र रहा। रथयात्रा पर जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। रथयात्रा के सारथी सतेन्द्र जैन, अमित जैन, सौधर्म इंद्र सम्यक जैन, कुबेर इंद्र अमित जैन, शुभम जैन, संयम जैन, सनत इंद्र निखिल जैन, महेन्द्र इंद्र सचिन जैन रहे। रथयात्रा का संचालन पार्श्वनाथ धरणेन्द्र पदमावती प्रभावना संघ ने किया। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष राजीव जैन, आशीष जैन, सम्यक जैन, सचिन जैन, मयंक जैन, अमित जैन, अंकित जैन, निखिल जैन, पारस जैन, संदीप जैन, पीयूष जैन, तरूण जैन, सुमित जैन श्रद्धालु मौजूद रहे।

## अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को शहर के सत्यनारायण इंटर कालेज में अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। उक्त परीक्षा कक्षा 6 व 9 में प्रवेश पाने वाले अभ्यर्थियों के लिए आयोजित की गई। रविवार को शहर के सत्यनारायण इंटर कालेज में आयोजित अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में बीएसए लता राठौर व सहायक श्रमायुक्त आंचल पांडे ने पहुंचकर परीक्षा का निरीक्षण किया। जिसमें कक्षा 6 के 65 परीक्षार्थी कक्षा 9 के 54 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि कक्षा 9 का एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। परीक्षा को नकल विहीन बनाने के लिए विद्यालय की ओर से सभी समुचित प्रबन्ध किए गए। परीक्षा निर्विघन सम्पन्न हुई। उक्त परीक्षा के प्रश्न-पत्रों को जनपद शामली की सहायक श्रम आयुक्त अचला पाण्डेय, बेसिक शिक्षा अधिकारी लता राठौर, श्रम विभाग अधिकारी एसपी गौतम, नायाब तहसीदार रविन्द्र कुमार, केन्द्र व्यवस्थापक अनिल कुमार शर्मा एवं परीक्षा प्रभारी घनश्याम सारस्वत की उपस्थिति में खोला गया एवं इनके कुशल मार्गदर्शन परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई।

## खस्ताहाल पुलिया तोड़कर नया निर्माण शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** खादर क्षेत्र के दर्जनों गांव को जोड़ने वाले मार्ग पर खस्ताहाल पुलिया को तोड़कर उसका नया निर्माण शुरू हुआ। क्षेत्र वासियों के आवागमन के लिए साइड में रास्ता बनाया गया है। जिससे ग्रामीणों को किसी तरह की परेशानी का सामना ना करना पड़े।

मेरठ करनाल हाईवे से लिंक रोड मंसूरा मार्ग को जोड़ने वाली रोटन गांव के निकट बुढने की पुलिया काफी समय से खस्ताहाल चल रही थी, जो संकरी भी थी। जिसको बनवाने के लिए क्षेत्र वासियों द्वारा मांग की जा रही थी। बुढ़ने की खस्ता हाल पुलिया को तोड़कर उसका निर्माण कार्य शुरू हो गया है। जिसका चौड़ीकरण भी किया जाएगा। दो दशक पूर्व इस बुढने की पुलिया लूटपाट की घटनाओं का मेन प्वाइंट हुआ करती थी।

रोहन निवासी हाजी इरफान, बसा अली, तसव्वुर अली, चौधरी जब्बार आदि बताया कि हमारे बाबा बताया करते थे कि इस पुलिया का निर्माण आजादी के समय हुआ था। इस समय यहां पर यमुना का पानी हर तरफ फैला रहता था तथा मंसूरा क्षेत्र के आस पास भूमि में नमक की मात्रा अधिक होने से यहां पर खेती नही होती थी। पुलिस का निर्माण कार्य शुरू होने से क्षेत्र वासियों में खुशी की लहर है।

# पाक कला प्रतियोगिता में बनाए लजीज व्यंजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद स्तरीय रसोईया पाककला प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन पूर्व माध्यमिक विद्यालय बनत निकट बीआरसी शामली में किया गया।

आयोजित प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी शामली विनय कुमार तिवारी द्वारा रसोइयों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गयास प्रतियोगिता हेतु जनपद के पांच विकासखंड से 30 रसोइयों को प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराया गया। आयोजित प्रतियोगिता हेतु निर्धारित निर्णायक समिति के सदस्य यथा मती लता राठौड़, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शामली, मती रूबी रानी प्रवक्ता गृह विज्ञान पंडित दीनदयाल उपाध्याय मॉडल इंटर कॉलेज ऊन, स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर जाहिद अली त्यागी, शामली तथा विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभागी रसोईया द्वारा भोजन पकाए जाने का तरीका, पौष्टिक तत्व, स्वच्छता, सुरक्षा, सभ्य व्यवहार आदि का मूल्यांकन तथा निर्धारण किया गयास निर्णायक समिति के सदस्यों द्वारा दिए गए परिणाम के अनुसार रसोईया पाक कला प्रतियोगिता की प्रथम विजेता श्रीमती पूनम कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय बंती खेड़ा विकास क्षेत्र थानाभवन, द्वितीय विजेता मती मुकेश प्राथमिक विद्यालय मालैंडी नंबर दो विकास क्षेत्र ऊन तथा तृतीय विजेता मती कविता उच्च प्राथमिक विद्यालय खुरगान विकास क्षेत्र कैराना रही।

प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र देकर उनका प्रोत्साहन एवं उत्साहवर्धन किया गया। प्रतियोगिता कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र कुमार जिला समन्वयक डक्ड द्वारा किया गयास कार्यक्रम में जिला समन्वयक, रोहतास कुमार भूमेश कुमार सचिन चौहान जिला व्यायाम शिक्षक शामली, सुनील तोमर एसआरजी शामली सचिन कुमार एसआरजी शामली, विद्यालय के प्रधानाध्यापक खलील अहमद, नवीन कुमार, सुनील चौधरी, दिनेश कुमार, रामव. ीर सिंह रामवीर सिंह सुधीर कुमार, मनीष जवाला, अखिलेश आनंद स्पेशल एजुकेटर आदि उपस्थित रहे। अंत में जिला समन्वयक (एमडीएम) द्वारा मुख्य विकास अधिकारी, प्रतिभागी समस्त रसोइयों तथा समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गयास इस अवसर पर प्रथम विजेता को रु. 3500, द्वितीय विजेता को रु. 2500, तीसरे विजेता को रु. 1500 पुरस्कार साथ ही सभी प्रतिभागी रसोइयों को 600-600 उनके बैंक खातों में उपलब्ध कराए जाएंगे।

## राजेंद्र गिरी का हुआ भव्य स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को गोस्वामी समाज द्वारा थाना आदर्श मंडी के थाना प्रभारी राजेंद्र गिरी का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होने फूल मालाऐं भेट की और थाना क्षेत्र में सुरक्षा और सेवा की नई उम्मीदें व्यक्त कीं। इस अवसर पर शौर्य गिरी, राहुल गोस्वामी, संजय गिरी, रजत, निखिल, विनित गिरी आदि मौजूद रहे।



शामली। पाक कला प्रतियोगिता में व्यंजन बनाने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित करते सीडीओ।

## बाइक समेत चोर को पकड़ा



**शामली।** ज्योतिष पुत्र कंवरपाल निवासी ग्राम रंगाना थाना झिंझाना जनपद शामली द्वारा अपनी मोटरसाइकिल मौहल्ला पटेल नगर से अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर तहरीर दी थी। पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण हेतु टीमों का गठन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे। थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा घटना में लिप्त अज्ञात चोर की तलाश की जा रही थी। थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में शामिल 1 चोर को चोरी की हीरो स्पलैण्डर मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। अभियुक्तगण रूपेन्द्र पुत्र कवंरपाल निवासी ग्राम अगडीपुर थाना झिझाना जनपद शामली है।

# नहर में गिरे तीन बाइक सवार, एक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** क्षेत्र के नोशेरा रोड पर बाइक सवार तीन युवक अनियंत्रित होकर यमुना नहर मे डूब गए हैं। नहर मे डूबकर एक युवक की मौत हो गयी है। जबकि दो युवकों को राहग. ीरों व पुलिस ने सकुशल बहार निक. ाला है। घटना से मृतक के परिजनों मे कोहराम मच गया है।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार के सवेरे लतीफपुर भूड़ निवासी तीन युवक हिमाचल प्रदेश की एक कम्पनी से कार्य कर वापस लौट रहे थे। थाना मिर्जापुर क्षेत्र के नोशेरा रोड पर बाइक सवार तीनों युवक अनियंत्रित होकर यमुना नहर मे डूब गए स नहर मे डूबने से एक युवक की मौत हो गयी है। मृतक युवक की पहचान कार्तिक पुत्र संजय



निवासी लतीफपुर भूड़ थाना बेहट के तौर पर की गयी है। जबकि बाइक सवार दो युवकों को सकुशल बहार निकाला गया है। सुचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी है और मृतक युवक के शव का पंचनामा भरकर परिजनों को सौंप दिया है।

# भाजपा राज में देश की जनता परेशान: संदीप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप राणा ने कहा कि कॉंग्रेस किसानों, व्यापारियों, महिलाओं, मजदूरों की समस्याओं को लेकर संघर्ष करती रहेगी।

दिल्ली रोड पर आयोजित कार्यक्रम में कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप राणा ने कहा कि भाजपा की गलत नीतियों के कारण देश की जनता परेशान है।बेरोजगारी और महंगाई ने हलकान कर दिया है।युवाओं के सपने चूर चूर हो चुके हैं।किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है।गन्ना बकाए के भुगतान को लेकर भी किसान परेशान हैं। उन्होंने कहा कि महंगाई के कारण आम गरीब आदमी की थाली छोटी होती जा रही है।संदीप वर्मा ने कहा कि कॉंग्रेस ही इन सब समस्याओं का समाधान कराएगी।

जिला उपाध्यक्ष मनीष त्यागी ने



कहा कि भाजपा झूठे सपने दिखाती है। हाजी मोहम्मद अय्यूब ने कहा कि कॉंग्रेस सरकारों में जो विकास हुआ आज वही देश को नये रास्ते पर ले जा रहा है ।किसान संघ जिलाध्यक्ष बिट्टू चौधरी ने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं लेकिन आज किसान ही परेशान हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों की तरफ से अपनी आंखे बंद कर ली है।

इस दौरान आबिद हसन,सांसद प्रतिनिधि खलील अहमद, इकराम प्रधान, नेत्रपाल सैनी, बालेश साँचलू आदि काफी कार्यकर्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# जर्जर तारों से हादसे के इंतजार में विद्युत विभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** जर्जर व लटके हुए तार हादसों को लगातार आमंत्रण दे रहे। ऐसी लाइनों के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। जानकारी के बावजूद विभाग के अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे है।

नगर व क्षेत्र में फैला एचटी तारों का जाल लोगों के लिए परेशानी का कारण बनता जा रहा है। एचटी तार जगह-जगह ढीले हो चुके व इसी कारण कई बार हादसे हो चुके है। नगर व क्षेत्र में अधिकांश लाइनें पुरानी व जर्जर हो चुकी है। अनेक स्थानों पर सडक क्रास करती लाइनें लटकी पड़ी है। जंगलों में तो इन लाइनों की हालत सबसे ज्यादा खराब है। कहीं-कहीं तो स्थिति यह है कि जमीन पर खड़े होकर इन लाइनों को पकड़ा जा सकता है। ऊर्जा निगम का ध्यान इन तारों की ओर कुछ समय के लिए तभी जाता है जब कोई बड़ा हादसा हो जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में एचटी तार कई जगह तो जमीन को छू रहे है।

नगर में आबादी के बीच में भी ऐसे तार लटके हुए है। नगर में कही मौहल्ले ऐसे है जिनमें एचटी लाइनें नीचे ही लटकी पड़ी है जिसे बच्चें भी आराम से पड़ सकता है और कोई हादसा हो सकता है। तार टूटने की कहानी रोज की कथा बन गई है। नागरिकों का कहना है कि विभाग को कई बार अवगत कराया जा चुका है। परन्तु उनकी आवाज किसी को सुनाई नही दे रही है। शायद विभाग को किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार है। लोगों का आरोप है कि विभाग के अधिकारी भी बिजलीघर पर कम ही मिलते हैं।

# अंबेहटा के मुख्य बाजार में भरा दूषित पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** कस्बे के मुख्य बाजार मे ओवरफ्लो होने से दुकानदार और ग्राहको को परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। जिसके चलते दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठानों को खोलने में परेशानी आती है साथ ही ग्राहक भी बाजार में आने से कतराता है। रविवार को बाजार में दूषित पानी से जलभराव होने पर व्यापारियों में काफी रोष नजर आया। व्यापारियों ने समस्या के स्थायी समाधान की माग की है।

व्यापारी डॉ विशवास कुमार, चौधरी तुषार चौहान, डॉ मदन लाल सैनी, मनीष सैनी, जमील अहमद, यशपाल सिंह, महावीर कश्यप समेत अन्य लोगों ने बताया कि सुबह के समय दुकानों को खोलने के लिए पहुंचते हैं तो बहुत सी दुकानों के बाहर नालो का दूषित पानी जमा हो जाता है। इसके चलते दुकानें खोलने का भी मन नहीं करता। नाले के अंदर की सारी गंदगी बाहर निकल आती है, जो काफी दिनों तक दुकानों के बाहर जमा रहती है। इसके चलते बाजार फिर बाजार नहीं रह जाता, इतना बुरा हाल हो जाता है जैसे किसी गंदगी के ढेर पर दुकानें बना ली हों। दूषित पानी



जमा होने से बाजार बाजार नहीं लगता। ग्राहकों का भी सामान लेने का मन नहीं करता। व्यापारीयो का कहना है कि इससे पूर्व भी नगर पंचायत को अवगत करा चुके है। परंतु समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है। व्यापारीयो का कहना है हर रोज सैकड़ो ग्राहक यहां सामान खरीदने के लिए आते है। जिनको काफी परेशानी होती है। व्यापारीयो समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

# स्थापना दिवस के पहले दिन भगवान विष्णु का किया जाप


**गंगोह।** वैष्णों देवी धाम का शनिवार को स्थापना दिवस को लेकर पूजा कार्य आरंभ किया था। कार्यक्रम के पहले दिन सुबह के समय विष्णु जाप का आयोजन किया गया जिसमें अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लिया, इसके बाद नित्य पूजा कार्यक्रम हुआ। रविवार को भी कार्यक्रम में मुरारी लाल बजाज, बृज भूषण शर्मा, सुशील कुमार, सत प्रकाश, राहुल आदि शामिल रहे। मंदिर पर रोजाना भजन-कीर्तन का कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहा है। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में बृज रसिक शिवम कौशिक व आचार्य रजनीश भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। होली महोत्सव के रंग भी भरे जाएेंगे तथा फूलों की होली खेली जाएगी।

# बिना विवेक सत्संग नहीं: आचार्य सुभाष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुलतानपुर नगर में एकता जन सेवा समिति के तत्वाधान में चल रही श्री राम कथा में कथा व्यास आचार्य सुभाष चंद शर्मा ने कहा कि संतों का जीवन लोक कल्याण के लिए होता है।

रविवार को आयोजित दूसरे दिन की राम कथा में कथा व्यास ने सत्संग की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि सत्संग में मानव के विचारों की शुद्धि आती है। सत्संग को मन लगाकर सुनेंगे, तो इसका फल तुरंत मिलता है। उन्होंने कहा कि सत्संग के बिना विवेक नहीं होता है। सत्संग से एक गलत व्यक्ति भी सुधर जाता है। उन्होंने बताया कि एक बार प्रयागराज में भारद्वाज ऋषि तथा याज्ञवल्क्य मुनि के बीच राम के चरित्र के चर्चा हुई थी। मुनि भारद्वाज ने याज्ञवल्क्य जी से रामजी के बारे पूछा, कि राम



कौन हैं। तब याज्ञवल्क्य, राम जी की कथा सुनाते हैं। कथा में मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात कथावक्ता आत्मानुभवी महाराज ने भी श्री राम जी के चरित्र की चर्चा की।

कथा के यजमान अजय सैनी, अमित उपाध्याय, सोनू सैनी, विनोद सैनी, हर्ष सैनी रहे। आरती भगत सुंदर नाथ, नवनीत सैनी प्रधान, मेघराज, सुखपाल सिंह ने की। आयोजन में बालकृष्ण शर्मा, नरेन्द्र कश्यप, बालेश कुमार, डा. दीपक सैनी, संजय कुमार, शिव कुमार,पवन गुंबर, बालेश कुमार आदि का सहयोग रहा।

# होली के मद्देनजर सजने लगे नगर के बाजार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रंगों का पर्व होली को बस कुछ ही दिन ही शेष हैं, जिसके चलते महानगर की दुकानें रंग, गुलाल, पिचकारी और अन्य प्रकार की वस्तुओं से सजनी शुरू हो गई हैं, जिससे बाजार की रौनक भी बढ़ गई है।

गुलाल की मस्ती के साथ बच्चों को पिचकारी सबसे अधिक लुभाती है। होली पर पिचकारी को लेकर बच्चों में खासा क्रेज रहता है। बच्चों के पसंदीदा कार्टून छोटा भीम, मोटू-पतलू, डोरेमोन आदि के आकार वाली डिजाइनर पिचकारियों की भरमार है। बंदूक, टैंक के आकार वाली पिचकारी भी खूब पसंद की जा रही है। इस बार एअर प्रेशर, एक्शन बिगन और फनगन जैसी पिचकारियां बच्चों को खूब भा रही हैं। हर्बल गुलाल है सदाबहार.... होली के मौके पर केमिकल रंगों से त्वचा को कोई नुकसान न हो, जिससे कुछ वर्षो से हर्बल गुलाल की मांग हो रही है। लिहाजा इस वर्ष भी बाजारों में इसकी धूम है। आवास विकास के दुकानदार नितिन गुप्ता ने बताया कि लोगों की मांग को देखते हुए दुकानों में हर्बल रंग अधिक मात्रा में उपलब्ध हैं।

❐**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश की सामाजिक संस्था जागरूक सहायता संस्था द्वारा एक नि:शुल्क आंखों की जांच का शिविर का आयोजन 4 मार्च को किया जायेगा, जिसमें नेत्र रोगियों की जांच होगी। जागरूक सहायता संस्था व आई क्यू हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में जांच शिविर चन्द्र नगर कालोनी स्थित गुरुद्वारा सो क्वार्टर में 4 मार्च का आयोजित किया जाएगा।

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्ष की तैयारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ जीईएनसी एवं भारतीय मजदूर संघ के निर्देशानुसार पश्चिमी क्षेत्र उत्तर प्रदेश के आह्वान पर आगमी 1 मार्च से 31 मई तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कर्मचारी एवं शिक्षकों की महत्वपूर्ण मांग पुरानी पेंशन बहाली के साथ-साथ केंद्र के समान वेतन और भत्ते, सेवानिवृत्ति आयु एवं संविदा और कॉन्ट्रैक्ट बेस की भर्ती को बंद करते हुए पूर्व की भांति नियमित कर्मचारियों की भर्ती की जाए। इसके लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनपदो में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

संस्था प्रदेश प्रभारी धर्मेन्द्र धवलहार व मंडल अध्यक्ष तरूण भोला ने बताया कि 1 मार्च से 31 मई तक सभी जनपदों के कर्मचारियों द्वारा बैठक, सम्मेलन, अधिवेशन एवं



संगोष्ठी के माध्यम से जन जागरूकता कार्यक्रम हेतु कार्यालय संपर्क एवं जनप्रतिनिधियों के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री एवं माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को ज्ञापन देकर उपरोक्त सभी मांगों के समर्थन में कार्यक्रम किया जाएगा। कार्यालय में संपर्क भोजन अवकाश के समय में तथा बैठकों एवं ज्ञापन कार्यक्रम साप्ताहिक अवकाश के दिनों में संपन्न किए जाएंगे जिसको संपर्क, सहयोग, सदस्यता के कार्यक्रम के नाम से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में संपन्न होंगे। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में प्रत्येक जिलो में कर्मचरियों की बैठक और कर्मचारी सम्मेलन एव अधिवेशन करके पुरानी पेंशन बहाली के लिए केंद्र सरकार के समक्ष जिलाधिकारी के माध्यम से अपनी माँगो को रखेंगे।

मेरठ मंडल व सहारनपुर मंडल प्रभारी तरुण भोला ने बताया कि मेरठ मंडल के जिला गाजियाबाद में 18 मार्च को पुरानी पेंशन बहाली एवं केंद्र के समान भत्ते व अन्य मांगों को लेकर पश्चिम उत्तर प्रदेश में प्रारंभ किया जाएगा। इसके साथ ही सहारनपुर मंडल सहारनपुर के तीनों जिले शामली, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर में संपर्क, सदस्यता, सहयोग कार्यक्रम को सभी पदाधिकारी सफल बनाने का कार्य करेंगे और एसोसियेशन को सहारनपुर मंडल में प्रत्येक कर्मचारी तक पहुंच. ाने के लिए सभी कार्यालय में जाकर कार्यक्रम को सफल बनाएंगे और हमारी पुरानी मांग पुरानी पेंशन बहाली जो कर्मचारी शिक्षकों के बुढ़ापे का सहारा है।

# हार्ट अटैक से बिजली कर्मचारी का निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** बिजली विभाग में कार्यरत सनव्वर खान उर्फ शब्बू का हार्ट अटैक के कारण निधन हो गया।उनके निधन की सूचना से शोक की लहर दौड़ गई।विभाग के कर्मचारियों व गणमान्य लोगों ने शब्बू के निधन पर शोक प्रकट किया है।



बिजलीघर में काफी समय से तैनात लगभग 42 वर्षीय सनव्वर खान उर्फ शब्बू को आज सुबह सीने में दर्द की शिकायत पर मेडिग्राम हॉस्पिटल ले जाया गया जहाँ पता चला कि शब्बू को हार्ट अटैक आया था।उपचार के दौरान ही शब्बू का निधन हो गया।जिनके शव को रामपुर मनिहारान लाया गया और अंतिम दर्शनों के लिए बिजलीघर पर रखा गया।शब्बू के साथी तौफीक उमर ने बताया कि शब्बू अपने मिलनसार स्वभाव के कारण क्षेत्रवासियों व अधिकारियों में खास पहचान रखते थे।तौफीक उमर ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार रुड़की में किया जाएगा।

हाजी मोहम्मद अय्यूब,कुलदीप बालियान, प्रदीप चौधरी, विवेककान्त सिंह,काजी अब्दुल बासित,आस मोहम्मद सैफी,अहसान मलिक, सोनू सैनी, नफीस सैफी,नदीम अहमद,तय्यब एडवोकेट, अकरम राय, बशीर जमाल आदि गणमान्य लोगों ने शब्बू के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

# सड़क हादसे में मजदूर की मौत

## दूसरी घटना में बस व ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर में चार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** दो अलग-अलग सड़क दुघर्टनाओं में चार व्यक्ति घायल हो गए व एक मजदूर की मौत हो गई।

रविवार को सुबह सवेरे अपने परिवार के पालन पोषण के लिए ईंट भट्टे से मेहनत मजदूरी कर आलमपुर गांवड़ी निवासी रंजीत सिंह पुत्र खुशीराम उम्र करीब 50 वर्ष थाना क्षेत्र के मौहम्मदपुर राजौरी ईंट के भट्टे से पैदल मजदूरी करके वापस अपने घर लौट रहा था। भूतपुरी जसपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोई अज्ञात वाहन चालक उसको टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया। 108 एम्बुलेंस सेवा की मदद से सीएचसी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया।

वहीं प्रात: एक प्राइवेट बस और ट्रैक्टर ट्रॉली की भिड़ंत में नन्हे



सिंह पुत्र बसन्त सिंह उम्र 35 वर्षीय, जुलफुकार पुत्र हाकम अली उम्र 34 वर्ष, चंद्रपाल पुत्र हरवंश सिंह उम्र 40 वर्ष, गजरु पुत्र सत्तू उम्र, 50 वर्ष सभी निवासी सलारपुर डिलारी जिला मुरादाबाद के निवासी थे जो कहीं मजदूरी करने जा रहे थे। पीछे से एक बस ने टक्कर मार दी। बस क्षतिग्रस्त हो गई। सभी घायलों को सीएचसी में



भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई।

# बुग्गी के नीचे दब कर किसान की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** गांव महमूदपुर वाजिदपुर में बुग्गी की बम की लकड़ी टूटने के दौरान बुग्गी के नीचे दबकर एक किसान की मौत हो गई। मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेजा है।

जानकारी के अनुसार नहटौर क्षेत्र के गांव महमूदपुर वाजिदपुर निवासी 55 वर्षीय चंद्रपाल सिंह पुत्र सुखलाल सिंह जंगल से गन्ने के अगोले पत्ती बुग्गी में रखकर घर लाया था। बुग्गी से भैंसा छोड़ने के दौरान वह बुग्गी में बंधा रस्सा खोलने लगा। इसी दौरान बुग्गी की बम की लकड़ी टूट गई और चंद्रपाल सिंह बुग्गी के नीचे दबकर गंभीर रूप से



घायल हो गया। घायल को नहटौर सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत होने पर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेजा है। कोतवाल धीरज सिंह सोलंकी ने बताया कि मृतक का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेजा है।

## दुष्कर्म के आरोपी का चालान

**कासमपुर गढ़ी।** ग्राम मानियावाला निवासी एक नाबालिग युवती ने एक सप्ताह पूर्व ग्राम के ही युवक ऐहतशाम पुत्र मोहम्मद अशरफ के विरुद्ध कोतवाली अफजलगढ़ मे तहरीर दी कि 25 फरवरी को जब वह घर में अकेली थी तो ग्राम का ही ऐहतशाम उसके घर मे घुस गया और उसके साथ बलात्कार किया। पुलिस ने युवती की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर उसका मेडिकल कराया। कोतवाल अफजलगढ़ सुमित राठी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के चलाये जा रहे वांछित अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी अभियान के अन्तर्गत अभियुक्त आरोपी ऐहतशाम को ग्राम मानियावाला से गिरफ्तार कर बीएनएस की धारा 115/2 व 333/64 तथा पोस्को एक्ट की धारा 3/4 मे चालान कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

## स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

**बिजनौर।** आज केंद्रीय भण्डारगृह बिजनौर के प्रांगण में केंद्रीय भण्डारण निगम का 69वां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन तकनीकी सहायक श्याम गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रबंध केंद्रीय भण्डार गृह बिजनौर नरेश कुमार द्वारा निगम की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से से बताया गया। गौरव कुमार स.प्र. ने आए हुए सभी मेहमानों का धन्यवाद दे कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम के दौरान प्रबंधक एफ.सी.आई., दीपनन्दन, नदीम, अंकुर शर्मा, सुमित कुमार, मुकुल, अपूर्व, विनित कुमार, अनिल कंचन आदि मौजूद रहे।

## इशिका के चयन पर हर्ष

**कोतवाली देहात।** ग्राम शादीपुर निवासी उत्तम मौर्य की पुत्री इशिका मौर्य ने लखनऊ में हुए ट्रायल में अंडर 15 आयु वर्ग में चौथा स्थान प्राप्त किया। इशिका मौर्य ने 388 तथा 383 का स्कोर किया। कुल 671 अंकों के साथ वह चौथे स्थान पर रही। इशिका रिकर्व वर्ग में खेलती है। अब इशिका मौर्य 22 मार्च से 30 मार्च तक आंध्र प्रदेश के गुंटूर शहर में होने वाली राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की ओर से खेलेगी। इशिका का चयन होने से गांव में हर्ष का माहौल है।

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश जनपद शाखा बिजनौर द्वारा नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद को जिला मंत्री जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने बताया कि एनपीएस एवं यूपीएस शेयर बाजार पर आधारित है और विगत पांच माह से शेयर बाजार में लगातार गिरावट आने से देश के 75 लाख से अधिक शिक्षक एवं कर्मचारी अपने भविष्य की आर्थिक सामाजिक सुरक्षा को लेकर चिंतित है क्योंकि उनके वेतन से 10% कटौती होने वाली कटौती को सरकार द्वारा शेयर बाजार में लगाया गया है जिस देश के शिक्षकों एवं कर्मचारी को शेयर बाजार के लगातार गिरने से नुकसान हुआ है। जिसमें 91.13 लाख करोड़ रुपए कम हुए हैं। देश के शिक्षक एवं कर्मचारी शेयर बाजार की इस गिरावट से आर्थिक सामाजिक सुरक्षा जोखिम में है। पुरानी पेंशन में शिक्षकों एवं कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित है। जिला मंत्री जितेंद्र कुमार ने बताया कि एनपीएस एवं यूपीएस पेंशन स्कीम केवल शिक्षकों एवं कर्मचारियों के साथ पेंशन के नाम पर धोखा है। सांसद चंद्रशेखर आजाद ने सदन में मुद्दे को उठाने व प्रधानमंत्री को पत्र लिखने के लिए आश्वस्त किया।

इस अवसर पर डॉ. रामकुमार सिंह, सूरज कुमार, संजय कुमार, किरतपाल सिंह, ओम प्रकाश सिंह, शेखर कटारिया, सत्येंद्र सिंह, हिरद. ेश सिंह, धर्मेंद्र भारती, नीरज कुमार, विकास कुमार, कृपाल सिंह, पुखराज सिंह, राजेंद्र सिंह, अफताब अहमद, विजेंद्र सिंह, निलेश कुमार, सूरजमल, मुकेश कुमार, अरूण कुमार, सुशील कुमार, सुभाष, शांति प्रसाद, शीशराम सिंह, सुमित कुमार, नरेश कुमार, संतोष कुमार, इंद्रजीत सिंह, विशाल भारती, निर्देश कुमार, परवेज अहमद, सुलेमान, विवेक कुमार आदि मौजूद रहे।



## दो वारंटी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कासमपुर गढ़ी।** रेहड़ पुलिस ने वांछित दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेश कर दिया है। थाना रेहड़ के उप निरीक्षक फिरोज खान ने बताया कि पुलिस अधीक्षक बिजनौर के चलाये जा रहे वांछित अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी के अभियान के अन्तर्गत वांछित चल रहे दो वारंटियों अकबर पुत्र कलवा व मौ. रईस पुत्र अकबर निवासी गण महुआ डाबरा थाना जसपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

## ग्रामीणों ने बीडीओ को दिया शिकायती पत्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** गंदे पानी की निकासी को बंद किये जाने के मामले में ग्रामीणों ने बीडीओ को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

इबादुल्लापुर गांव निवासी सरताज, आरिफ, सत्तार, साजिद, सद्दाम और यामीन आदि ने बीडीओ को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव निवासी दो लोगों ने पानी निक. ासी के लिए बनी नाली को बंद कर दिया है। जिससे घरों से निकलने वाला पानी सड़कों पर बह रहा है। इससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया कि पूर्व में एसडीएम को इस संबंध में शिकायती पत्र दिया गया था। जिसमें जांच के बाद नाली खोले जाने के आदेश किए गए थे। लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने नाली को खुलवाए जाने और दोषियों पर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

## सभासदों ने पालिकाध्यक्ष को सोंपा मांग पत्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** रमजान माह में शहर के अंदर साफ सफाई और पथ प्रकाश की समस्या दुरुस्त करने के लिए नगर पालिका के सभासदों ने पालिका अध्यक्ष को दिया ज्ञापन

आज सभासद वाजिद अली के नेतृत्व में सभासदो ने रमजान माह में साफ सफाई और पथ प्रकाश की समस्या को लेकर एक ज्ञापन दिया गया ज्ञापन में बताया गया है रमजान का महीना शुरू होने वाला है शहर के अंदर साफ सफाई और लाइटों की समस्या को ठीक किया जाए नालों की सफाई भी कराई जाए और जहां लाइटें नहीं है बंद पड़ी है वहां पर लाइटे लगवाई जाए साफ-सफाई पर खास तौर से ध्यान दिया जाए पालि. का अध्यक्ष विपिन गर्ग द्वारा सभासदों को आश्वासन दिया गया की जो भी समस्या ज्ञापन में बताई गई है वह जल्द से जल्द पूरी की जाएगी' ज्ञापन देने वालों में डा. वाजिद मलिक सभासद शाहिद हसन सभासद पति डां असलम अली सभासद रिजवान गौड सभासद पति आसिफ लियाकत सभासद अंकित राणा सभासद पति शराफत मलिक कुलदीप सैनी आदि मौजूद रह। **उधर**, सर्वधर्म भाईचारा एकता समिति के अध्यक्ष पुनीत गर्ग बाला जी ने त्योहारों के मद्देनजर पालिका प्रशासन से नगर में साफ-सफाई और पथप्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज का रमजान का महीना आरंभ हो चुका है। उन्हें किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए पालिका को सभी इंतजाम करने चाहिए। इसके साथ ही पुनीत गर्ग ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों से त्योहारों पर नगर का माहौल खराब करने का



प्रयास करने वाले शरारती तत्वों से सख्ती से निपटने की मांग की है।

## छात्रों के लिए जारी की गाइडलाईन

**देवबन्द।** इस्लामी तालीम के प्रमुख केंद्र दारुल उलूम में प्रवेश पाने के लिए छात्रों के देवबंद पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। नवीन सत्र में प्रवेश पाने के इच्छुक छात्रों के लिए दारुल उलूम प्रबंधतंत्र ने गाइडलाइन भी जारी की है। ताकि उन्हें यहां कोई परेशानी न हों। दारुल उलूम में शुरू होने वाले नए शैक्षिक सत्र में प्रवेश पाने के लिए देश के अलग-अलग प्रांतों से छात्र दारुल उलूम पहुंचने लगे हैं। आवेदन करने की प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है, रमजान माह में प्रवेश के लिए प्रक्रिया को ओर तेज कर दिया जाएगा। संस्था में प्रवेश पाने के इच्छुक छात्रों के रहन-सहन के लिए प्रबंधतंत्र ने गाइडलाइन भी जारी की है। छात्रावास के कार्यवाहक प्रभारी मौलाना मारूफ की ओर से जारी गाइडलाइन में बताया गया कि छात्र दारुल उलूम में रहने के लिए फार्म प्राप्त करें और उसे भरकर छात्रावास कार्यालय में जमा करा दें। वहां से प्राप्त होने वाले निवास कार्ड को अपने पास रखें। इसमें कमरा नंबर दर्ज करें। इसके साथ ही बताया गया है कि छात्र अजनबी छात्रों या शहर से आए किसी भी व्यक्ति को कमरे में प्रवेश की अनुमति न दें। कमरा खाली मत छोडें और निवास फॉर्म पर अपना मोबाइल नंबर जरुर लिखें। इसके साथ ही स्मार्टफोन के इस्तेमाल पर रोक लगाई गई है। चेतावनी दी यदि किसी छात्र के पास मोबाइल मिलता है तो उसे जब्त कर लिया जाएगा।

**देवबन्द।** मुकद्दस माह ए रमजान शुरू हो गया। अकीदतमंदों ने रमजान की विशेष तरावीह की नमाज अदा की और फिर सवेरे सहरी खाकर पहला रोजा रखा। मस्जिदों सहित विभिन्न स्थानों पर तरावीह का इंतजाम किया गया है।

रहमत और बरकतों वाले रमजान माह की आमद हो गई है। इसके शुरू होने से मुस्लिम समाज के लोगों में खासा उत्साह है। शनिवार को चांद देखने के बाद लोगों ने एक दूसरे को रमजान माह की मुबारकबाद दी। इसके उपरांत उन्होंनें मस्जिदों, घरों और प्रतिष्ठानों पर रमजान की विशेष तरावीह की नमाज अदा की। इसमें भारी संख्या में लोगों ने शिरकत की। सवेरे उठकर लोगों ने पहले रोजे की सहरी खाकर रोजा रखा। वहीं, मुबारक महीने रमजान की आमद को लेकर बाजारों में रौनक बढ़ गई है। दुकानों पर सामान की खरीदारी करने को लोगों की खासी भीड़ लगी रही। उन्होंने पहले रोजे के लिए लोगों ने सहरी का खास तोहफा खजला और फैनी खरीदी जबकि फलों की दुकानों से इफ्तार के लिए फल खरीदे। रमजान की आमद से मुस्लिम समाज में खुशी का माहौल है।

## गुरुद्वारा श्री हरगोबिंद साहिब में समागम का शुभारंभ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** तहसील क्षेत्र के गांव पनियाली स्थित गुरुद्वारा श्री हरगोबिंद साहिब पातशाही छवीं में सालाना समागम एवं श्रीमान 108 संत अकाल पुरख सिंह जी की 55 वीं बरसी के अवसर पर चार दिवसीय समागम का शनिवार को शुभारंभ हुआ।

गुरुद्वारा साहिब पनियाली की सेवा संभाल रहे बाबा रणजीत सिंह ने पनियाली गुरुद्वारा के प्राचीन इतिहास का विस्तार पूर्वक वर्णन किया। बताया कि इस स्थान पर छवि पातशाह साहिब श्री गुरु हरगो. बिंद जी वर्ष1680 फाल्गुन मास में नानकमत्ता जाते हुए इस स्थान पर ठहरे थे। बताया कि वर्ष 1914 में इस स्थान पर गुरुद्वारा साहिब का निर्माण किया गया वहां अब नयी इमारत बनायी जा रही है। बताया कि वर्ष1917 से प्रत्येक वर्ष यहां सालाना समागम आयोजित किया जा रहा है।

इस वर्ष सालाना समागम एवं श्रीमान 108 संत अकाल पुरख सिंह जी की 55 वीं बरसी पर गुरुद्वारा साहिब में 1 से 4 मार्च तक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। इस दौरान सरदार रविंद्र सिंह, हरजीत सिंह, कंवरपाल सिंह, अजब सिंह, अमरदीप सिंह, जरनैल सिंह, गुरदीप सिंह, जोध सिंह, गुरमीत सिंह, राजपाल सिंह और रविपाल सिंह आदि संगत मौजूद रही।

## अनवर सईद को मसीहउल मुल्क हकीम अजमल खां एवार्ड से नवाज़ा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** नेशनल इंटीग्रेटिड मेडिकल ऐसोसियेशन यूनानी फोरम द्वारा यूनानी डे के मौके पर डा. अनवर सईद को मसीहउल मुल्क हकीम अजमल खां एवार्ड से नवाजे जाने पर चिकित्सकों व शिक्षको ने हर्ष जताते हुए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी।

जामिया तिब्बिया देवबन्द के निदेशक-प्रबंधक एवं ऑल इण्डिया मेडिकल तिब्बी कान्फ्रेंस के अध्यक्ष डा. अनवर सईद को बदायुं मे नेशनल इंटीग्रेटिड मेडिकल ऐसोसियेशन यूनानी फोरम की और से यूनानी डे के मौके पर मसीहउल मुल्क हकीम अजमल खां एवार्ड से नवाजा गया। डा. अनवर सईद को हकीम अजमल खां एवार्ड मिलने पर नगर में जश्न का माहोल है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. अनवार सईद (अध्यक्ष, ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कॉन्फ्रेंस, उत्तर प्रदेश) ने अपने संबोधन में कहा कि यूनानी चिकित्सा पद्धति न केवल हमारी विरासत है, बल्कि यह आज भी लाखों लोगों के लिए एक प्रभावी और कारगर चिकित्सा पद्धति बनी हुई है। हमें इसे आगे बढ़ाने और आधुनिक विज्ञान के साथ समन्वय स्थापित करने की जरूरत है। यह देखकर अत्यंत हर्ष हो रहा है कि यूनानी चिकित्सा से जुड़े चिकित्सक और संस्थाएं इसके प्रचार-प्रसार और उन्नति के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। नेशनल इंटीग्रेटिड मेडिकल ऐसोसियेशन यूनानी फोरम के द्वारा डा. फाजिल आला हजरत फाउंडेशन बरेली यूनानी चिकित्सा शिक्षा में विशेष योगदान के लिए मसीहउलमुलक हकीम अजमल खान अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम के कंविनर डा0 शकील अहमद को-




कंविनर डा0 जाहिद हुसैन और डा0 आई0एम0 तबाब का आभार वयक्त करते हुए कहा कि जिस तरह से नेशनल इंटीग्रेटिड मेडिकल ऐसोसियेशन यूनानी फोरम अपना योगदान दे रही है वह बहुत ही सराह. निय है जिससे आयुष चिकित्सकों को काफी लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर डा0 नवाज देवबंदी, डी0 के0 जैन, डा0 एस0 ए0 अजीज, डा0 संजय शर्मा, शाहिद अली, असद जमाल फैजी, अमजद ईलाही, डा0 अख्तर सईद, डा0 अनीस अहमद, डा0 अहतशामुल हक, डा0 फसीह, तथा कालेज के समस्त स्टॉफ ने डा0 अनवर सईद को मसीहउल मुल्क हकीम अजमल खां एवार्ड मिलने पर बधाई दी।

## सुभारती प्रकरणः अश्लील हरकत करने वाले आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

शाह टाइम्स संवाददाता

**जानी खुर्द।** सुभारती विश्व. विद्यालय में एमबीबीएस की छात्रा को धोखे से उसकी कोल्डिंग में नशीला पदार्थ मिला दिया जब लड़की बेहोश हो गई तो उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा और बेहोशी की हालत में पीड़िता के साथ बलात्कार करने की कोशिश की गई लेकिन किसी तरह अपनी जान बचाई और पीड़िता ने जानी थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया। मुखबिर की सूचना पर जानी पुलिस ने आरोपी को रविवार को सुभारती बाईपास फ्लाईओवर से दबोच लिया आरोपी की पहचान देव उत्कर्ष सागर पुत्र राजकुमार सुभारती कंपस के रूप में हुई आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में जुट गई है।

### एक नजर

## माह ए रमजान में विद्युत कटौती समाप्त करने की मांग

**देवबन्द।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश श्रम प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष ने विद्युत निगम अधिकारियों से रमजान माह में सवेरे होने वाली विद्युत कटौती को समाप्त किए जाने की मांग की है। उद्योग व्यापार प्रति. निधिमंडल उत्तर प्रदेश श्रम प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष दिलशाद चार्ली ने कहा कि निगम ने सवेरे पांच बजे से सात बजे तक की विद्युत कटौती का शेड्यूल बनाया हुआ है। लेकिन अब रमजान माह आरंभ होने के चलते लोग देर रात तक इबादत करते हैं और सवेरे उठकर सहरी खाते हैं। इसके उपरांत वह नमाज अदा करने मस्जिदों को जाते हैं। ऐसे में सवेरे पांच बजे बिजली काट दी जाती है। जिससे रोजेदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दिलशाद ने निगम अधिकारियों से रमजान माह में जनता के हित को ध्यान में रखकर सवेरे होने वाली कटौती को समाप्त करने की मांग की है।

### लोहिया नगर क्षेत्र में बुजुर्ग को पीटने का वीडियो वायरल

**मेरठ।** लोहिया नगर क्षेत्र में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें एक बुजुर्ग को कुछ युवक मारपीट रहे हैं। पुलिस आरोपियो की तलाश में जुट गई है। थाना लोहिया नगर क्षेत्र जाकिर कालोनी में कुछ कार सवार रईसजादे पिकअप चालक को बुरी तरह पीट रहे हैं। इसके अलावा सड़क पर दौड़ा दौड़ाकर लाठी डंडों से बुजुर्ग चालक की पिटाई की गई। जिसके बाद वह फरार हो गये। फरार रईसजादों के आतंक की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घायल चालक को थाने लेकर पहुंचे बेटे ने तहरीर देते हुए आरोपियों की शिकायत की है। थाना लोहिया नगर प्रभारी विष्णु कुमार ने बताया कि आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है।

## मैनहोल खुले हाने से हो सकता है हादसा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** नाले के मैनहोल खुले हाने के कारण कभी भी बड़ा कोई हादसा हो सकता है।

मोहल्ला मुलतानियान से होकर गुजर रहे नाले को कई वर्ष पूर्व नगर पालिका ने क्वर्ड करा दिया था। जिसके ऊपर से वाहनों के गुजरने और पैदल आने जाने का सिलसिला लगा रहता है। इसमें सफाई के लिए बीच-बीच में मैनहोल खोले गए हैं। लेकिन इनके बंद करने में पालिका घोर लापरवाही बरत रहा है। कितनी बार इसमें बाइक सवार गिरकर चोटिल हो चुके हैं। जबकि कई बार तो पशु भी इसमें गिर चुके हैं। शिकायतों के बाद मैनहोलों को आधा अधूरा बंद किया गया।

जिससे यहां हर समय हादसों के होने के खतरा मंडरा रहा है। क्योंकि



नाले की पटरी पर लोगों के घर हैं और मासूम बच्चे खुले मैनहोल के पास खेलते रहते हैं। ऐसे में इन आधे खुले मैनहोल में गिरकर कभी भी कोई बच्चे हादसे का शिकार हो सकता है। लोगों ने पालिका से मैनहोलों को सही ढ़ंग से बंद करने की मांग की है। पालिका ईओ धीरेंद्र राय का कहना है कि जांच कराकर इन्हें बंद कराया जाएगा।

## माह ए रमजान में अल्लाह अपने बंदों को खास नेअमतों से नवाजता है: गोरा

**देवबन्द।** जमीयत दावतुल मुसलीमीन के संरक्षक व प्रसिद्ध आलिम मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने कहा कि मुकद्दस रमजान माह तमाम महीनों का सरदार तो है ही साथ ही इस महीने में अल्लाह अपने बंदों की हर नेकी के बदले में इजाफा कर देता है। रमजान माह की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने कहा कि इस महीने में अल्लाह अपने बंदों को खास नेअमतों से नवाजता है। रमजान में हर इबादत और नेक अमल का सवाब बढ़ा दिया जाता है और बंदा-ए-मोमिन की हर नेकी के बदले में इजाफा हो जाता है। इसलिए रमजान को महीनों का सरदार कहा गया है। उन्होंने कहा कि रमजान माह में तीन हिस्से हैं और हर हिस्से का नाम दिया गया है। पहले हिस्से को जो 10 दिन का है उसे रहमत कहा जाता है, दूसरा हिस्सा जो रमजान की 11 तारीख से 20 रमजान तक होता है उसे मगफिरत कहा जाता है और तीसरा हिस्सा जो 21 रमजान से शुरु होकर 30 रमजान को खत्म होता है उसे जहन्नुम से आजादी का हिस्सा कहा जाता है। यानी रमजान माह में अल्लाह अपने बंदों पर रहमत, मगफिरत और जहन्नुम से आजादी के दरवाजे खोल देता है। उन्होंने कहा कि यह सब चीजें रोजा रखने वाले को मिलती है जो अल्लाह की नजदीकी पाने के लिए और उसे खुश रखने के लिए रोजा रखता है। यदि कोई रोजा नहीं रखता और जान बूझकर ऐसा करता है तो वो खुदा से बगावत का ऐलान करता है, और अल्लाह ऐसे बागियों को सजा देता है।

## बुजुर्ग पर छुरी से किया हमला, मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र में अपराधी बेलगाम होकर पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं। रमजान के पहले दिन ही एक बुजुर्ग व्यक्ति की पशु काटने वाली छुरी से मारकर हत्या कर दी गई। हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई। वहीं सूचना पर थाना पुलिस के साथ सीओ कोतवाली भी मौके पर पहुंचे। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि लिसाड़ी गेट थाना पुलिस को सूचना मिली कि हाजी ग्यासुद्दीन निवासी थाना ब्रह्मपुरी चमार वाली गली रविवार को लिसाड़ी गेट में पिल्लोखड़ी चौकी अंतर्गत राधना वाली गली में अपनी बहन के घर आए थे।

## रेंज अधिकारी की हत्या के विरोध में प्रदर्शन

### वनकर्मियों ने काली पट्टी बांधकर वानिकी प्रशिक्षण केन्द्र पर निकाला कैंडल मार्च

शाह टाइम्स संवाददाता

**हस्तिनापुर।** राजस्थान के जोधपुर में डयूटी के दौरान खनन माफिया द्वारा रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर की निर्मम हत्या एवं उनकी टीम पर जानलेवा हमला किया गया था। जिसके विरोध में रविवार को हस्तिनापुर रेंज के समस्त वन अधिकारियों व कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर कार्य किया और सांय के समय वानिकी प्रशिक्षण केंद्र पर कैंडल मार्च निकाला। इस अवसर पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें दिवंगत अधिकारी किशोर कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा घायल वन कर्मियों के लिए जल्दी ठीक हो जाने की कामना

**हत्यारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग**

की गई। उत्तर प्रदेश फॉरेस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर पूरे प्रदेश में वनकर्मियों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया और सरकार से दोषियों के विरुद्ध कठोर दंड की मांग रखी गई है। जिससे माफियाओं और दबंगों द्वारा ऐसा भ्रत्सनीय कृत्य न दोहराया जा सके। रेंजर खुशबू उपाध्याय ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार जहां माफियाओं और दबंगों के विरुद्ध कड़े एक्शन ले रही है वहीं संपूर्ण विश्व में वर्ल्ड रेंजर फोरम और एशिया रेंजर एसोसिएशन ने भी बलिदानी किशोर



कुमार के हत्यारों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है। इस मौके पर वन क्षेत्रधिकारी खुशबू उपाध्याय, वन दरोगा राकेश कुमार, मनोज कुमार, संजय कुमार, वन रक्षक अतुल दुबे, अर्जुन, दिनेश, ओमप्रकाश रहे।

## कस्बा करनावल योग साधक ने दांतों से 125 किलो वजन उठाकर बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

शाह टाइम्स संवाददाता

**कंकरखेड़ा।** रविवार को सरधना रोड स्थित दीवान चंद एनक्लेव कॉलोनी में संयुक्त व्यापार संघ उपाध्यक्ष नीरज मित्तल ने वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाले योग साधक स्वामी विकास योगी का जोरदार स्वागत किया।

इस दौरान संयुक्त व्यापार संघ उपाध्यक्ष और भाजपा नेता नीरज मित्तल के सहयोगी भी साथ रहे। दरअसल मेरठ जिले के कस्बा करनावल निवासी योग साधक स्वामी विकास योगी ने फरवरी में इटली में आयोजित गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रतियोगिता में दांतों से 125 किलो वजन उठाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया है। बताया गया कि वर्ल्ड रिकॉर्ड में उनके दो बेटों, 16 वर्षीय अनमोल



स्वामी और 10 वर्षीय आदित्य स्वामी ने भी सहयोग किया। यह प्रतियोगिता 14 फरवरी को इटली में हुई थी। इस प्रतियोगिता में स्वामी विकास योगी ने 125 किलो वजन को 35.57 सेकंड तक दांतों से पकड़कर नया विश्व रिकॉर्ड बनाए। 2023 में, स्वामी ने रियलिटी शो इंडियाज गॉट टैलेंट में 80 किलो वजन दांतों से उठाया था। स्वामी विकास योगी प्रतियोगिताओं में अब तक 100 से अधिक सर्टिफिकेट हासिल कर चुके हैं। इस दौरान पंडित संजय त्रिपाठी, पार्षद राजेश खन्ना आदि रहे।

## किंडर जूम प्ले स्कूल में मनाया वार्षिकोत्सव, बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** जटौली रोड, कंकरखेड़ा स्थित किंडर जूम प्ले स्कूल में रविवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज मित्तल ने रिबन काटकर एवं दीप प्रज्जवलित करके किया। कार्यक्रम के दौरान नन्हें-मुन्नें बच्चों ने विभिन्न रंगारंग एवं मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

इस दौरान विद्यालय की डायरेक्टर पिंकी सैनी ने कहा कि अच्छे संस्कारों द्वारा ही एक आदर्श व्यक्तित्व का निर्माण किया जा सकता है। रवि सैनी ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु इस प्रकार के रचनात्मक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का नियमित आयोजन अत्यन्त आवश्यक है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी अध्यापिकाओं का सहयोग रहा।

## रमजानुल मुबारक में जरूरतमंद कारोबारियों की मदद करें: इमरान

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** रमजान का मुबारक महीना शुरू हो चुका है ऐसे में रमजान और इसकी बरकतों को लेकर शहर के जिम्मेदार और समा. जसेवी लोगों से तरह- तरह की अपील कर रहे हैं इसी क्रम में समा. जसेवी मोहम्मद इमरान ने कहा कि रमजानुल मुबारक सिर्फ इबादत और रहमत का महीना ही नहीं, बल्कि आपसी हमदर्दी और भाईचारे को बढ़ावा देने का भी बेहतरीन मौका है। इस मुकद्दस महीने में हमें खास तौर पर उन लोगों का ख्याल रखना चाहिए, जो साल भर कारोबार नहीं कर पाते और सिर्फ रमजान में ही छोटी-मोटी दुकानदारी या कारोबार करके अपनी जरूरतें पूरी करते हैं। अक्सर हम बड़ी मार्केट्स या होलस. ेल बाजार से खरीदारी करके चंद



रुपये बचाने की कोशिश करते हैं, लेकिन अगर हम अपने मोहल्ले या आसपास के छोटे दुकानदारों, रेहड़ी वालों और खासकर बुजुर्ग कारोबा. रियों से सामान खरीदें, तो यह न सिर्फ उनकी मदद होगी, बल्कि हमें नेकियों का भी सवाब मिलेगा।

## मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना समारोह में नवदंपती को अतिथियों ने दिया आशिर्वाद

शाह टाइम्स संवाददाता

**दौराला।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी साम. ुहिक विवाह योजना के अंतर्गत हाइवे पर मटौर स्थित सुमित्र फार्महाउस पर जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित विवाह समारोह में 186 हिंदू-मुस्लिम जोड़ों की शादी कराई गई। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी ने नवदंपतीयों को आशिर्वाद देते हुए सुखमय दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं।

बीडीओ ब्रहमपाल सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना समारोह में नगर निगम, नगर पंचायत और विकास खंड ग्राम पंचायतों से 186 नवद. ंपतियों को शादी कराकर घरेलू



आवश्यकता का सामान दिया गया। समारोह में दौराला ब्लॉक प्रमुख पति ऋषिपाल भंडारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला, जिला पंचायत सदस्य सुनील अक्खेपुर, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनील कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी अमरीश कुमार शर्मा, बीडीओ दौराला ब्रह्म प्रकाश सिंह, बीडीओ सरधना विजय कुमार सक्सेना, बीडीओ मेरठ बृजेश कुमार, अमरेश कुमार, सुदेश अहलावत आयुष कुसैडी, ग्राम विकास अधिकारी विजय बालियान, राहुल सहारण, सचिन पूनिया, पुष्पेंद्र गिरी, गरिमा, अरविंद कुमार, गोलू बफावत, लव अहलावत व प्रशास. निक अधिकारी गण उपस्थित रहे।



# विदर्भ ने जीता रणजी ट्रॉफी खिताब

● केरल और विदर्भ के बीच नागरपुर में खेला यह मुकाबला पांचवें और अंतिम दिन ड्रा पर समाप्ता हुआ ●

**नागपुर वार्ता।** विदर्भ ने फाइनल में केरल को हराकर रणजी ट्रॉफी खिताब जीत लिया है। केरल और विदर्भ के बीच नागपुर में खेले गया यह मुकाबला पांचवें और अंतिम दिन ड्रा पर समाप्त हुआ, लेकिन विदर्भ ने केरल को पहली पारी के बढ़त के आधार पर मात दी और इस घरेलू टूर्नामेंट का चैंपियन बनने में सफल रहा। विदर्भ का यह तीसरा रणजी ट्रॉफी खिताब है।

विदर्भ ने इससे पहले 2017-18 और 2018-19 में खिताब जीता था। यह पिछले साल वर्षों में विदर्भ का तीसरा खिताब है। विदर्भ ने पहली पारी में दानिश मालेवार के 153 रन और करुण नायर के 86 रनों की मदद से 379 रन बनाए थे, लेकिन केरल की टीम ने पहली पारी में कप्तान सचिन बेबी के 98 रनों की पारी के बावजूद 342 रन बनाए। इस तरह विदर्भ ने पहली पारी में 37 रनों की बढ़त हासिल की। विदर्भ के लिए दूसरी पारी में करुण नायर ने शतक लगाया और 135 रनों की पारी खेली। वहीं, दर्शन नालखंडे ने नाबाद 51 रन बनाए। दिन का खेल खत्म होने तक विदर्भ ने दूसरी पारी में नौ विकेट पर 375 रन बनाए। जैसे ही नालकंडे ने अर्द्धशक लगाया, मैच समाप्त करने की घोषणा कर दी गई। विदर्भ ने अंतिम दिन 249/4 स्कोर के आगे खेलना शुरू किया। करुण नायर ने 132 और कप्तान अक्षय वाडकर ने चार से आगे खेलना शुरू किया। करुण हालांकि, अपने स्कोर में सिर्फ तीन रन का ही इजाफा कर सके और उन्हें आदित्य सरवटे ने पवेलियन भेजा। इसके कुछ देर बाद ईडेन एप्पल ने ने हर्ष दुबे को आउट किया जो चार रन बनाकर आउट हुए। फिर सरवटे ने आदित्य (25) को आउट कर विदर्भ को सातवां झटका दिया। अक्षय कार्नेवर और नालकंडे ने आठवें विकेट के लिए 48 रनों की साझेदारी की जिससे विदर्भ का स्कोर 300 के पार पहुंचा। कार्नेवर हालांकि 70 गेंदों पर 30 रन बनाकर आउट हुए और फिर सरवटे ने नचिकेत भुटे (3) को अपना शिकार बनाकर विदर्भ के नौ विकेट गिरा दिए। अंत में नालकंडे के अलावा यश ठाकुर आठ रन बनाकर नाबाद रहे। केरल की ओर से सरवटे ने चार विकेट झटके, जबकि निधेश, जलज सक्सेना, एप्पल, बासिल और अक्षय चंद्रन को एक-एक विकेट मिला। पहली बार फाइनल में पहुंची केरल की टीम ने भी कड़ी टक्कर दी, लेकिन विदर्भ को पूरे सत्र में अपनी कड़ी मेहनत और अनुशासन का फल मिला। इस दौरान उन्होंने सिर्फ रणजी ट्रॉफी ही नहीं जीती बल्कि टीम 50 ओवर की विजय हजारे ट्रॉफी में उपविजेता भी रही। विदर्भ की यह जीत अब उन्हें भारतीय घरेलू क्रिकेट में सबसे मजबूत टीमों में से एक बनाती है क्योंकि वह पिछले रणजी सत्र में उपविजेता रही थी। अक्षय वाडकर की कप्तानी और मुख्य कोच उस्मान गनी की अगुआई वाली टीम ने पूरे रणजी ट्रॉफी सत्र में प्रभावशाली प्रदर्शन किया। विदर्भ लीग चरण में सभी चार ग्रुप में सर्वश्रेष्ठ टीम रही, जिसने सात मैच में से छह जीत के साथ 40 अंक हासिल किए। वहीं केरल को किस्मत का साथ मिला जिसने नाकआउट में जम्मू और कश्मीर (क्वार्टर फाइनल) और गुजरात (सेमीफाइनल) को मामूली अंतर से हराकर पहली पारी की बढ़त के आधार पर फाइनल तक का सफर तय किया। लेकिन विदर्भ ने जीत के जरिए फाइनल में जगह बनाई।

विदर्भ ने इस सत्र में रणजी ट्रॉफी में खेले गए 10 मैच में से नौ में जीत हासिल की जो भारत की प्रमुख घरेलू प्रतियोगिता में टीम के प्रभुत्व को दर्शाता है।

# कोहली के नाम एक और उपलब्धि




● विराट पूर्व भारतीय कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी और राहुल द्रविड़ जैसे दिग्गजों के कल्ब में शामिल हो गए है, जिन्होंने अपने करियर में इतने वनडे मैच खेले है

**दुबई, वार्ता।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्राफी मुकाबले में उतरते ही एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है। यह कोहली के वनडे करियर का 300वां मुकाबला है। इसी के साथ वह पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और राहुल द्रविड़ जैसे दिग्गजों के क्लब में शामिल हो गए हैं जिन्होंने अपने करियर में इतने वनडे मैच खेले हैं। कोहली से पहले भारत के छह खिलाड़ियों ने 300 या इससे ज्यादा वनडे मैच खेले हैं। पूर्व भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का नाम दर्ज हैं।

## मधवेंद्र ने पुरुषों की 60 मीटर बाधा दौड़ में की राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी

**एरिजोना ( अमेरिका ), वार्ता।** भारत के मधवेंद्र शेखावत ने बिग स्काई इनडोर ट्रैक एंड फील्ड चैंपियनशिप 2025 में पुरुषों की 60 मीटर बाधा दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की। शनिवार को अमेरिका के एरिजोना यूनिवर्सिटी में आयोजित बिग स्काई इनडोर ट्रैक एंड फील्ड चैंपियनशिप में 21 वर्षीय भारतीय एथलीट ने 7:64 सेकंड के समय के साथ शीर्ष पर रहते हुए बाधा दौड़ जीती। इसी के साथ उन्होंने पिछले महीने फ्रांस में तेजस शिरसे द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। मधवेंद्र ने फाइनल में जमैका के जेरोम कैंपबेल को हराकर जीत दर्ज की। इस चैपियंसशिप में जेरोम 7:65 सेकेंड के साथ दूसरे तथा अमेरिका के जाचरी विंगर 7:93 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे। मधवेंद्र ने शुक्रवार को हीट्स में शीर्ष स्थान हासिल किया था। उन्होंने 7:79 सेकेंड में फिनिश लाइन पार की और आठ खिलाड़ियों के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। उनका पिछला व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 7:68 सेकेंड था, जो उन्होंने 14 फरवरी को सिएटल में दर्ज किया था। चीन के नानजिंग में 21 से 23 मार्च तक आयोजित होने वाली विश्व एथलेटिक्स इनडोर चैंपियनशिप 2025 के लिए पुरुषों की 60 मीटर हर्डल्स का ऑटोमैटिक क्वालीफिकेशन समय 7:57 सेकेंड है। मधवेंद्र और शिरसे विश्व इनडोर चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाइंग समय को पार नहीं कर सके।

## चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने न्यूजीलैंड को 44 रन से हराया

**दुबई।** भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी में अजेय अभियान जारी रखा है। टीम ने रविवार को न्यूजीलैंड को 44 रन से हराया। रविवार को 250 रन का टारगेट चेज कर रही न्यूजीलैंड 45.3 ओवर में 205 रन पर आलआउट हो गई। वरुण चक्रवर्ती ने 5 विकेट झटके। कुलदीप यादव को 2 विकेट मिले। केन विलियम्सन ने सबसे ज्यादा 81 रन बनाए। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी थी। भारतीय टीम 50 ओवर में 8 विकेट पर 249 रन ही बना सकी। श्रेयस अ"यर ने 79 रन बनाए। न्यूजीलैंड से मैट हेनरी ने 5 विकेट लिए। इस जीत के साथ भारत ने ग्रुप-ए में टॉप पोजिशन के साथ फिनिश किया है यानी कि भारत का सेमीफाइनल मुकाबला 4 मार्च को इसी मैदान पर आस्ट्रेलिया से होगा। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड की टीमें खेलेंगी। 46वें ओवर की तीसरी बाल पर कुलदीप यादव ने विलियम ओरूर्क को बोल्ड कर दिया। इसी के साथ न्यूजीलैंड की टीम 205 रन पर आलआउट हो गई है और भारत ने मुकाबला 44 रन से जीता लिया है। 46वें ओवर में न्यूजीलैंड ने दो विकेट गंवाए। वरुण चक्रवर्ती ने मिचेल सैंटनर और मैट हेनरी को पवेलियन भेजा। 41वें ओवर में न्यूजीलैंड ने 7वां विकेट गंवाया। यहां केन विलियम्सन 81 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें अक्षर पटेल ने विकेटकीपर राहुल के हाथों कैच कराया।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### बेंगलुरु ओपन उभरते सितारों को मिला पेशेवरों से प्रशिक्षण का मौका

**बेंगलुरु, वार्ता।** बेंगलुरु के 60 से अधिक उभरते टेनिस खिलाड़ियों को शनिवार को 2025 दाफान्यूज बेंगलुरु ओपन के मौके पर केएसएलटीए टेनिस स्टेडियम में आयोजित टेनिस क्लिनिक में पेशेवरों से सीखने का अनूठा अवसर मिला। 38वें राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता निकी कालियांदा पूनाचा और एसडी प्रज्वल देव के साथ-साथ वर्तमान संस्करण के युगल फाइनलिस्ट ब्लेक बेयल्डन और मैथ्यू क्रिस्टोफर रोमियोस ने युवा खिलाड़ियों को टिप्स प्रदान की। क्लिनिक में एक प्रश्नोत्तर सत्र, लाइव ट्रेनिंग और व्यावहारिक कोचिंग की सुविधा थी, जिससे युवा एथलीटों को अनुभवी पेशेवरों के साथ जुड़ने का मौका मिला। प्रतिभागियों को फिटनेस, पोषण, प्रशिक्षण दिनचर्या और मैच की तैयारी पर मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, साथ ही उन्होंने वॉली और बेसलाइन शॉट्स में अपने कौशल का प्रदर्शन भी किया। भारत में टेनिस के बढ़ते कद पर पूनाचा ने अपना उत्साह व्यक्त किया और कहा कि राष्ट्रीय खेलों में कर्नाटक के लिए प्रतिनिधित्व करना और पदक जीतना वास्तव में अच्छा था। मैंने देखा है कि युवा खिलाड़ियों का स्तर ऊंचा हो रहा है। वे बेहतर तैयार हैं। उसके कुछ दिनों बाद, यहां इतने सारे बच्चों को सीखने के लिए उत्सुक, सुधार करने के लिए उत्सुक देखना एक अच्छा संकेत है। यह हमें भविष्य के लिए एक मजबूत मंच देता है। टूर्नामेंट निदेशक सुनील यजमन ने खेल को बढ़ावा देने में इस तरह की पहल के महत्व पर जोर दिया। युवा खिलाड़ियों के बीच उत्साह देखना अद्भुत है। इस तरह के आयोजन बच्चों में टेनिस के प्रति उत्साह दिखाते हैं और भारत में इस खेल की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाते हैं। इस तरह की ऊर्जा और प्रतिभा के साथ, भारतीय टेनिस का भविष्य बहुत उज्ज्वल दिखता है।

# 'अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन' का चौथा सफल आयोजन

● पुरुष वर्ग में यूपी के अक्षय कुमार और महिला वर्ग में इथियोपिया की हिवेत ने दौड़ पूरी कर प्रथम स्थान प्राप्त किया

**नारायणपुर, वार्ता।** छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन-2025 में रविवार को पुरूष वर्ग में उत्तर प्रदेश के अक्षय कुमार ने 01 घण्टा 02 मिनट 15 सेकंड में और महिला वर्ग में इथियोपिया की हिवेत जेब्रीवाहिद ने 01 घण्टा 13 मिनट 01 सेकेण्ड में 21 किलोमीटर की दौड़ पूरी कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

राज्य के संसदीय कार्य, वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद महेश कश्यप और धरसींवा विधायक अनुज शर्मा आज अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन 2025 के चौथे आयोजन में शामिल हुए। यहां बालक हायर सेकेण्डरी स्कूल के खेल मैदान में प्रात: 5-30 बजे से दौड़ लगाकर मैराथन दौड़ का शुरूआत किया गया। मैराथन दौड़ शुरू होने के पूर्व हजारों धावकों को वार्मअप कराने हेतु जुम्बा डॉस कराया गया, जिसका धावकों ने खूब आनंद लिया। मैराथन दौड़ ओरछा विकासखंड के ग्राम बासिंग में संपन्न हुई जहां विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया। 'अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन' दौड़ में हजारों धावकों ने दौड़ लगाई। इसमें पुरूष वर्ग में उत्तर प्रदेश के अक्षय कुमार ने और महिला वर्ग में इथियोपिया की हिवेत जेब्रीवाहिद ने 21 किलोमीटर की दौड़ पूरी कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं पुरूष वर्ग में इथियोपिया के फिरोमसा 01 घण्टा 02 मिनट 52 सेकेण्ड एवं महिला वर्ग में उत्तरप्रदेश की रेनूसिंह 01 घण्टा 13 मिनट 18 सेकेण्ड में दौड़ लगाकर द्वितीय स्थान तथा पुरूष वर्ग में मोहल्लामानपुर के फुकेश्वर लाल देसमुख ने 01 घण्टा 04 मिनट 14 सेकेण्ड एवं महिला वर्ग में बिहार की अंजली ने 01 घण्टा 14 मिनट 46 सेकेण्ड समय लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा 10 किलोमीटर पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान मोनू कुमार, द्वितीय पीयूष मसानी और तृतीय स्थान दीपक कुमार ठाकुर तथा महिला वर्ग में प्रथम स्थान उत्तर प्रदेश की अमृता पटेल, द्वितीय स्थान इथियोपिया की प्री वेक्कनी और तृतीय स्थान उत्तर प्रदेश की अन्नुपाल ने प्राप्त की। इसी प्रकार 05 किलोमीटर महिला वर्ग में प्रथम स्थान सूरजपूर की सोनिका राजवाड़े, द्वितीय स्थान रायपुर की ईशारानी सिन्हा और तृतीय स्थान सरगुजा की ममता की ममता पैकरा ने हासिल की। बस्तर पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) सुंदरराज पी एवं कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने अतिथियों का स्वागत किया।

# इंग्लैंड को हराकर द. अफ्रीका ग्रुप-बी के शीर्ष पर



■ यानसन ने 39 रनों पर तीन विकेट और मुल्डर ने 25 रन देकर तीन विकेट हासिल किए

**कराची, वार्ता।** मार्को यानसन (39 रन पर तीन विकेट) और वियान मुल्डर (25 रन पर तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद रासी वान दर दुसें (72 नाबाद) और हाइनरिक क्लासन (64) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को चैंपियंस ट्राफी ग्रुप बी में इंग्लैंड को सात विकेट से रौंद कर अपना अभियान शीर्ष पर रह कर समाप्त किया। इस मुकाबले से पहले ही दक्षिण अफ्रीका सेमीफाइनल में अपनी जगह बना चुका है। इंग्लैंड ने 38.2 ओवर के खेल में 179 रन बनाये थे जिसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने विजय लक्ष्य 29.1 ओवर में तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। दक्षिण अफ्रीका ने आज अपने अनुशासित खेल से इंग्लैंड को खेल के किसी भी विभाग में प्रदर्शन का मौका नहीं दिया। नियमित कप्तान टेम्बा बावुमा की बीमारी के कारण एडेन मार्कराम को टीम की कमान दी गयी थी मगर हैमस्ट्रिंग के कारण वह भी बीच खेल में मैदान छोड कर चले गये। इन सबके बावजूद दक्षिण अफ्रीका के प्रदर्शन में कोई कमी नजर नहीं आयी और उन्होने बेहद आसानी से मैच को अपने पक्ष में कर लिया। सलामी जोड़ी के रुप में ट्रिस्टन स्टब्स (0) और रायन रिकलटन (27) के जल्दी आउट होने के बाद दुसें और क्लासन ने रन बनाने की कोई जल्दी नहीं दिखायी।



# शेफाली वर्मा-जेस जॉनासन के तूफानी अर्द्धशतकों से दिल्ली प्लेऑफ में

■ दिल्ली ने आरसीबी को नौ विकेट से धोकर अगले दौर में जगह बनाई

**बेंगलुरु, वार्ता।** शेफाली वर्मा (80 नाबाद) और जेस जॉनासन (61 नाबाद) की विस्फोटक पारियों के चलते दिल्ली कैपिटल्स ने शनिवार को वुमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के एक मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को नौ विकेट से धोकर प्लेऑफ में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली।

एलिस पेरी (60 नाबाद) की अर्द्धशतकीय पारी की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स ने पांच विकेट पर 147 रन बनाये थे जिसके जवाब में दिल्ली कैपिटल्स ने विजय लक्ष्य 33 गेंद शेष रहते एक विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। दिल्ली की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी जब कप्तान मेग लानिंग सिर्फ दो रन बना कर आउट हो गयी और दिल्ली के सिर्फ पांच रन बने थे। ऐसे में मुकाबले के दिलचस्प होने के आसार दिख रहे थे मगर शेफाली और जॉनासन ने बेखौफ अंदाज में बेंगलुरु के गेंदबाजों की बखिया उधेड़नी शुरु कर दी। दोनो छोर से गेंदबाजों की हो रही धुनायी से क्षेत्ररक्षक भी असहज दिखे।

कप्तान स्मृति मंधाना ने इस जोड़ी को तोड़ने के लिए हरसंभव प्रयोग किये और अपने सात गेंदबाजों को उतारा मगर नतीजा सिफर रहा और दिल्ली ने बड़ी ही आसानी से यह मैच अपने नाम कर लिया। शेफाली ने अपनी अर्द्धशतकीय पारी में 43 गेंद खेलकर आठ चौके और चार छक्के लगाए जबकि जॉनासन ने 38 गेंदों की पारी में नौ चौके और एक छक्का जड़ा। इससे पहले दिल्ली की एकमात्र अर्द्धशकवीर पेरी ने राघवी विष्ट (33) के साथ तीसरे विकेट के लिए 66 रन की भागीदारी की। उन्होने अपनी नाबाद अर्द्धशकीय पारी के दौरान 47 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के लगाए। राघवी के आउट होने के बाद बेंगलुरु की रन गति धीमी रही और आखिरी 23 गेंदों में टीम 28 रन ही जोड़ सकी। बेंगलुरु की कप्तान स्मृति मंधाना का बल्ला आज नहीं चला और वह मात्र आठ रन का ही योगदान दे सकी। डेनिएल वायट ने 21 रन बनाये। दिल्ली के लिए शिखा पांडे और श्रीचरणी ने दो दो विकेट चटकाये। मरीजान कॉप को एक विकेट मिला।

# सेमीफाइनल से पहले शॉर्ट की चोट ने बढ़ाई ऑस्ट्रेलिया की चिंता

● कप्तान स्मिथ ने संकेत दिया हाईस्टेक्स मुकाबले में लिए शॉर्ट के समय में ठीक होने की संभावना नहीं है

**लाहौर, वार्ता।** सलामी बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट की चोट ने ऑस्ट्रेलिया टीम प्रबंधन की चिंता बढ़ा दी है और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल मुकाबले से पहले उन्हे अपनी टीम में फेरबदल करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।

शुक्रवार को लाहौर में अफगानिस्तान के खिलाफ मैच बारिश की भेंट चढ़ जाने के दौरान सलामी बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट को चोट लग गई थी। क्षेत्ररक्षण के दौरान शॉर्ट को लपडली में चोट लग गई और बारिश के कारण मैच रद्द होने से पहले शीर्ष क्रम में 20 रन की अपनी संक्षिप्त पारी के दौरान वह लंगड़ाते दिखे। कोई नतीजा नहीं निकलने के बावजूद, ऑस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है। सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला भारत या न्यूजीलैंड से होगा। भारत के सेमीफाइनल में पहुंचने की स्थिति में आस्ट्रेलिया को नॉकआउट मुकाबले के लिए दुबई जाना होगा। कप्तान स्टीव स्मिथ ने संकेत दिया कि हाई-स्टेक्स मुकाबले के लिए शॉर्ट के समय पर ठीक होने की संभावना नहीं है। उन्होने कहा ह मुझे लगता है कि वह चोट से उबरने की कोशिश कर रहे हैं। हमने आज रात देखा कि वह बहुत अच्छी तरह से नहीं चल रहा था, और मुझे लगता है कि शायद उसे ठीक होने के लिए खेल के बीच बहुत जल्दी हो जाएगी। अनुभवहीन शीर्ष क्रम के बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क शॉर्ट की जगह लेने की दौड़ में सबसे आगे हैं, हालांकि स्मिथ खुद ट्रेविस हेड के साथ साझेदारी करने के लिए इस क्रम में आगे बढ़ने पर विचार कर सकते हैं, जिससे ऑस्ट्रेलिया को एक अतिरिक्त गेंदबाजी विकल्प पेश करने की अनुमति मिलेगी।

रमजान मुबारक



तीसरा रोजा

| | | |
|---|---|---|
| सहरी | सुन्नी | 5.20 |
| | शिया | 5.22 |
| इफ्तार | सुन्नी | 6.22 |
| | शिया | 6.36 |

और अगर खुदा तुम को किसी किस्म की तकलीफ पहुँचाए तो उसके सिवा कोई उसका दफा करने वाला नहीं है और अगर तुम्हें कुछ फायदा पहुंचाए तो भी (कोई रोक नहीं सकता क्योंकि) वह हर चीज पर कादिर है।

कुरआन करीम

# पुरानी पेंशन बहाली को सांसद इमरान को दिया ज्ञापन

## अटेवा पदाधिकारियों को सांसद ने दिया सदन में मांग उठाने का भरोसा, पीएम को लिखा तत्काल पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एनपीएस व यूपीएस के विरोध एवं पुरानी पेंशन बहाली की मांग को अटेवा ने आज कांग्रेस सांसद इमरान मसूद को ज्ञापन सौंपा। सांसद इमरान ने न केवल मांग का समर्थन बल्कि मौके पर ही प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर इस मांग को संसद में उठाने का भरोसा दिया।

अटेवा जिलाध्यक्ष रजनीश सहगल के नेतृत्व में जनपद व ब्लाक कार्यकारिणी के पदाधिकारी सांसद इमरान मसूद के कैंप कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने सांसद इमरान को प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए शिक्षकों व कर्मचारियों की मंशा से अवगत कराया और कहा कि पुरानी पेंशन सभी कर्मचारियों व शिक्षकों को मिलनी चाहिये। मंडल अध्यक्ष तालिब हसन ने कहा कि सभी शिक्षक कर्मचारी अपने हक के लिए लड़ रहे हैं। मंडल महामंत्री प्रवीण चौधरी ने कहा कि जब तक पेंशन बहाल नहीं होगी यह आंदोलन अनवरत जारी रहेगा। जिलाध्यक्ष रजनीश सहगल ने कहा कि एनपीएस यूपीएस शेयर बाजार आधारित योजना है हमें केवल पुरानी पेंशन चाहिए। जिला महामंत्री पंकज सिरो.ही ने कहा कि एक देश तो एक पेंशन होनी चाहिए।



सांसद इमरान मसूद ने अटेवा पदाधिकारियों का ज्ञापन लेते हुए तत्काल ही प्रधानमंत्री को इस संबंध में पत्र लिखकर मांग से अवगत कराया। उन्होंने पदाधिकारियों को मामला संसद में उठाने का भरोसा भी दिया।

ज्ञापन देने वालों में जिला मीडिया प्रभारी गौरव वर्मा, जिला उपाध्यक्ष पंकज, अनुज, कदम सिंह, रामकुमार, अर्चना पारले व ब्लॉकों से प्रमोद, वीरपाल, लहरी सिंह, ब्रह्मपाल, हरपाल, महिला शक्ति बृजेश देवी, चंचल नागपाल, रेखा रानी, सोनी, अरविंद, अमित, सुशील, संजय, अरुण, सुधीर, राजीव, अनुज, रंजीत, सुरेश, विजेंद्र, राजेंद्र, विजयपाल, शाहनवाज, रकम सिंह, परमल, तेजपाल, जीशान, आशीष आदि सैकड़ो शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अचानक लापता हुए अंकित को तलाशने में जुटी टीमें

■ दमकल, एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीमों का लगातार अभियान जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रेलवे स्टेशन के पास से अचानक लापता हुए युवक अंकित गगनेजा का अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। जिसके लिये भारी मशक्कत की जा रही है लेकिन कोई सफलता नहीं मिली है। दमकल विभाग की टीमों के साथ-साथ नगर निगम और एनडीआरएफ की टीमें रेलवे स्टेशन के पास बने नालों में अंकित गगनेजा की तलाश कर रही हैं, लेकिन अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है।

एन डीआरएफ की टीम बार-बार खोजबीन कर रही है, लेकिन कोई ठोस नतीजा सामने नहीं आया। अब जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों और स्थानीय राजनी. तिक दलों ने प्रशासन पर दबाव बनाया, जिसके बाद एनडीआरएफ को सूचना दी गई है। एनडीआरएफ की एक टीम गाजियाबाद से सहारनपुर पहुंच रही है, जो अंकित गगनेजा की तलाश में जुटेगी। जानक. ारी के अनुसार, अंकित गगनेजा को 21 फरवरी की रात आखिरी बार सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर अपने चार दोस्तों के साथ देखा गया था। इसके बाद, रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर1 के पास स्थित एक नाले के पास उसकी चप्पल मिली। परिजनों को आशंका है कि वह नाले में गिर गया होगा। इसी आशंका के चलते परिजनों ने नगर निगम की टीम के साथ मिलकर सर्च अभियान शुरू किया, जो पिछले 36 घंटे से लगातार जारी है। अब एनडीआरएफ की टीम. के आने के बाद खोज अभियान और तेज किया जाएगा।

# पोस्टर प्रतियोगिता में छात्रों का मूल्यांकन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** ग्लोकल यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं को आयोजित किया गया।

आयोजन ग्लोकल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर डॉ. पी. के. भारती, प्रतिकुलपति प्रोफेसर डॉ. एस. के. शर्मा, और रजिस्ट्रार प्रोफेसर शिवानी तिवारी के मार्गदर्शन में किया गया। इस वर्ष की थीम विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना थी। दो दिवसीय प्रतियोगिताओं के दौरान पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने अपने वैज्ञानिक विचारों और नवाचारों को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय के अनुभवी शिक्षकों ने मौलिकता, स्पष्टता और विषय की प्रासंगिकता के आधार पर पोस्टर्स का मूल्यांकन किया। इसके अतिरिक्त इंटरएक्टिव सत्र और चर्चाओं का भी आयोजन हुआ।



इस अवसर पर डॉ. मोहम्मद यूसुफ, डीन, डॉ. मोहम्मद बाबू खान, डॉ. बिलाल अहमद, डॉ. मोहम्मद फहीम, डॉ. मोइनउद्दीन, डॉ. असगर अली सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# गंगोह में नौ मार्च को लगेगा विशाल रक्तदान शिविर

**गंगोह।** सिम्मी वैलफेयर फाउंडेशन द्वारा जय हिंद सामाजिक संस्था की महिला विंग व लायंस क्लब गंगोह सैन्ट्रल के सहयोग से समाजसेवी सिम्मी टेबक की पुण्यस्मृति में 9 मार्च को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

शिविर की कार्यक्रम संयोजक पल्लवी अरोड़ा, अध्यक्ष रूपाली अग्रवाल व सचिव अजंली गर्ग ने बताया कि समाज सेवी सिम्मी टेबक की पुण्यतिथि पर शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिव चौक स्थित पंचायती धर्मशाला रामलीला भवन में शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर सुबह 9 बजें से शुरू होकर चार बजें तक जारी रहेगा।

# मेयर डा.अजय ने महिलाओं को सम्मान से नवाजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सामाजिक संस्था एरोन एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गयाा। इस अवसर महिलाओं को स्टार ए-सहारनपुर व शान-ए-सहारनपुर अवार्ड से सम्मानित किया गया।

आज दिल्ली रोड स्थित गुर्जर भवन में एरोन एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें महिलाओं को स्टार ए सहारनपुर, शान ए सहारनपुर अवार्ड से सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर डॉ अजय कुमार सिंह ने महिलाओं को आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। साथ ही सहारनपुर का नेशनल और इंटरनेशनल स्तर पर नाम रोशन करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया। विषिश्ट अतिथि डॉ दीपशिखा खन्ना, डॉ बबीता मालिक, डॉक्टर पंकज खन्ना, गोकर्ण दत्त शर्मा, विभा स्कोट, डॉ राहुल सिंह, डॉ शिप्रा तिवारी, रविन्द्र मिगलानी, निशि राज जैन भी मौजूद रही। वही कार्यक्रम को सफल बनाने में एरोन एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष रश्मि टेरेंस, ओसविन टेरेंस, खेमचंद सैनी राहुल, आयुष जैन, जसपाल भट्टी, दीपक मदान, दीपिका सचदेवा सहित पूरी टीम का योगदान सराहनीय रहा।




# वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तल्हेडी बुजुर्ग।** अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया, स्थानीय पुलिस ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवबंद पहुंचाया।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को देर रात विराट त्यागी निवासी खाइखेडी जनपद मुजफ्फरनगर अपनी बाइक पर सवार होकर देवबंद की ओर से आ रहा था। जैसे ही वह तल्हेडी बुजुर्ग के कस्बे के निकट बने राधा कृष्ण डिग्री कालेज के समीप पहुंचे तो किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक अनियंत्रित हो गई। जिसके कारण विराट त्यागी हाईवे पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने घायल युवक को हाईवे से उठाकर सड़क के किनारे कर दिया और घटना की जानकारी डायल 112 पुलिस को दी। सूचना मिलते ही डायल 112 ओर स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। तत्पश्चात पुलिस ने इंसानियत का परिचय देते हुए जल्द से जल्द घायल युवक को पीआरवी गाड़ी से ही देव. बंद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भिजवा दिया। पुलिस द्वारा सूत्रों के माध्यम से घायल विराट के परिजनों को देर रात घटना से अवगत कराया गया। जिसके चलते परिजन भी देवबंद अस्पताल पहुंच गए। परिजनों के अनुसार घायल की हालत में सुधार बताया गया है।

# सीआईएस समारोह में आएंगे कुमार विश्वास




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** चैम्बर ऑफ इंडस्ट्रीज एंड सर्विसेज के कोर ग्रुप सदस्यों की बैठक में अगामी चार मार्च को आयोजित होने वाले तीसरे वार्षिक समारोह समन्वय का कार्ड जारी किया गया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

दिल्ली रोड स्थित एक होटल के सभागार में कोर ग्रुप के सदस्यों की आयोजित बैठक में अध्यक्ष रविन्द्र मिगलानी ने बताया कि संस्था अपना तृतीय वार्षिक समारोह समन्वय-2025 को चार को स्वास्तिक रिसोर्ट पर मनाने जा रही है। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय कवि डॉ.. कुमार विश्वास अपने-अपने राम पर प्रस्तुति देंगे। बैठक का संचालन करते हुए महासचिव अमित चौधरी ने संस्था के तृतीय वार्षिक समारोह समन्वय- 2025 के कार्यक्रम की व्यवस्था की विस्तृत जानकारी को उपस्थित सदस्यों को बताया। बैठक में विश्वजीत पुंडीर का संस्था में नए सदस्य के रूप में जुड़ने पर उनका गुलाब की कली एवं अंग वस्त्र पहनाकर उनका हार्दिक स्वागत एवं सम्मान किया गया। साथ ही उन्हें सदस्यता प्रमाण पत्र भी दिया गया।

बैठक में चेयरमैन एच. एस. चड्ढा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कपूर, कार्यकारिणी सदस्य विश्वजीत पुंडीर एवं कोऑर्डिनेटर संजय गुप्त ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने-अपने विचार रखें। बैठक में कोषाध्यक्ष विजय वशिष्ठ, संयुक्त कोषाध्यक्ष गौरव जैन, बलजीत सिंह चावला, अमरनाथ, मनोज जैन, रविंद्र कालड़ा, अखिल अरोड़ा, नीरज मिड्ढा सत्येंद्र अरोड़ा, प्रवीण गुप्ता, राजीव ठाकुर, मयंक अग्रवाल, राजीव सचदेवा आदि मौजूद रहे।

# कार्यक्रमों की रूपरेखा पर तैयारी को लेकरविचार विमर्श

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर में सुधीर कुमार जैन के आवास पर सीनियर सिटीजन वेलफेयर क्लब की आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पिछले आय व्यय का विवरण सबके सम्मुख रखा गया व आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार विमर्श किया गया।

बैठक में क्लब संयोजक चौधरी धीरज सिंह ने कहा कि क्लब के द्वारा निरंतर कुछ ना कुछ कार्य समाज हित व राष्ट्रहित में होने चाहिए। श्रेयांश जैन ने कहा कि क्लब द्वारा किए जा रहे कार्यों का लाभ सीनियर सिटीजन तक पहुंचना चाहिए उन्हें चिन्हित कर उन्हें उनका लाभ अवश्य ही मिलना चाहिए।जितेंद्र कुमार जैन ने कहा कि सीनियर सिटीजन क्लब के सदस्यों की पहचान के लिए क्लब का एक पहचान पत्र अवश्य होना चाहिए। सुधीर कुमार जैन ने कहा कि क्लब निरंतर समाज सेवा, राष्ट्रीय कार्य के प्रति वचनबद्ध है। उन्होंने सब सदस्यों की बात का समर्थन कर क्लब के हित में कार्य करने को कहा। इस अवसर पर शिवनन्दन शर्मा, सतपाल मित्तल आदि उपस्थित रहे।

# पांच शातिर हत्यारोपी हत्थे चढ़े

■ थाना गंगोह पुलिस ने बरामद किये अवैध तमंचे, कारतूस व लाठी डंडे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** गंगोह कोतवाली पुलिस ने पांच शातिर हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो अवैध तमंचे, दो खोखा व दो जिंदा कारतूस 12 बोर तथा 3 लाठी-डंडे बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार विगत दिवस वादी आसिफ पुत्र मीर हसन निवासी ग्राम दौलतपुर ने कोतवाली में लिखित तहरीर देकर बताया था कि आरोपियों तैय्यब पुत्र जहांगीर निवासी ग्राम दौलतपुर सहित आठ आरोपियों ने एकराय होकर धारदार हथियारों व तमंचों से लैसे होकर उसके घर में घुसकर गलीगलौच करते हुए उसके भाई मोबीन, फत्तू, शौकीन, शारिक व उसके रिश्तेदार तसव्वर पुत्र हारून निवासी ग्राम भूरा थाना कैराना जिला शामली के साथ जान से मारने की नीयत से मारपीट की और तसव्वर के ऊपर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। थाना गंगोह पुलिस ने आज प्रभारी निरीक्षक रोजन्त त्यागी, उपनि. रीक्षक नीरज कुमार, उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार, उपनिरीक्षक वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त में वांछित हत्यारोपी फारूख पुत्र मीर हसन, तैय्यब पुत्र जहांगीर, अय्यूब पुत्र महीर हसन, शारिक पुत्र ताहिर व बिलाल पुत्र सीदा निवासीगण ग्राम दौलतपुर थाना गंगोह को दौलतपुर घाट के पास से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपी फारूख व तैय्यब की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त दो तमंचे 12 बोर बरामद कर लिए। आरोपी अय्यूब, शारिक व बिलाल की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लाठी, डंडे ग्राम दौलतपुर के जंगल से बरामद कर लिए।

थाना गंगोह पुलिस के अनुसार दबोचे गए आरोपियों ने पूछताछ के दौरान बताया कि 28 फरवरी को फारूख व हारून की किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी जिसके चलते हमने गुस्से में आकर हारून के पर हमला बोल दिया था जिसके चलते मारपीट व फायरिंग में तसव्वर घायल हो गया था। पुलिस ने आरो. पियों को चालान काटकर जेल भेज दिया।

# दो जेल भेजे

**सहारनपुर।** थाना देहात कोतवाली पुलिस ने एक वारंटी समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना देहात कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक चंद्रसैन सैनी के नेतृत्व में चौकिंग के दौरान अवैध शस्त्र रखने वाले आरोपी अनुराग कश्यप पुत्र वीरपाल कश्यप निवासी निकट उपाध्याय स्कूल मिम्मत नगर थाना सदर बाजार को एक नाजायज चाकू के साथ कोतवाली देहात क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। इसी थाना पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक चंद्रसैन सैनी व उपनिरीक्षक रामवीर सिंह के नेतृत्व में एक वारंटी आरोपी अलीजान पुत्र अकबर अली निवासी आसनवाली जनता रोड थाना कोतवाली देहात ग्राम आसनवाली से दबोच लिया। पुलिस के अनुसार दबोचा गया आरोपी वांछित चल रहा था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को चालान काटकर जेल भेज दिया।

# आईआईएमटी छात्र-छात्राओं का शानदार प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय में आयोजित अंतर महाविद्यालय नाटक प्रतियोगिता में इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी उमाही के छात्र-छात्राओं ने प्रथम व दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस प्रतियोगिता मे छात्र छात्राओ द्वारा प्रस्तुत नाटक 'द्रौपदी एक्ट' और 'अहिल्या बाई होल्कर एक्ट' ने सभी का मन मोह लिया।जिसमें न केवल शानदार अभिनय का प्रदर्शन किया, बल्कि प्रतियोगिता में जबरदस्त सफलता भी हासिल की। 'द्रौपदी एक्ट' को आयुषी और उनके समूह ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि 'अहिल्या बाई होल्कर एक्ट' को शीतल प्रजापति और उनके समूह ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय की कुल. पति प्रोफेसर विमला वाई ने आयुषी,शीतल और उनके समूह को पहला व दूसरा स्थान मिलने पर उन्हें ट्रॉफी और प्रमाणपत्र से सम्मानित किया।

इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर विमला वाई ने कॉलेज के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा कि कॉलेज के छात्र छात्राओं में अपार प्रतिभा का भंडार है। प्रोफेसर विमला ने विश्वास व्यक्त किया कि इंद्रप्रस्थ महाविद्यालय के विद्यार्थी अगली अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में भी शानदार प्रदर्शन करेंगे तथा मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगे। महाविद्यालय की निदेशक डॉ. अंजू वालिया ने चयनित विद्यार्थियों की सराहना करते हुए उन्हें आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी तथा विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित करेंगे। चेयरमैन डॉ. एस सी कुलश्रेष्ठ एवं सचिव संकल्प कुलश्रेष्ठ ने भी विद्यार्थियों को इस महान उपलब्धि के लिए आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि यह न केवल विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत एवं लगन का परिणाम है, बल्कि यह महाविद्यालय की शिक्षा प्रणाली एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का भी बड़ा प्रमाण है।

















# सम्पादकीय

सोमवार , 3 मार्च 2025

## जेलेंस्की के साथ यूरोप

**जिस** तरह शुक्रवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वलादिमिर जेलेंस्की और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच यूक्रेन और रूस के बीच शांति को लेकर होनी थी वह एक कटु बहस में बदली उससे यह साफ हो गया था कि अब अमेरिका यूक्रेन के लिए न सिर्फ किसी तरह की मदद करेगा, बल्कि उसको हतोत्साहित ही करेगा जाहिर है ऐसे में जेलेंस्की की नजर यूरोप व नाटो पर ही टिकी है कि वह उसका कहां तक साथ देते है। अब तक जिस तरह यूरोप और नाटो की तरफ से बयान आए है उससे तो यहीं इशारा मिलता है कि भले ही अमेरिका ने यूक्रेन का साथ छोड़ दिया हो लेकिन यूक्रेन व नाटो पिछे हटते दिखाई नहीं दे रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद जेलेंस्की की लंदन यात्रा यही बताती है कि यूरोपीय संघ के देश यूक्रेनी राष्ट्रपति के साथ खड़े है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ जेलेंस्की ने एक बड़ा रक्षा समझौता भी किया है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भी कह चुके हैं कि जेलेंस्की का सम्मान किया जाना चाहिए उनकी नजर में वह न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं और सम्मान के हकदार हैं। ऐसी प्रतिक्रिया जर्मन की तरफ से भी आई है। मतलब साफ है जैसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कहते रहे है कि वह रूस और यूक्रेन के बीच जंग शीघ्र ही रुकवाएंगे वह अब दूर की कोड़ी दिखाई दे रही है। क्यूंकि यूरोप और नाटो ने साफ कर दिया है कि यह युद्ध अभी समाप्त नहीं होने जा रहा है। हालांकि कुछ रक्षा विशेषज्ञयों की राय है कि यूरोप नाटो अपने दम पर लम्बी लड़ाई नहीं लड़ सकते और उन्हें अमेरिका के सहयोग की आवश्यकता पड़ेगी जोकि उनको मिलता दिखाई नहीं दे रहा है। वैसे यह पूरी दुनिया के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है कि रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध आरम्भ हुए तीन वर्ष से अधिक का समय बीत गया है और अभी भी उसके समाप्त होने के आसार दिखाई नहीं दे रहे है। जाहिर है यह दुनिया के शीर्ष नेताओं के लिए बेहद शर्म की बात है। असल में यह सब इस लिए हो रहा है के सबको अपने हित सर्वोपरी है सही और गलत से ज्यादा मतलब नहीं रह गया है। अब ट्रम्प की ही बात करे जिस तरह युद्ध समाप्त करने के लिए वह रूस से वार्ता कर रहे है और यूक्रेनी राष्ट्रपति को एक किनारे रख रहे है बल्कि उनसे यह उम्मीद भी रख रहे है कि वह ट्रम्प की इच्छा अनुसार यूक्रेन की खनिज सम्पदा को लेकर एक डील पर साइन करे। सीधी-सीधी यह एक तरह की ब्लैकमैलिंग है। अमे. रिका और यूक्रेन के बीच बराबर खाई बढ़ती जा रही है और यह विश्वास की खाई कितनी बढ़ गई है यह पूरी दुनिया ने शुक्रवार को देखा, जानकार लोग इस पूरे घटनाचक्र को राजनीतिक व कूटनीतिक रूप से ट्रम्प की अक्षमता को देख रहे है। असल में यहां यह कहना भी जरूरी है कि गत 20 जनवरी को राष्ट्रपति की शपथ लेने के बाद से ही ट्रम्प काफी तेजी में दिखाई दे रहे है। वह एक के बाद एक ऐसे फैसले ले रहे है, जो दुनिया में काफी बैचेनी पैदा कर रहे है और अस्थिरता को जन्म दे रहे हैं।

## भाजपा की नीतियां पीडीए विरोधी



**भाजपा** की सरकारें सरकारी संस्थाओं का निजीकरण करके नौकरियां और आरक्षण खत्म करने की साजिश कर रही है, साथ ही सरकार लूट, झूठ और बेईमानी की नीति पर काम कर रही है, पहले केन्द्र सरकार ने कई सरकारी संस्थाओं को निजी हाथों में सौपा, अब उसी रास्ते पर चलते हुए उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार भी निजीकरण को बढ़ावा दे रही है, भाजपा सरकारें पूंजीपतियों के लिए काम करती हैं, उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत निगम को निजी हाथों में देने पर अमादा है, सरकार निजीकरण की आड़ में अरबों की सम्पत्तियाँ पूंजीपतियों को देना चाहती है, सरकार संविधान और आरक्षण विरोधी है, भाजपा पीडीए को नौकरियों और आरक्षण से दूर करने के लिए हर दिन नए-नए षड्यंत्र कर रही है, भाजपा की नीति पीडीए विरोधी है, वह पीडीए से नफरत करती है, निजीकरण से सरकारी नौकरियां खत्म हो जाती है।

**अखिलेश यादव**
**अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# रमजान के पवित्र महीने का महत्व

## रमजान मुसलमानों के लिए आत्म-सुधार, आध्यात्मिकता की वृद्धि और भक्ति की एक परिवर्तनकारी यात्रा



**साबिर अली**

इस्लामी चंद्र कैलेंडर का नौवां महीना रमजान, इस्लाम में सबसे पवित्र महीनों में से एक के रूप में महत्वपूर्ण महत्व रखता है। रमजान दुनिया भर के मुसलमानों के लिए एक महत्वपूर्ण महीना है, यह दया, उदारता और भलाई का महीना है, और यह मुसलमानों के दिलों में खुशी और आनंद लाता है। यह विश्वभर के मुसलमानों के लिए उपवास, प्रार्थना, आत्मचिंतन और सामुदायिक बंधन का समय है।

रमजान के दौरान मुसलमान सूर्योदय से सूर्यास्त तक उपवास रखते हैं तथा भोजन, पेय, धूम्रपान और पापपूर्ण गतिविधियों से परहेज करते हैं। उपवास, एक मौलिक सिद्धांत है जिसे इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक माना जाता है, जो वयस्क मुसलमानों के लिए अनिवार्य है, हालांकि बीमार, बुजुर्ग, गर्भवती, मासिक धर्म वाले या यात्रियों के लिए छूट मौजूद है। भौतिक आवश्यकताओं से दूर रहने के अलावा, रमजान प्रार्थना, कुरान पाठ और दान के कार्यों के प्रति अधिक समर्पण को प्रोत्साहित करता है।

मुसलमानों को रमजान के दौरान अतिरिक्त इबादत करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जैसे अतिरिक्त नमाज़ (तरावीह), कुरान का पाठ, और दान के कार्य (सदक़ा)। रमजान के दौरान किए गए अच्छे कर्मों का फल कई गुना बढ़ जाता है।

रमजान का समापन ईद-उल-फितर के साथ मनाया जाता है, यह त्योहार सामुदायिक प्रार्थनाओं से शुरू होता है, जिसके बाद दावतें, उपहार देना और दान-पुण्य के कार्य होते हैं। ईद-उल-फितर दुनिया भर के मुसलमानों के बीच आभार, खुशी और एकजुटता का अवसर है, क्योंकि इस दिन वे एक महीने तक चले उपवास और आध्यात्मिक चिंतन की यात्रा पूरी करते हैं। रमजान का गहरा अर्थ इसके बाहरी रीति-रिवाजों जैसे उपवास, प्रार्थना और सांसारिक इच्छाओं से दूर रहने से कहीं अधिक है।




रमजान एक गहन आध्यात्मिक यात्रा का प्रतिनिधित्व करता है, जो व्यक्तिगत विकास, आत्म-अनुशासन, सहानुभूति और अल्लाह (ईश्वर) के साथ निकटता को बढ़ावा देता है। रमजान आध्यात्मिक शुद्धि तथा हृदय और आत्मा की शुद्धि के लिए एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। इस महीने के दौरान उपवास करने से आत्म-अनुशासन, आत्म-नियंत्रण और प्रलोभन का विरोध करने की क्षमता मिलती है। भौतिक आवश्यकताओं से दूर रहकर, अपनी आध्यात्मिक चेतना को बढ़ाने और अल्लाह के साथ अपने संबंध को मजबूत करने का प्रयास करते हैं।

रमजान गहन आत्मनिरीक्षण करने, अपने कार्यों, इरादों और चरित्र की जांच करने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह आत्मचिंतन, पश्चाताप और पिछले अपराधों के लिए क्षमा मांगने का समय है। उपवास के माध्यम से, भूख और प्यास का अनुभव किया जाता हैं, तथा कम भाग्यशाली लोगों की दुर्दशा के बारे में गहरी समझ प्राप्त होती हैं।

इससे गरीबी और भूख से जूझ रहे लोगों के प्रति सहानुभूति और करुणा को बढ़ावा मिलता है। रमजान उदारता और दान के महत्व पर जोर देता है तथा लोगों को दयालुता, दान और साम. ुदायिक सेवा के कार्यों के माध्यम से जरूरतमंदों की सहायता करने के लिए प्रोत्साहित करता है। रमजान मुसलमानों को एकता, एकजुटता और भाईचारे की भावना से जोड़ता है। रोज़ा खोलने (इफ्तार) और सामूहिक रूप से नमाज़ अदा करने के सामुदायिक पहलू सामाजिक बंधन को मजबूत करते हैं और मुस्लिम समुदाय के भीतर अपनेपन की भावना का निर्माण करते हैं।

> **रमजान एक गहन आध्यात्मिक यात्रा का प्रतिनिधित्व करता है, जो व्यक्तिगत विकास, आत्म-अनुशासन, सहानुभूति और अल्लाह के साथ निकटता को बढ़ावा देता है रमजान आध्यात्मिक शुद्धि तथा हृदय और आत्मा की शुद्धि के लिए एक अनूठा अवसर प्रदान करता है, इस महीने के दौरान उपवास करने से आत्म-अनुशासन, आत्म-नियंत्रण और प्रलोभन का विरोध करने की क्षमता मिलती है, भौतिक आवश्यकताओं से दूर रहकर, अपनी आध्यात्मिक चेतना को बढ़ाने और अल्लाह के साथ अपने संबंध को मजबूत करने का प्रयास करते हैं**

पैगंबर मुहम्मद की शिक्षाएं और अभ्यास में रमजान के गुणों के बारे में बहुत ही स्पष्ट रूप से बताया गया है। कुरान और सुन्नत दोनों में रमजान के बारे में बहुत सारी अच्छी बातें कही गई हैं। एक हदीस में, पैगम्बर मुहम्मद ने कहा-जो कोई भी ईमान के साथ रमजान के दौरान उपवास रखता है और अल्लाह से अपना इनाम चाहता है, उसके पिछले पाप क्षमा कर दिए जाएंगे। (बुखारी और मुस्लिम द्वारा वर्णित) एक हदीस में, पैगम्बर मुहम्मद ने कहा-जब रमज़ान आता है, तो जन्नत के द्वार खोल दिए जाते हैं, जहन्नम के द्वार बंद कर दिए जाते हैं और शैतानों को जंजीरों में जकड़ दिया जाता है। (बुखारी और मुस्लिम द्वारा वर्णित) रमज़ान मुसलमानों को ज़रूरतमंदों के प्रति ज्यादा दानशील और उदार होने के लिए प्रोत्साहित करता है। पैगंबर मुहम्मद इस महीने के दौरान विशेष रूप से उदार होने के लिए जाने जाते हैं। इस्लाम की पवित्र पुस्तक कुरान में कई आयतें हैं जो रमज़ान का ज़िक्र करती हैं और इसके महत्व और पालन का मार्गदर्शन करती हैं।

सूरह अल-बक़रा (2-185) में, अल्लाह कहता है-रमज़ान का महीना वह है जिसमें कुरान लोगों के लिए मार्गदर्शन और मापदंड के स्पष्ट प्रमाण के रूप में अवतरित हुआ।

सूरा अल-बक़रा (2-187) में अल्लाह कहता है-और जब मेरे बन्दे तुमसे मेरे विषय में पूछेंगे तो निश्चय ही मैं निकट हूं। मैं प्रार्थना करने वाले की पुकार सुनता हूं, जब वह मुझे पुकारता है। इसलिए उन्हें चाहिए कि वे मेरी आज्ञा का पालन करें और मुझ पर ईमान लाएं, ताकि वे मार्ग पा सकें।

पवित्र कुरान की ये आयतें प्रकाश डालती हैं कि रमज़ान वह महीना है जिसमें कुरान अवतरित हुआ, जिसने मार्गदर्शन, स्पष्टता और सही तथा गलत के बीच अंतर करने का मानदंड प्रदान किया। रमज़ान के दौरान अल्लाह की अपने बन्दों के साथ निकटता पर प्रकाश डालती है, तथा यह दर्शाती है कि इस महीने के दौरान ईमानदारी से की गई प्रार्थनाएं और इबादत क्षमा और मार्गदर्शन की ओर ले जाती हैं। संक्षेप में, रमजान का अर्थ केवल भोजन और पेय से परहेज करना नहीं है, यह आत्म-खोज, आध्यात्मिक विकास और भक्ति की एक परिवर्तनकारी यात्रा है।

**( लेखक दैनिक युरेशिया के पत्रकार है )**



# रमजान में बॉडी हाईड्रेटेड और एनर्जिटक रहने के लिए बेस्ट हैं ये सहरी फूड

रमज़ान में रोजा, प्रार्थना और आत्म-चिंतन का समय है। इस बार रमज़ान 2 मार्च की शाम को शुरू होगा और रविवार 30 मार्च को ईद-उल-फितर के हर्षोल्लासपूर्ण उत्सव के साथ समाप्त होगा। इस पवित्र अवधि के दौरान, मुसलमान सूर्योदय से सूर्यास्त तक उपवास रखते हैं, इस दौरान सेहत और ऊर्जा के स्तर को बनाए रखने के लिए सेहरी (सुबह का भोजन) और इफ्तार (शाम का भोजन) महत्वपूर्ण हो जाता है। इस दौरान खुद को हाइड्रेटेड और ऊर्जावान बनाने के लिए सेहरी के लिए इन फूड्स का सेवन करें।

### हाइड्रेटिंग फूड और पेय का सेवन करें

- **पानी:** उपवास शुरू होने से पहले कम से कम दो गिलास पानी पिएं। आवश्यक मिनरल्स की पूर्ति के लिए गुलाबी नमक और नींबू जैसे इलेक्ट्रोलाइट्स मिलाएं
- **नारियल पानी:** एक प्राकृतिक इलेक्ट्रोलाइट बूस्टर जो हाइड्रेशन स्तर को बनाए रखने में मदद करता है
- **हाइड्रेटिंग फल:** तरबूज, संतरा, खीरा और जामुन तरल पदार्थ और आवश्यक विटामिन प्रदान करते हैं
- **दही:** आंत के स्वास्थ्य के लिए हाइड्रेशन और प्रोबायोटिक्स का एक बड़ा स्रोत। अतिरिक्त लाभ के लिए इसे फलों या मेवों के साथ मिलाएं

### एनर्जी के लिए प्रोटीन युक्त फूड्स का सेवन

- **साबुत अनाज:** परिष्कृत अनाज के बजाय साबुत गेहूं की रोटी, ब्राउन चावल, क्विनोआ, जई या बाजरा का विकल्प चुनें
- **दलिया:** एक फाइबर युक्त भोजन जो धीमी गति से ऊर्जा जारी करता है। अतिरिक्त पोषण के लिए मेवे और बीज मिलाएं
- **साबुत गेहूं की ब्रेड या रैप्स:** अंडे या पीनट बटर जैसे प्रोटीन स्रोतों के साथ मिलाएं

### हेल्दी फैट्स का सेवन करें

- **मेवे और बीज:** बादाम, अखरोट, चिया बीज और अलसी के बीज स्वस्थ वसा और फाइबर प्रदान करते हैं।
- **एवोकाडो:** अच्छे फैट्स और आवश्यक पोषक तत्वों का एक बड़ा स्रोत
- **जैतून का तेल और घी:** निरंतर ऊर्जा के लिए खाना पकाने में इनका उपयोग करें

### बेहतर पाचन के लिए फाइबर युक्त फूड

- **अंकुरित अनाज और उबले चने:** प्रोटीन और फाइबर से भरपूर, आपको लंबे समय तक भरा रखने के लिए बिल्कुल सही
- **छिलके वाले फल:** सेब, नाशपाती और खजूर फाइबर सेवन के लिए सबसे अच्छे विकल्प हैं



***डिस्क्लेमर: इस लेख के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं, इन सुझावों और जानकारी को किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफेशनल की सलाह के तौर पर न लें, किसी भी बीमारी के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें***

# इबादत का महीना 'रमजान' शुरू, खुल जाते हैं जन्नत के दरवाजे



**नसीम सैफी**

मुसलमानों का पाक महीना रमजान इस साल 2 मार्च से शुरू हो रहा है। इस महीने में मुसलमान 30 रोजे रखते हैं और ज्यादातर वक्त अल्लाह की इबादत में गुजारते हैं। आखिर रमजान माह में रोजे क्यों रखे जाते हैं और इनका क्या महत्व है, जानिए पूरी डिटेल जिस तरह से ईस्वी कैलेंडर में 12 माह होते हैं उसी तरह से इस्लामिक कैलेंडर में भी 12 महीने होते हैं। जिसकी शुरुआत मुहर्रम माह से होती है और खात्मा जिलहिज्जा से होता है। इन महीनों में से एक महीना रमजान का भी है, जिसके बारे में सभी लोग जानते हैं की रमजान में इस्लाम धर्म के लोग अपनी इबादतों में इजाफा करते हैं और रमजान के रोजे रखते हैं। रमजान में इस दौरान दुनिया भर के मुसलमान 29, या 30 रोजे रखते हैं।

**हर दुआ होती है कबूल**

इस्लाम को मानने वाले लोग रमजान के दौरान सुबह सहरी करते हैं और फिर पूरे दिन रोजे रखने के बाद शाम को अपना रोजा खोलते हैं। रोजेदार इफ्तार की शुरुआत खजूर से करते हैं, इसके पीछे धार्मिक के साथ-साथ वैज्ञानिक कारण भी हैं। इस्लाम में खजूर को सुन्नत माना गया है और यह पैगंबर हजरत मुहम्मद का पसंदीदा फल था। पैगंबर मुहम्मद खजूर खाकर ही रोजा खोलते थे। इसलिए आज भी रोजेदार खजूर खाकर ही रोजा खोलते हैं। रमजान के महीने को 3 बराबर हिस्सों में बांटकर गिना जाता है। हर हिस्से में दस-दस दिन गिने जाते हैं। हर दस दिन के हिस्से को 'अशरा' कहकर संबोधित किया जाता है, जिसका मतलब अरबी भाषा में 10 होता है।

### रोजा गुनाह से तौबा की एक ट्रेनिंग

रोजे का मकसद (उद्देश्य) रोजे का मकसद खुद अल्लाह रब्बुल इज्जत ने कुरआन पाक में फरमाया है कि, ताकि तुम लोगों के अंदर तकवा (अल्लाह के आद. ेश का पालन, और जिन बातों से मना किया गया है उसे छोड़ना) पैदा हो जाए, ताकि तुम नेक बन जाओ और जब इंसान के अंदर तकवा आ जाता है तो उसके लिए कुरआन कहता है की तीन फायदे उसको मिलते है, अल्लाह उसके लिए आसानी पैदा कर देता है, जो व्यक्ति रोजा रखता है, तकवा जिसके दिल के अंदर आता है और मुत्तकि बनता है उसको अल्लाह अपने खजाना ए गैब से बेशुमार दौलत अता फरमाता है, और उसकी जरूरत पूरी हो जाती है। तकवे का फायदा ये है की अल्लाह उसके लिए मामलात को आसान कर देता है, उसके मसाइल आसान कर देता है, जो काम दूसरे लोगों के लिए भारी होते हैं मुश्किल होते हैं वो एक रोजेदार के लिए मुत्तकी के लिए तकवे वालों के लिए आसान हो जाते हैं।

इसी तरह से तीसरा फायदा यह है कि, जो शख्स तकवा इख्तियार करता है तो अल्लाह उसके गुनाहों को मिटा देता है और उसको सवाब मिलता है। ये तकवा असल है और रोजा एक ट्रेनिंग भी है, रोजे के जरिए एक ट्रेनिंग दी जाती है, वो इस बात की होती है की बंदा भूखा प्यासा होता है। हालांकि उसके पास पानी मौजूद है, जिसे कमरे के अंदर कोई देखने वाला नहीं है, इसके बावजूद भी बंदा एक घूट पानी नहीं पीता वो इसलिए क्योंकि अल्लाह उसको देख रहा है, ये कैफियत उसके दिल में होती है, की अल्लाह देख रहा है इसलिए वो पानी नहीं पीता। इस तरह पूरे महीने उसको ट्रेनिंग दी जाती है कि अल्लाह देख रहा है, अब जब वो तैयार हो जाता है तो जब वो बाहर की दुनिया में जाता है समाज के अंदर अगर में झूठ बोलूंगा तो अल्लाह मुझे देख रहा है, किसी को परेशान करूंगा अल्लाह मुझे देख रहा है। इन तमाम बुराइयों से बचा जाए इसकी ट्रेनिंग ए रोजा है।

### रोजे रखने के बेशुमार फायदे

आखीरत और दुनियावी जिंदगी में होने वाले फायदे के बारे में भी बताया और कहा की रोजा रखकर भूखे और प्यासे रहने से इंसान के जिस्म को भी फायदा पहुंचता है, और उसके शरीर के सभी पार्ट्स रिफ्रेश हो जाते है, जिससे बंदे को एक अलग ही ताजगी महसूस होने लगती है। रमजान का नया चांद दिखाई देने के बाद ही रमजान की शुरुआत होती है।

### इन बातों का रखें ध्यान

- रोजे के दौरान नमाज जरूर पढ़ना चाहिए
- इस दौरान ज्यादा से ज्यादा लोगों की मदद करनी चाहिए और अल्लाह की इबादत करनी चाहिए
- यह इबादत और अल्लाह के करीब जाने का पाक महीना है, ऐसे में कोशिश करें कि इस पूरे महीने आपसे किसी भी शख्स को नुकसान न पहुंचे
- इस दौरान तरावीह और तहज्जुद की नमाज भी पढ़नी चाहिए
- जकात और सदका खूब देना चाहिए



> **इस्लाम को मानने वाले लोग रमजान के दौरान सुबह सहरी करते हैं और फिर पूरे दिन रोजा रखने के बाद शाम को अपना रोजा खोलते हैं, रोजेदार इफ्तार की शुरुआत खजूर से करते हैं**

> **इस्लाम में खजूर को सुन्नत माना गया है और पैगंबर हजरत मुहम्मद का पसंदीदा फल था, पैगंबर मुहम्मद खजूर खाकर ही रोजा खोलते थे, इसलिए आज भी रोजेदार खजूर खाकर ही रोजा खोलते हैं**

# सहरी या इफ्तार पार्टी के लिए घर पर बनाएं चिकन समोसा

## जानें जायकेदार डिश बनाने का तरीका

**रमजान** को इस्लामिक कैलेंडर का 9वां महीना कहा जाता है। रमजान के दौरान मुसलमान सुबह से शाम तक खाने-पीने से परहेज करते हुए रोजा रखते हैं। रोजे में सबसे ज्यादा जरुरी सहरी और इफ्तार है। आपको बता दें कि, सहरी वह भोजन है, जो सूरज निकलने से पहले फज्र की नमाज पढ़ने से पहले किया जाता है और इफ्तार वह भोजन है, डो सूरज डूबने के बाद मगारिब की नमाज के समय रोजा खोलने के लिए किया जाता है। ऐसे में आप भी इफ्तारी या फिर सहरी के लिए घर में बना सकते हैं जायकेदार चिकन समोसा।

### चिकन समोसा बनाने के लिए सामग्री...

- **12-15 समोसा पट्टी**
- **दो चम्मच पानी**
- **एक बड़ा चम्मच तेल तलने के लिए**
- **तीन-चार लहसुन की कलियां बारीक कटी हुई**
- **एक/चार कप प्याज बारीक कटा हुआ**
- **तीन बड़े चम्मच बारीक कटी हुई हरी शिमला मिर्च**
- **150 ग्राम चिकन कीमा**
- **नमक स्वादानुसार**
- **एक/दो चम्मच सूखा अजवाइन**
- **एक/चार चम्मच सफेद मिर्च पाउडर**
- **एक बड़ा चम्मच नींबू का रस**
- **एक/चार कप पनीर कद्दूकस किया हुआ**

### चिकन समोसा बनाने का तरीका...

चिकन समोसा बनाने के लिए सबसे पहले आप एक पैन में 1 बड़ा चम्मच तेल गर्म करें, उसमें लहसुन डालकर कुछ देर भून लें। इसके बाद पैन में प्याज डालकर उसे हल्का गुलाबी होने तक भून लीजिए। फिर पैन में शिमला मिर्च और चिकन कीमा डालकर एक मिनट तक भूनें, अब इसमें नमक, अजवायन, सफेद मिर्च पाउडर और नींबू का रस डाल दें। जब चिकन पक जाए तो उसे ठंडा कर लें। चिकन ठंडा होने के बाद इसमें कसा हुआ डालकर अच्छे से मिलाएं। अब पैदा को गूंथ लें। फिर समोसा पट्टी में एक बड़ा चम्मच भरावन रखकर उसे मोड़ते हुए सामोसा का आकार दें।

# अमेरिका ने जेलेंस्की को दिया नकार, ब्रिटेन बना मददगार



## फ्लोरिडा रिसोर्ट के ऊपर से गुजरे 3 एयरक्राफ्ट, एफ-16 ने खदेड़ा



### ट्रम्प की सुरक्षा में सेंध

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की सुरक्षा में सेंध का मामला सामने आया है। दरअसल, तीन सिविलियन फ्लाइट ने कथित तौर पर फ्लोरिडा में ट्रम्प के मार-ए-लागो रिसार्ट के ऊपर हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया। इसके बाद नार्थ अमेरिकी एयरोस्पेस डिफेंस कमांड NORAD ने तीन फाइटर जेट भेजे। इसके बाद उन विमानों को हवाई क्षेत्र से बाहर निकाला गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मार-ए-लागो रिसार्ट के ऊपर हवाई क्षेत्र का उल्लंघन स्थानीय समय के मुताबिक, सुबह 11:05 बजे, दोपहर 12:10 बजे और 12:50 बजे हुआ। स्थानीय वेबसाइट 'पाम बीच पोस्ट' के मुताबिक, पिछले महीने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प जब मार-ए-लागो रिसोर्ट आए थे, तब उनकी इस यात्रा के दौरान तीन बार हवाई क्षेत्र का उल्लंघन हुआ। 15 फरवरी को दो बार हवाई क्षेत्र का उल्लंघन हुआ और 17 फरवरी को राष्ट्रपति दिवस पर एक बार इस क्षेत्र का उल्लंघन हुआ। ये तीनों विमान हवाई क्षेत्र में क्यों घुसे थे, इसकी वजह फिलहाल सामने नहीं आई है। डेली मेल की रिपोर्ट में कहा गया है कि ये तीनों एयरक्राफ्ट सिविलयन विमान थे। एक के बाद एक एयरक्राफ्ट के हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने के बाद नार्थ अमेरिकी एयरोस्पेस डिफेंस कमांड को प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र में F-16 लड़ाकू विमानों को तैनात करना पड़ा। रिपोर्ट में ए भी सामने आया है कि नागरिक विमानों को प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र से बाहर करने के लिए लड़ाकू विमानों ने फ्लेयर्स का उपयोग किया था।

लड़ाकू विमानों ने फ्लेयर्स का इस्तेमाल किया। हवाई क्षेत्र उल्लंघन में फ्लेयर्स का उपयोग इसलिए किया जाता है क्योंकि इससे जमीन पर मौजूद लोगों के लिए कोई खतरा पैदा नहीं होता और हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने वाले पायलट को भी इससे बाहर होने का इशारा मिल जाता है। आयरिश स्टार की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि एफ-16 जेट विमानों ने जब उन सिविलियन विमान को हवाई क्षेत्र से बाहर कर दिया, उसके बाद ट्रम्प अपने रिसार्ट पहुंचे।

## यूक्रेन को अरबों डॉलर की मदद, मिलकर हथियार करेंगे तैयार

**लंदन।** यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने लंदन में अपनी बैठक के दौरान ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

उन्होंने इस मुलाकात को सार्थक और गर्मजोशी भरा बताया। दोनों नेताओं ने यूक्रेन और यूरोप के सामने आने वाली चुनौतियों, अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के साथ कोआर्डिनेशन और मजबूत सुरक्षा गारंटी के साथ न्यायपूर्ण शांति हासिल करने के प्रयासों के बारे में बात की। एक्स पर एक पोस्ट में, जेलेंस्की ने लिखा, प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ एक सार्थक और गर्मजोशी भरी बैठक की। हमारी बातचीत के दौरान, हमने यूक्रेन और पूरे यूरोप के सामने आने वाली चुनौतियों, भागीदारों के साथ कोआर्डिनेशन, यूक्रेन की स्थिति को मजबूत करने के लिए ठोस कदम और मजबूत सुरक्षा गारंटी के साथ न्यायपूर्ण शांति के साथ युद्ध को खत्म करने पर चर्चा की। बैठक के हिस्से के रूप में, यूक्रेन और यूके ने यूक्रेन की रक्षा क्षमताओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक कर्ज समझौते पर हस्ताक्षर किए।

उन्होंने एक्स पर कहा कि आज हमारी उपस्थिति में, यूक्रेन और यूनाइटेड किंगडम ने एक कर्ज समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह पैसा यूक्रेन की रक्षा क्षमताओं को बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि इस पैसे को यूक्रेन में हथियार उत्पादन के लिए खर्च किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सच्चा न्याय है, जिसने युद्ध शुरू किया है उसे भुगतान करना होगा। उन्होंने यूके सरकार का आभार जताते हुए कहा कि मैं यूनाइटेड किंगडम के लोगों और सरकार को इस युद्ध की शुरुआत से ही उनके जबरदस्त समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। हम ऐसे रणनीतिक साझेदार पाकर खुश हैं। हम सभी के लिए एक सुरक्षित भविष्य कैसा होना चाहिए, इसका एक ही नजरिया रखते हैं। स्टार्मर के कार्यालय ने पहले रविवार यानी आज यूरोपीय नेताओं के शिखर सम्मेलन से पहले जेलेंस्की के साथ उनकी बैठक की पुष्टि की। यह चर्चा यूक्रेन में न्यायपूर्ण और स्थाई शांति सुनिश्चित करने के लिए समर्थन बढ़ाने पर केंद्रित होगी। रविवार के शिखर सम्मेलन में यूरोप की तरफ से रक्षा सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता पर भी चर्चा होने की उम्मीद है, इस आशंका के बीच कि क्या अमेरिका यूक्रेन या नाटो को समर्थन देना जारी रखेगा।

### 2.84 बिलियन डॉलर का दोनों देशों के बीच हुआ रक्षा समझौता

## अब ट्रम्प प्रशासन जेलेंस्की से चाहता है सार्वजनिक माफी



**मॉस्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का प्रशासन व्हाइट हाउस में एक बैठक के दौरान हुए विवाद के बाद उक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की से सार्वजनिक माफी चाहता है। ब्लूमबर्ग ने एक अज्ञात यूरोपीय अधिकारी के हवाले से यह खबर दी है। वॉशिंगटन में शुक्रवार को ट्रम्प और जेलेंस्की के बीच मुलाकात हुई और बाद में यह तकरार में बदल गई। फॉक्स न्यूज के अनुसार बैठक में दोनों देशों के राष्ट्रपतियों के बीच तीखी नोकझोंक हुई थी, जिसमें ट्रम्प ने जेलेंस्की पर आरोप लगाया था कि वह रूस के साथ शांति वार्ता में सहयोग नही कर रहे हैं। इस पर यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा था कि यूक्रेन को रूस के साथ शांति वार्ता में सहयोग करने के लिए मजबूर नही किया जा सकता। मीडिया की रिपोर्ट में कहा गया, ट्रम्प ने गरमा-गरम बहस के बाद जेलेंस्की को ष्बाहर निकाल दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने जेलेंस्की के रवैए से अपमानित महसूस किया था।इसके बाद दोनों देशों के बीच दुर्लभ पृथ्वी धातुओं पर एक समझौते पर हस्ताक्षर रद्द कर दिया गया। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सीएनएन के साथ एक साक्षात्कार में यूक्रेन के राष्ट्रपति से ट्रम्प के साथ अपनी बैठक के बाद माफी मांगने का आग्रह किया है। विदेश मंत्री का बयान दोनों राष्ट्रपतियों के बीच व्हाइट हाउस में हुई बैठक के बाद आया है, जिसमें दोनों नेताओं के बीच तीखी नोकझोंक हुई थी। विदेश मंत्री ने कहा कि जेलेंस्की को अपने व्यवहार के लिए माफी मांगनी चाहिए, जिसने बैठक को फियास्को में बदल दिया। ट्रम्प यूक्रेन और रूस के बीच शांति वार्ता को बढ़ावा देना चाहते हैं।

## इजरायल ने रोकी गाजा की मानवीय सहायता



### युद्ध विराम समझौते के पहले चरण के पूरा होने के बाद दूसरे चरण पर सहमति नहीं बनी

**तेल अवीव/गाजा।** इजरायल ने गाजा पट्टी में सभी तरह की मानवीय मदद का प्रवेश रोक दिया है। इजरायल युद्ध विराम समझौते के पहले चरण के पूरा होने के बाद और दूसरे चरण पर सहमति नहीं बनने के बाद संघर्ष विराम से पीछे हट गया है। इससे पहले इजरायल ने ऐलान किया था कि उसने अमेरिका का वो प्रस्ताव मान लिया, जिसमें कुछ बंधकों के बदले, रमजान तक संघर्ष विराम बढ़ाने की बात कही गई थी। इजरायल के मदद एंट्री बंद करने से गाजा वासियों की जिंदगी फिर से संकट में आ गई है। क्योंकि 15 महीनों से जारी इजरायली हमलों से गाजा में लगभग सब तबाह हो गया है और वह मूलभूत सुविधाओं के लिए भी बाहरी मदद पर निर्भर हैं। रमजान का महीना शुरू हो चुका है और इस खास मौके गाजा वासियों को दवाएं, खाना और पानी पहुंचाने के लिए एकमात्र रास्ता बाहरी मदद ही है, जो इजरायल की इजाजत के बिना आना बेहद मुश्किल है।

हमास ने रविवार को नेतन्याहू के मदद रोकने बर बया जारी करते हुए कहा, गाजा पट्टी में मानवीय सहायता रोकने का नेतन्याहू का फैसला ब्लैकमेल का एक घटिया कदम है, एक युद्ध अपराध है और युद्ध विराम और कैदी विनिमय का साफ उल्लंघन है। इसके अलावा हमास ने मध्यस्थों और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वे इजरायल सरकार पर 2 मिलियन से ज्यादा लोगों के खिलाफ दंडात्मक और अनैतिक उपायों को रोकने के लिए दबाव डालें। हमास ने कहा है कि पहले चरण को बढ़ाने को लेकर नेतन्याहू का बयान समझौते से बचने और दूसरे चरण के बात. चीत से भागने की एक साफ कोशिश है। हमास ने युद्ध विराम समझौते के दूसरे चरण को लागू करने पर जोर दिया।

### हमास ने इजरायली-अर्जेंटीना बंधक का नया वीडियो किया जारी

**यरूशलम।** हमास ने शनिवार को इजरायली-अर्जेंटीनी बंधक एतान हॉर्न का एक वीडियो जारी किया, जिसे सात अक्टूबर 2023 को अगवा किया गया था और तब से उसे गाजा पट्टी में बंधक बनाकर रखा गया है। वीडियो में 38 वर्षीय एतान को अपने बड़े भाई इयार से अलग होते दिखाया गया है, जिसे पहले अगवा किया गया था लेकिन गाजा युद्धविराम समझौते के शुरुआती 42 दिनों के तहत दो सप्ताह पहले रिहा कर दिया गया था। फुटेज में बंधक सगुई डेकेल-चेन भी दिख रहा है, जिसे इयार के साथ रिहा किया गया था, जबकि दो अन्य बंधकों के चेहरे धुंधले हैं।

### ट्रम्प-जेलेंस्की की वार्ता

## बदल जाएगा यूरोप की राजनीति का घटनाक्रम

**नई दिल्ली।** जो हालात मौजूदा समय में अमेरिका और यूक्रेन के मध्य हुए हैं और जो घटनाक्रम 1 मार्च को हुआ है इससे कहीं ना कहीं यूरोप की राजनीति में बड़ी उथल-पुथल होने की संभावना बढ़ गई है। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की व्हाइट हाउस में हुई मुलाकात विवादों में है। ऐसे में अमेरिका के खिलाफ जिस तरह से युरोपीय देश खड़े होने लगे हैं कहीं ना कहीं बड़े विश्व राजनीतिक घटनाक्रम की और इशारा करता है।

**यूरोप के पास हैं कई विकल्प**

यूरोप के पास कई ऐसे विकल्प हैं जो महत्वपूर्ण हो सकते हैं। अगर ऐसे में यूक्रेन की अमेरिका मदद नहीं करता है तो क्या यूरोप अपनी सेना भेज सकता है? अधिकारियों का मानना है कि रूस को रोकने के लिए नाटो के 1 से 2 लाख सैनिकों की जरूरत पड़ सकती है।

**एयर डिफेंस सिस्टम आ सकते हैं काम**

अगर हम अमेरिका के मुकाबले यूरोपीय देशों की ताकत की बात करें तो यूरोप के पास अमेरिका जैसी उन्नत मिसाइलें, एयर डिफेंस सिस्टम और जासूसी की तकनीक नहीं हैं। लेकिन यूरोप के नेता यूक्रेन के साथ एकजुटता दिखा रहे हैं। वॉशिंगटन में हुए इस घटनाक्रम के बाद यूरोप फिर से जेलेंस्की को समर्थन देने के बयान जारी कर दिया है।

**स्ट्रैटजिक स्टडीज की रिपोर्ट**

अगर हम इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ स्ट्रैटजिक स्टडीज की रिपोर्ट की बात करें तो रूस ने अपना रक्षा बजट में 41 फीसदी की बढ़ोतरी की है। अब यह रूस की जीडीपी का 6।7 फीसदी है। अगर अन्य तथ्यों की बात करें तो ब्रिटेन ने 2027 तक इसे केवल 2।5 फीसदी करने का वादा किया है।

**यूरोपीय देशों के सामने है बड़ी चुनौती**

ट्रंप और जेलेंस्की के इस घटनाक्रम के बाद से ही यूरोपीय देशों के सामने एक बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। अगर अमेरिका पीछे हटता है, तो क्या वे रूस को रोक सकते पाएंगे? जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन जैसे देश यूक्रेन को मदद का भरोसा दे रहे हैं, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि उनकी सैन्य ताकत अभी भी रूस के मुकाबले काफी कम है।

**सामने आई जर्मनी और नॉर्वे के प्रधानमंत्री की प्रक्रिया**

जर्मनी के नेता योहान वेडेफुल ने ट्रंप के रवैए पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा, ष्व्हाइट हाउस में जो हुआ वह चौंकाने वाला है। एक आक्रमण झेल रहे देश के राष्ट्रपति को इस तरह अपमानित करना ठीक नहीं। आजाद यूरोप यूक्रेन को धोखा नहीं देगा। नॉर्वे के प्रधानमंत्री योनास स्टोरे ने ट्रंप की टिप्पणी को गैरजिम्मेदाराना बताया। चेक गणराज्य के राष्ट्रपति पेत्र पावेल ने कहा, हम यूक्रेन के साथ पहले से भी ज्यादा मजबूती से खड़े हैं। यूरोप को अब अपनी भूमिका निभानी होगी।

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108